कुर्यात् सदा मंगलम्!!

उत्तर भारत का प्रमुख दैनिक

उत्तम हिन्दू

वर्ष 8 » अंक 154 » पृष्ठ 12
दिल्ली-हरियाणा संस्करण
दिल्ली » वीरवार » 6 जून 2019
24 ज्येष्ठ » विक्रमी सम्वत् 2076

जालंधर व दिल्ली से प्रकाशित ₹ 2

मुम्बई

सलमान खान ने बॉडीगार्ड को जड़ा थप्पड़

ईद के मौके पर अभिनेता सलमान खान की फिल्म भारत देशभर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। वहीं दूसरी तरफ फिल्म के लिए रखे गए स्पेशल प्रीमियर प्रोग्राम के दौरान सलमान खान इतने गुस्से में आ गए कि उन्होंने अपने बॉडीगार्ड को सभी के सामने थप्पड़ जड़ दिया।

एक नजर

लापता एएन-32 विमान के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी रहा

ईटानगर। खराब मौसम के बावजूद, भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान एएन-32 के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी रहा। विमान में 13 लोग सवार थे, जो अरुणाचल प्रदेश जाने के क्रम में लापता हो गया था। बुधवार को, वायुसेना ने रूसी मूल के परिवहन विमान की तलाश के लिए एसयू-30 जेट लड़ाकू विमान, सी130 जे, एमआई17 और एएलएच हेलीकॉप्टरों को लगाया।

जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा : ममता

कोलकाता। देशभर में आज ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया। उधर, ईद के मौके पर अल्पसंख्यकों को मुबारकबाद देते हुए ममता बनर्जी ने फिर से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लिया। ममता बनर्जी ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है और जो भी उनसे टकराएगा, वह चूर-चूर हो जाएगा।

यूडीआईएन अब ऑडिट रपटों के लिए अनिवार्य

नई दिल्ली। द इस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने एक जुलाई से ऑडिट रपटों पर यूनिक डॉक्यूमेंट आइडेंटिफिकेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य बना दिया है। यह घोषणा आईसीएआई परिषद द्वारा 17-18, 2018 को की गई बैठक में लिए गए फैसले के बाद की गई। आईसीएआई ने अधिसूचना में कहा, 'सदस्यों को यह जानकारी दी जाती है कि परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार यूडीआईएन को अनिवार्य किया जाता है।'

वर्ल्ड कप के 8वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। साउथैम्पटन के रोज बाउल स्टेडियम पर चले इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 227 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया के 2 विकेट जल्दी ही गिर गए। अंतिम समाचार मिलने तक 18वें ओवर में भारतीय टीम ने 66 रन बना लिए थे।

नीट 2019 : राजस्थान के नलिन बने टॉपर

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

मेडिकल के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट)-2019 के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए गए,

■ शीर्ष-6 स्थानों पर लड़कों का कब्जा

जिसमें लड़कों ने लड़कियों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया और पहले छह स्थानों पर लड़कों ने कब्जा जमाया। राजस्थान के नलिन खंडेलवाल ने परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया। खंडेलवाल ने 720 में से 701 नंबर प्राप्त किया। यह परीक्षा मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाती है। दिल्ली शेष पेज 9 »

दरबार साहिब पर सैन्य कार्रवाई

✍ इरविन

35 वर्ष पूर्व दरबार साहिब पर हुई सैन्य कार्रवाई 'ऑप्रेशन ब्लू स्टार' को लेकर अमृतसर के तत्कालीन जिलाधीश रमेश इंद्र सिंह ने अपनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि दरबार साहिब में फौज भेजने के लिए किसी भी कागज पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। कुछ लोग ख्याली कहानियां बनाकर उनके खिलाफ गलत प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि सच्चाई सामने लाने के लिए 'ट्रुथ और रिकांसिलेशन कमीशन' की स्थापना की जाए। इसमें उच्चस्तर के जज लिए जाएं और सभी लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाए। रमेश इंद्र सिंह ने कहा कि फौज बुलाने का फैसला तत्कालीन केंद्र सरकार का था और इसके बारे में जो चिट्ठी लिखवाई गई थी, वो उस समय के पंजाब के गवर्नर बी.डी. पांडे के कहने पर गृह सचिव अमरीक सिंह पुन्नी ने लिखी थी। चिट्ठी लिखने के समय पंजाब के तत्कालीक चीफ सैक्रेटरी के.डी. वासुदेव भी हाजिर थे। रमेश इंद्र ने कहा कि जो बातें उन्होंने कही हैं वे जल्द ही उनको तथ्यों के आधार पर किताब के रूप में पेश करेंगे। रमेश इंद्र सिंह ने कहा कि उस समय की केंद्र सरकार के पास 'ब्लू स्टार' के कई और भी विकल्प थे। 'ब्लू स्टार आप्रेशन' करने की कोई जरूरत नहीं थी। कोई और तरीके भी अपनाए जा सकते थे। रमेश इंद्र ने कहा कि धनोया ने अपनी किताब में इस बात का जिक्र किया है कि फौज केंद्र सरकार के कहने पर ही आई थी, क्योंकि उस समय पंजाब में डिस्टर्बड एरिया एक्ट लगा हुआ था। इस एक्ट के अधीन फौज, बीएसएफ, पुलिस और पैरामिल्ट्री फोर्सिस को किसी की जगह की तलाशी लेने और वहां दाखिल होने का पूरा अधिकार प्राप्त था। रमेश इंद्र सिंह के अनुसार दरबार साहिब के अलावा 35 और गुरुद्वारों में फौजी कार्रवाई हुई थी, लेकिन इस कार्रवाई के लिए किसी भी डिप्टी कमिश्नर से कोई इजाजत नहीं ली गई थी। उन्होंने कहा कि वह 3 जून को अमृतसर पहुंच गए थे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही सुबह वहां कर्फ्यू लगा हुआ था और फौज भी वहां आ चुकी थी। उसी शाम फौजी अफसर कुलदीप सिंह बराड़ ने सभी अफसरों की मीटिंग बुलाई जिसमें उन्होंने सिर्फ कहा कि वे आतंकवादियों का खात्मा करने आए हैं, लेकिन कुलदीप सिंह बराड़ ने दरबार साहिब के अंदर फौज द्वारा किसी किस्म की कार्रवाई करने का मीटिंग में कोई जिक्र नहीं किया। रमेश इंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें बाद में पता लगा कि फौज के अफसरों में भी ऑप्रेशन के बारे में मतभेद थे। शेष पेज 4 पर »

कश्मीर में आतंकवादियों ने ईद मना रहे लोगों पर गोलियां चलाईं

एक की मौत, श्रीनगर में नमाज के बाद सुरक्षाबलों पर पथराव

पुलवामा/उत्तम हिन्दू न्यूज़

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बुधवार सुबह ईद के दिन आतंकियों ने एक घर में घुसकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस हमले में एक महिला की

■ प्रदर्शनकारियों के हाथों में आईएस के झंडे थे

मौत हो गई, जबकि एक युवक को भी गोली लगी। उसकी हालत नाजुक है। दूसरी तरफ श्रीनगर में ईद की नमाज के बाद कुछ लोग सड़कों पर उतर आए। उनके हाथों में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) और जाकिर मूसा के पोस्टर थे। उपद्रवियों ने सुरक्षबलों पर पथराव भी किया। पुलिस के मुताबिक, आतंकी पुलवामा के जिस घर में घुसे वहां लोग ईद का जश्न मना रहे थे। इससे पहले कि वे कुछ कर पाते आतंकी गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए। मृतक महिला का नाम नगीना जां बताया गया। सुरक्षाबलों ने घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश शुरू कर दी। नगीना के पति शेष पेज 9 »

सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी करते हुए युवक।

योग जीवन का है अभिन्न हिस्सा : मोदी

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

मोदी ने बुधवार को यह अपील करते हुए कहा, '21 जून को हम योग दिवस मनायेंगे। मेरी लोगों से अपील है कि वह योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनायें और योग के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।' प्रधानमंत्री ने योग करने के असीम लाभ बताते हुए अपने ट्विटर पर 'त्रिकोणासन' का एक वीडियो भी अपलोड किया है। गौरतलब है कि मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान योग के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाए थे जिसके परिणामस्वरूप शेष पेज 9 »

पंजाब में जल्द होगा मंत्रियों के विभागों का फेरबदल

चंडीगढ़/प्रेम विज

लोकसभा चुनाव के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने सभी मंत्रियों और विधायकों को चेतावनी दी थी कि यदि उनके विधानसभा क्षेत्र में अच्छे नतीजे नहीं आये तो उनके ऊपर कार्यवाई हो सकती है। इसी दौरान स्थानीय निकाय मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने मुख्यमंत्री के विरुद्ध बयानबाजी शुरू कर दी थी। जिसका मुख्यमंत्री के साथ अनेक मंत्रियों ने विरोध किया था। इसी के अंतर्गत मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को न जीता पाने वाले मंत्रियों और विधायकों के विरुद्ध कार्यवाई का मन बना लिया है। जानकारी के मुताबिक इसके अंतर्गत कुछ मंत्रियों के विभागों को बदला जा रहा है। इसमें प्रमुख रूप से नवजोत सिंह सिद्धू हैं। नवजोत सिंह सिद्धू का विभाग बदलने की घोषणा मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के साथ ही कर दी थी। माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री केवल इस बात का इंतजार कर रहे थे कि सिद्धू का विभाग बदलने को लेकर पार्टी हाईकमान की तरफ से क्या प्रतिक्रिया आती है। हालांकि, कांग्रेस की नीति के अनुसार मंत्रियों के विभाग बदलने का अधिकार मुख्यमंत्री के पास ही होता है। पंजाब के छह कैबिनेट मंत्रियों मनप्रीत बादल, नवजोत सिंह सिद्धू, विजय इंदर सिंगला, सुंदर शाम अरोड़ा, अरुणा चौधरी और राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी के हलके में कांग्रेस के प्रत्याशी को लीड नहीं मिली थी। माना जा रहा है कि मु यमंत्री इसमें से कुछ मंत्रियों के विभाग जल्द बदल सकते हैं।

नौसेना ने किया पनडुब्बी बचाव का परीक्षण

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

भारतीय नौसेना ने डीप सबमरीन सेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) का परीक्षण किया और पानी के अंदर ही कर्मियों को पनडुब्बी से स्थानांतरित कर दिया। डीएसआरवी और किलो दर्जे की पनडुब्बी आईएनएस सिंधुराज के बीच सजीव अंतर्सम्बंध परीक्षण दो जून को पूर्वी तट पर हुआ। इस दौरान आईएनएस सिंधुराज संकटग्रस्त जहाज की तरह पीछे चल रहा था। पानी के अंदर ही सिंधुराज से कर्मियों को डीएसआरवी में लाया गया और उन्हें सुरक्षित जमीन पर लाया गया। भारतीय नौसेना ने महासागर की गहराई में कर्मियों का स्थानांतरण करने की नई क्षमता हासिल की है। इससे पनडुब्बी संबंधित आपातकाल से निपटने में सहायता मिलेगी। नौसेना ने कहा कि पूरी प्रक्रिया भारतीय शेष पेज 9 »

18 महीने में शुरू होगा राम मंदिर का निर्माण : विहिप

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए अभियान में सबसे आगे रहे विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए इस महीने के आखिर में अपने शीर्ष नेताओं की बैठक बुलाई। विहिप का दावा है कि इस परियोजना पर डेढ़ साल में काम शुरू हो जाएगा। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने स्पष्ट किया कि उनका संगठन राम मंदिर निर्माण पर 'अनिश्चितकाल तक' इंतजार नहीं करेगा और संगठन ने राजग सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले महीने के भीतर ही नरेंद्र मोदी सरकार को उनके वादे के बारे में 'याद दिलाने' का फैसला किया शेष पेज 9 »

जरूरी नहीं, हर प्रयोग सफल हो : अखिलेश

लखनऊ/उत्तम हिन्दू न्यूज़

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि जरूरी नहीं कि हर प्रयोग सफल हो। उन्होंने कहा कि एक इंजीनियरिंग का छात्र होने के नाते उन्होंने यह प्रयोग (सपा-बसपा-रालोद गठबंधन) किया था। अखिलेश आज यहां ऐशबाग स्थित ईदगाह पर लोगों को मुबारकबाद देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, 'जब आप कुछ नया करते हैं तो भले ही सफलता न मिले, लेकिन काफी कुछ सीखने को मिलता है। यह जरूरी नहीं कि हर प्रयोग सफल हो।' गठबंधन टूटने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'मायावती जी के लिए जो बात मैंने पहले दिन कही थी कि उनका सम्मान हमारा शेष पेज 9 »

विश्व बैंक की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

तीन सालों तक दुनिया का सबसे तेज तरक्की करने वाला देश रहेगा भारत

वॉशिंगटन/उत्तम हिन्दू न्यूज़

भारत आने वाले समय में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा। यह दावा विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में किया गया। इसके अनुसार, बेहतर निवेश तथा निजी खपत के दम पर अगले तीन साल तक भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.50 प्रतिशत रह सकती है, जो पूरी दुनिया में सर्वाधिक होगी। विश्व बैंक की यह अहम रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) के आंकड़े सामने आने के बाद नरेंद्र शेष पेज 9 »

पाकिस्तानी सेना ने रक्षा बजट में कटौती करने की घोषणा की

इस्लामाबाद/उत्तम हिन्दू न्यूज़

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना के रक्षा बजट में कटौती करने के फैसले का स्वागत किया। खान ने ट्वीट कर बताया कि आर्थिक संकट के मद्देनजर सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के तहत सेना अगले वित्तीय वर्ष के लिए अपने रक्षा बजट में कटौती करने पर सहमत हो गयी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि कई सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद शेष पेज 9 »



उत्तम हिन्दू

news@uttamhindu.com

facebook.com/uttamhindu

twitter.com/dailyuttamhindu

...तो पंजाब मरूस्थल बन जाएगा : अमरिंदर

चंडीगढ़/प्रेम विज

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि हमारी अपनी करनी से पर्यावरण प्रदूषित तथा जल संकट गहराता जा रहा है ऐसे में पंजाब अगले बीस साल में मरूस्थल बन जायेगा।

उन्होंने आज पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण को प्रदूषण से बचायेंगे तो खुद भी स्वस्थ रहेंगे अन्यथा आने वाले समय में प्रदूषण भयावह बीमारियां लेकर आ रहा है। समय पर जागने की जरूरत है ।

उन्होंने लोगों से भूमिगत पानी के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील करते हुये कहा कि पंजाब में भूमिगत जल काफी नीचे चला गया है जो चिंता का विषय है। अगले बीस सालों में पंजाब के मरूस्थल बनने की रिपोर्टों का जिक्र करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली तथा पानी के कारण इसकी बर्बादी हुई है तथा किसानों को अपनी जिम्मेवारी का अहसास करने की जरूरत है। अमृतसर के हवाई सफर का अपना तजुर्बा साझा करते हुये उन्होंने कहा कि ब्यास नदी का पानी तो साफ दिखाई दिया लेकिन दूसरी ओर सतलुज नदी का पानी गंदा था जिसका पानी शहरों तथा कस्बों और औद्योगिक प्रदूषण के कारण गंदला हुआ है । उन्होंने कहा कि चाहे पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड नदियों के पानी को साफ बनाये रखने के भरसक प्रयास कर रहा है लेकिन लोगों को भी इस बारे में सोचना होगा । मुख्यमंत्री ने प्रदेश को पर्यावरण से बचाने के लिये जामुन तथा आम जैसे पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सड़कों के दोनों किनारे सफेदे के पौधे लगाने पर रोक लगाने के आदेश जारी किये। पर्यावरण के हल के लिये सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर विचार करने की आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नीतियां बनाकर लागू कर सकती है लेकिन अमलीजामा पहनाना हर नागरिक का भी कर्तव्य है । उद्योगों को पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिये बने नियमों की सख्ती से पालना करनी जरूरी है । उन्होंने इस अवसर पर श्री गुरु नानक देव का स्मरण करते हुये कहा कि पर्यावरण की रक्षा के बारे में तो गुरु साहिब ने भी लोगों को संदेश दिया जिस पर सभी को गौर करने की जरूरत है। उन्होंने इस वर्ष के अंत तक बुढे नाले की सफाई का प्रोजेक्ट आरंभ करने का भी ऐलान करते हुये कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये हरेक व्यक्ति की जिम्मेवारी बनती है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भी सफेदे के पौधे लगाने पर पाबंदी लगाई थी। मुख्यमंत्री ने फसल बदलीकरण की जरूरत पर बल देते हुये कहा कि माछीवाडा में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र लगाया जा रहा है । पानी की स्थिति बदतर होती जा रही है । ग्लेशियर पिघल रहे हैं , जंगलात का रकबा घटता जा रहा है तथा हवा प्रदूषण बढ़ता जा रहा है जिसके कारण स्थिति को काबू करना समय की मांग है।

पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करते हुए सीएम कै. अमरेन्द्र सिंह।

पर्यावरण संरक्षण बने राजनीतिक मुद्दा : राहुल

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पर्यावरण प्रदूषण पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह गंभीर संकट है और इसको महत्व देने के लिए इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना आवश्यक है। गांधी ने बुधवार को पर्यावरण दिवस पर एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस संकट को राजनीतिक मुद्दा बनाया जाना आवश्यक है ताकि इसे उतना महत्व मिल सके जितना सही में इसे मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पर्यावरण संकट से निपटने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए हैं जिसका लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान से निपटने के लिए सरकार की तरफ से युद्ध स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई है जिसके कारण लाखों भारतीयों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और कई लोग मारे भी जा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

कि शोहरत और धन की लालसा में इंसान ने प्रकृति का जिस कदर विनाश किया है, पहले कभी इतना नहीं हुआ। प्रकृति को नुकसान पहुंचाकर हम गहरे संकट में पहुंच चुके हैं और यदि समय रहते संभले नहीं तो फिर ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां से लौटना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो दर्शाते हैं कि इंसान के कारण पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान हुआ है और खासकर पिछले सौ साल के दौरान उसने प्रकृति को बहुत क्षति पहुंचाई है। ग्लोबल वार्मिंग कल्पित कथा नहीं है बल्कि यह वास्तविकता है। भारत के प्रदूषित शहरों में लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही और यह भी कल्पना नहीं है, यह सच्चाई है।

विजयसाईं बने वाईएसआर कांग्रेस के संसदीय दल के नेता

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने पार्टी के राज्यसभा सांसद वी. विजयसाईं रेड्डी को संसदीय दल का नेता नियुक्त किया। पार्टी की तरफ से बुधवार को यह जानकारी दी गई। रेड्डी ने लोकसभा सांसद मिथुन रेड्डी को लोकसभा में दल का नेता नियुक्त किया और राजमुद्रे सीट से सांसद एम भारत पार्टी के मुख्य सचेतक बनाए गए। पार्टी ने हाल में संपन्न राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल की।

आडवाणी और कई केन्द्रीय मंत्री ईद समारोह में हुए शामिल

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों ने पार्टी के नेताओं की ओर से आयोजित ईद समारोहों में हिस्सा लिया और लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी तथा कई केन्द्रीय मंत्री पार्टी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की ओर से उनके आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए । अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के आवास पर आयोजित ईद मिलन समारोह में अनेक केन्द्रीय मंत्रियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर , कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद , रेल मंत्री पीयूष गोयल, मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल ने नकवी और हुसैन की ओर से आयोजित ईद मिलन समारोह में हिस्सा लिया। पशुपालन ,डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री संजीव बालयान , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ,राज्य मंत्री वी के सिंह और अनुराग ठाकुर ने भी दानों समारोहों में जाकर अपनी शुभकामनाएं दीं। राजधानी में सुबह से ही ईद उल फितर को लेकर विशेष चहल पहल रही। नकवी ने सुबह कश्मीरी गेट के निकट दरगाह पंजा शरीफ में नमाज अता की और देश में शांति, समृद्धि और सौहार्द के लिए दुआ मांगी।

सभी धर्मों का सम्मान नहीं करने वाला धार्मिक नहीं हो सकता : नीतीश

पटना/उत्तम हिन्दू न्यूज

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि जो सभी धर्मों का सम्मान नहीं करता है वह धार्मिक नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री कुमार ने यहां गांधी मैदान में नमाज अता करने आये लोगों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी और बिना किसी का नाम लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'जो अपने धर्म के सम्मान की बात करता है और दूसरे धर्म की नहीं, वह धार्मिक नहीं अधार्मिक है। हमें सभी धर्म के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहिए।' कुमार ने कहा कि समाज में एक-दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल होता है। यह बंद होना चाहिए। सबको एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए। यही धर्म है। चाहे आप किसी भी धर्म को

अपनाइए। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का यही उपदेश और संदेश है कि प्रेम से अपना काम करिए और दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखिए। इसके अलावा कोई यदि इधर-उधर सोचता है तो समझ लीजिए वह धार्मिक व्यक्ति नहीं है। धर्म में उसकी आस्था नहीं। वह धर्म को बदनाम करना चाहता है। वह सब लोगों से प्रार्थना करते हैं कि प्रेम और सद्भावना बनाए रखें।

रोजगार के लिए रक्षा क्षेत्र में हो बिना शर्त विदेशी निवेश

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

देश में बड़ी संख्या में रोजगार देने के लिए रक्षा क्षेत्र में बिना किसी शर्त कम से कम 51 प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति दी जानी चाहिए ताकि आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यहाँ युवा वर्ग को नौकरियां दे सकें। एसोचैम ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके अलावा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ाने के लिए ऑफसेट प्रणाली को हटा देना चाहिए। इसके साथ ही कर प्रोत्साहन को भी मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि मझोले एवं लघु उद्योगों में नवाचार को बढ़ावा मिल सके। रिपोर्ट में वायु अंतरिक्ष प्रणाली को मजबूत करने का भी सुझाव दिया गया है क्योंकि अधिक करों से वह अपना व्यापार खो रहा है। रिपोर्ट में देश के विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण का कोर्स शुरू हो ताकि कौशल युक्त छात्रों को वायु अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार मिल सकें।

चार धाम परियोजना एक साल में होगी पूरी : गडकरी

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तराखंड में चार धाम को जोड़ने वाली 'ऑल वेदर' सड़क परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसका निर्माण कार्य एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। गडकरी ने लगातार दूसरी बार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि उत्तराखंड में हर मौसम में चारों धाम-गंगोत्री, यमुनोतरी, बदरीनाथ तथा केदानाथ धाम को जोड़ने वाली ऑल वेदर-वे परियोजना का काम लगातार चल रहा है। इस परियोजना के तहत सड़कों को यातायात को अवरुद्ध किए बिना चौड़ा किया जा रहा है और काफी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर काम पूरा होने के बाद

उत्तराखंड में कई जगह हर पल बदलने वाले मौसम की परवाह किए बिना पूरे साल कभी भी चार धामों की यात्रा की जा सकेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा उत्तराखंड में औली को ज्यादा विकसित करने के लिए वहां बड़े स्तर पर ढांचागत सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है क्योंकि औली में प्रकृति ने जो खूबसूरती परोसी है, वह असाधारण है और इस वजह से औली भारत का डाबोस बन सकता है।

नमाज अदा कर रहे लोगों को कार ने कुचला, 17 घायल

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

ईद के मौके पर बुधवार को यहां एक तेज रफ्तार कार ने नमाज अदा कर रहे लोगों को कुचल दिया जिसमें 17 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा पूर्व दिल्ली के खुरेजी इलाके में स्थित एक मस्जिद में हुआ। इसके तुरंत बाद ही इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

पुलिस उपायुक्त (शहादरा) मेघना यादव ने कहा, 'अब तक 17 लोगों को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया और हमने आरोपी ड्राईवर का पता भी लगा लिया। हम उसे गिरफ्तार करेंगे।' इस तरह सुरक्षा की चूक, खासकर ईद के मौके पर कैसे हुई, इसकी छानबीन जारी है।

किसान चाहते हैं मोदी सरकार से फसल का उचित मूल्य

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

देश में आर्थिक और अन्य समस्याओं का सामना कर रहे अधिकांश किसान नयी मोदी सरकार से अपनी फसल की उचित मूल्य मिलने की आस लगाये बैठें हैं।

किसानों की अपेक्षा सरकार से अपने उत्पादों के बाजार में उचित मूल्य मिलने को लेकर है। कृषि लागत घटाने और सिंचाई संसाधन बढ़ाने में उनकी कम दिलचस्पी है। किसान फसल ऋण व्यवस्था और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार चाहते हैं। किसान नेटवर्क ऐप ने हाल ही में इस संबंध में एक सर्वेक्षण किया है जिसमें यह खुलासा हुआ इस सर्वेक्षण में कृषकों से पहली मोदी सरकार की योजनाओं और नयी सरकार से उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछा गया था। इस सर्वेक्षण में कुल मिलाकर 4300 कृषक शामिल हुये। इसमें भाग लेने वाले ज़्यादातर किसान पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों के हैं। इसमें शामिल किसानों में से 52.6 प्रतिशत अपनी फसल की उचित कीमत दिलाये जाने पर जोर दिया है जबकि 17.1 प्रतिशत किसानों ने सिंचाई संसाधनों में बढोतरी किये जाने की जरूरत बतायी। करीब 10 प्रतिशत किसानों ने फसलों के पैदावार बढ़ाने के लिए अच्छे बीज, खाद और कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। 8.7 प्रतिशत किसानों ने कृषि ऋण और फसल बीमा योजना में सुधार किये जाने की आवश्यकता बतायी जबकि मात्र 8.2 प्रतिशत ने कृषि लागत में कमी लाने के उपाय किये जाने की वकालत की। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में कृषि क्षेत्र के लिए किये गये कार्यों के संबंध में पूछे जाने पर इसमें शामिल किसानों में से मात्र 20 फीसदी ने ही 10 में से 10 अंक दिये जबकि 30.6 प्रतिशत ने सरकार को 8 से 10 अंक दिये। इसमें से 26.7 प्रतिशत किसानों ने सरकार को 5 से 7 अंक दिये जबकि 36.22 प्रतिशत ने शून्य से चार अंक दिये।

पिछली सरकार की योजनाओं को लेकर पूछे गये सवालों में से नीम कोटेड यूरिया को आवश्यक बनाये जाने का 42.3 प्रतिशत किसान ने समर्थन किया। हर वर्ष छह हजार रुपये दिये जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को 39.3 प्रतिशत कृषकों ने बेहतर बताया जबकि 35 प्रतिशत ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सराहना की।

सपा, बसपा का गठबंधन टूटना दुखद : राजद

हाजीपुर/उत्तम हिन्दू न्यूज

बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच गठबंधन टूटने को दुखद बताते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को पहले देश के बारे में सोचना चाहिए। राजद उपाध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह ने यहां बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हटाने के लिए सभी भाजपा विरोधी राजनीति दलों को एकसाथ आना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा का गठबंधन टूटने को दुखद बताते हुए कहा, 'सपा और बसपा का अलग होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन लोगों को पहले देश के विषय में सोचना चाहिए। पहले भी ये दोनों दल राज्य को देखते थे, अब खुद को देख रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों को अपने निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए और कांग्रेस को भी गठबंधन में शामिल करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इस लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा साथ में चुनाव मैदान में उतरी थीं, परंतु उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

भारत, पाकिस्तान को नया अध्याय शुरू करना चाहिए : मीरवाइज उमर

श्रीनगर/उत्तम हिन्दू न्यूज

वरिष्ठ अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने बुधवार को भारत व पाकिस्तान से एक नया अध्याय शुरू करने का आग्रह किया और मोदी सरकार से कहा कि कश्मीर मुद्दे को 'एक शांतिपूर्ण व राजनीतिक समाधान की जरूरत है।'

पुराने शहर के नौहट्टा इलाके में यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में ईद के तकरीर में मीरवाइज उमर ने कहा, 'हम भारत की नई राजनीतिक सत्ता को याद दिलाना चाहते हैं कि कश्मीर मुद्दा एक वास्तविकता है, जिससे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा, 'इसे एक शांतिपूर्ण व राजनीतिक समाधान की जरूरत है। हम दोनों देशों के बीच

शांतिपूर्ण संवाद के समर्थन व मदद के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'हम मौजूदा सेना के हमारे युवाओं के खिलाफ रुख को रोके जाने की मांग करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना करता हूं कि आज की ईद भारत, पाकिस्तान व कश्मीर के लोगों के लिए शांति, दोस्ती, कल्याण व समृद्धि का संदेश लाए।'

उन्होंने कहा, 'हम प्रार्थना करते हैं कि भारत व पाकिस्तान के लोग अतीत की कड़वाहट व अविश्वास को भुलाकर आज एक नया अध्याय शुरू करें।' उन्होंने कहा, 'जम्मू एवं कश्मीर के लोग व उनका नेतृत्व चाहता है कि हम दोनों देशों के बीच दोस्ती का पुल बनें।' उन्होंने कहा, 'हम मांग करते हैं और उम्मीद करते हैं कि सभी सीबीएमएस जैसे श्रीनगर-मुजफ्फराबाद व्यापार, लोगों के बीच संपर्क, जिसे रोका गया है, उन्हें बहाल किया जाए।'

आज का इतिहास

नई दिल्ली : भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं :

1520 – फ्रांस और इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड संधि पर हस्ताक्षर किये।
1556 – सिखों के गुरु श्री हरगोविंद सिंह जी का जन्म।
1674 – छत्रपति शिवाजी महाराज (शिवाजी राजे भोसले) का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक।
1808 – नेपोलियन बोनापार्ट के भाई जोसफ को स्पेन का राजा बनाया गया।
1882 – न्यूयॉर्क के हेनरी डब्ल्यू सिले ने इलेक्ट्रिक आयरन का पेटेंट लिया।
1916 –अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया गया।
1919 –फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1926 – मिस्र में एडली पाशा के नेतृत्व में सरकार बनी।
1929 –प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक सुनील दत्त का जन्म।
1944 –नाजी सेना के फायरिंग दस्ते ने 96 कैदियों की हत्या की।
1966 –अमेरिका के मिसिसिपी विश्वविद्यालय में रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले अश्वेत मानवाधिकार कार्यकर्ता, जेम्स मेरिडिथ पर एक व्यक्ति ने गोलियां चलाईं।
1967 – इजरायल की सेना ने गाजा पर कब्जा किया।
1972 – अमेरिका ने उत्तरी वियतनाम के हेफोंग पर बमबारी की, जिसमें हजारों लोग मारे गये।
1975 –दक्षिणी वियतनाम में अस्थाई क्रांतिकारी सरकार का गठन।
1981 –बिहार की बाघमती नदी में एक ट्रेन गिर गई जिससे उसमें सवार 1000 लोगों में से क़रीब 800 की मौत हो गई।
1994 –वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा ने एजबेस्टन में वारविकशायर के खिलाफ मैच में प्रथम श्रेणी इतिहास की सर्वाधिक 501 रन की पारी खेली।
1997 –बैंकॉक में भारत, बंगलादेश, श्रीलंका एवं थाईलैंड ने बिमस्टेक नामक आर्थिक सहयोग समूह का गठन किया।
2004 –अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगल का निधन।

केरल निपाह : 5 लोगों को अलग रखा गया, 311 निगरानी में

कोच्चि/उत्तम हिन्दू न्यूज

केरल की स्वास्थ्य मंत्री के.के. शैलजा ने बुधवार को कहा कि निपाह वायरस का इलाज करा रहे युवक की हालत स्थिर है। उन्होंने साथ ही कहा कि जिन तीन नर्सों ने उसका इलाज किया था, उन्हें तथा एक अन्य व्यक्ति को सबसे अलग रखा गया।

यहां के पास कलमसेरी हॉस्पिटल के एक वार्ड में युवक का इलाज जारी है। शैलजा ने कहा, 'कुल 311 लोगों का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है और चार को छोड़कर शेष सभी की स्वास्थ्य विशेषज्ञ उनके घरों में ही देखरेख कर रहे हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इन 311 में से कितने लोग निपाह वायरस से पीड़ित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आए थे।' शैलजा ने कहा, 'अलग किए गए पांच लोगों के नमूने विभिन्न प्रयोगशालाओं में भेज दिए गए और उनकी जांच रिपोर्ट कल (गुरुवार) या उसके अगले दिन आ सकती है। प्राथमिक जांच में इन पांच लोगों में से कोई भी गंभीर अवस्था में नहीं पाया गया, लेकिन हम अंतिम परिणाम आने तक इंतजार करेंगे।' युवक की जांच रिपोर्ट मंगलवार को आ गई थी जिसमें वह निपाह पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में व्यापक अभियान छेड़ा हुआ है। लोगों से ना घबराने के लिए कहा गया है लेकिन बुखार बढ़ने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लेने के लिए कहा गया। शैलजा ने कहा कि केंद्र की एक पेशेवर टीम पहले से ही यहां मौजूद है और उनका मुख्य काम निपाह वायरस के स्रोत की पहचान करना है।

मोदी 2.0 में वाजपेयी सरकार के सिर्फ 4 मंत्री

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

नई केंद्र सरकार के जिन 24 कैबिनेट मंत्रियों को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पिछले दिनों शपथ दिलाई है, उनमें से केवल चार मंत्री ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग)-1 में शामिल थे। इससे मोदी सरकार पर अटल-आडवाणी की छाप में कमी का संकेत मिलता है। राजनाथ सिंह, रविशंकर प्रसाद, मुख्तार अब्बास नकवी और प्रहलाद पटेल मोदी 2.0 में शामिल होने वाले ऐसे मंत्री हैं, जो वाजपेयी की अगुवाई वाली सरकार में मंत्री थे। अरुण जेटली ने स्वास्थ्य कारणों से मंत्रिमंडल से बाहर रहने का फैसला किया। राजग-1 के कई मंत्री - उमा भारती, मेनका गांधी, जुआल ओरम और विजय गोयल, जो 2014 में टीम मोदी में शामिल थे, उन्हें इस बार मंत्री नहीं बनाया गया। यह एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देता है।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में

गृहमंत्री रहे राजनाथ सिंह को मोदी 2.0 में रक्षामंत्री बनाया गया। वह वाजपेयी के नेतृत्व में 1999 में परिवहन मंत्री बने थे और बाद में कृषि व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री बने थे। उन्होंने इस दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) की शुरुआत की थी। मौजूदा मोदी सरकार में एकमात्र मुस्लिम चेहरा मुख्तार अब्बास नकवी वाजपेयी की सरकार में सूचना व प्रसारण मंत्री थे। नकवी को मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य राज्यमंत्री बनाया गया था। 2019 में उन्हें फिर से मोदी सरकार में शामिल किया गया और उनका अल्पसंख्यक मंत्रालय बरकरार है। शत्रुघ्न सिन्हा को पटना साहिब सीट से हराने वाले रविशंकर प्रसाद ने न केवल कानून-न्याय और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय बरकरार रखा, बल्कि उन्हें संचार मंत्रालय का भी प्रभार सौंपा गया। वाजपेयी के सरकार में भी, उन्होंने सूचना व प्रसारण मंत्री के अलावा कानून एवं न्याय मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। मोदी सरकार में शामिल किए गए अन्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने भी अटल-आडवाणी सरकार में काम किया था। 15 वर्षों के अंतराल के बाद, उन्हें गुरुवार को मोदी सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शामिल किया गया। वह नए संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं। पटेल वाजपेयी सरकार में कोयला राज्यमंत्री थे।

तेल के घटे दाम का लाभ लोगों को नहीं मिला : कांग्रेस

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम एक सप्ताह में 13 प्रतिशत से ज्यादा गिरे हैं लेकिन सरकार देश की जनता को उसका फायदा देने में असफल रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीपसिंह सुरजेवाला ने बुधवार को ट्वीट किया, 'पिछले सात दिन में कच्चे तेल के भाव 13.65 फीसदी गिरे हैं लेकिन पेट्रोल-डीज़ल के दाम महज 0.90 प्रतिशत ही घटे हैं। ऐसा क्यों? भाजपा सरकार कच्चे तेल के दामों में गिरावट का फ़ायदा लोगों तक पहुँचाने में नाकाम रही है।' उन्होंने तुकबंदी के जरिए सरकार पर हमला किया और कहा कि लोगों को उम्मीद है कि वह पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम घटाकर उन्हें राहत दी जायेगी।

विस चुनाव में भाजपा को मिलेगा दो-तिहाई बहुमत : मनोहर लाल

कहा, हार से परेशान विपक्षी नेता बौखलाहट में अमर्यादित भाषा बोलने लगे

हिसार/विजय शर्मा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर हरियाणा में फिर से सरकार बनाएगी।

श्री खट्टर ने यहां पुराना राजकीय महाविद्यालय मैदान में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के दोबारा सत्ता में लौटने के इस कार्य में सबसे बड़ी भूमिका पार्टी कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख निभाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश और प्रदेश में मिली अभूतपूर्व जीत का पूरा श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए मुख्यमंत्री ने उनसे अक्तूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया।

» सीएम खट्टर ने पुष्पवर्षा से किया भाजपा पन्ना प्रमुखों का अभिनंदन

श्री खट्टर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों ने खून-पसीने से राजनीतिक जमीन को सिंचित किया जिससे हरियाणा में सभी 10 स्थानों पर पार्टी को जीत मिली। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कार्यकर्ताओं को एंपलीफायर बताते हुए कहा कि उनके बिना पार्टी की बात जनता तक पहुंचानी संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में मिली हार से विपक्ष की परेशानियां बढ़ गई हैं और उनके नेता बौखलाहट में अमर्यादित भाषा बोलने लगे हैं। उन्होंने कहा लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संयम से काम लेना है।

उन्होंने कहा कि पहले चुनाव में रोटी कपड़ा और मकान का नारा चलता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच साल में बहुत हद तक इन जरूरतों की पूर्ति कर दी है। उन्होंने कहा कि 2022 तक हर परिवार को छत देने का वादा भी पूरा हो जाएगा।

कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल। साथ हैं कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

अब 24 घंटे बिजली, नई सड़कें और स्वच्छ पानी जनता को उपलब्ध करवाना मुख्य एजेंडा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश का कोई गांव ऐसा नहीं रहा जहां 15 घंटे से कम बिजली आती हो। सैकड़ों गांवों को तो 24 घंटे बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश के सभी गांवों को 24 घंटे बिजली देने का स्वप्न पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार जिन गांवों में स्वच्छ पेयजल पहुंचने में कमी रह गई है, वहां भी जल्द यह कार्य पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र नामदेव द्वारा पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर तैयार किया गया गीत सुनाया गया जिसकी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी काफी सराहना की और अपने स्वैच्छिक कोष से गीत तैयार करने वाली टीम को 21 हजार रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता है तो सब कुछ मुमकिन है। जिस प्रकार कहा जाता है कि दाने-दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम, उसी प्रकार मैं कहता हूं कि पन्ने-पन्ने पर लिखा है इतिहास बनाने वाले का नाम। उन्होंने कहा कि चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी अंधेरा बाकी है। हरियाणा के वित्त एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भारत की 130 करोड़ जनता ने लोकसभा चुनाव में भाषा, क्षेत्र, जाति आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र विकास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट दिए। लोकसभा चुनाव में हर प्रकार के भेदभाव को छोडक़र नरेन्द्र मोदी के नाम पर पूरा राष्ट्र एक होता हुए दिखाई दिया। कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर देशवासियों ने देश की कमान अगले 5 साल के लिए सुरक्षित हाथों में सौंप दी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान व आभार के इस महान कार्यक्रम का हिस्सा बनकर आज मैं बहुत गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे लिए यह पहला चुनाव था लेकिन हिसार की जनता ने जो प्रेम व समर्थन मुझे दिया उसके आगे मैं नतमस्तक हूं। कार्यकर्ता सम्मान समारोह को राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, हिसार नगर निगम के मेयर गौतम सरदाना, हरियाणा मिट्टी कला बोर्ड के चेयरमैन कर्णसिंह रानोलिया ने भी संबोधित किया। समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, हरियाणा वेयरहाऊसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, ज्योति बैंदा, सोनाली फोगाट, रमेश यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल, भाजपा जिला महामंत्री सुजीत कुमार व कृष्ण सरसाना सहित जिलाभर से आए पन्ना प्रमुखों, बूथ इंचार्ज, शक्ति केंद्र पालकों व अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

हिरासत में मौत

फरीदकोट विधायक के घर के बाहर धरना

फरीदकोट/कंधारी

पंजाब के फरीदकोट में पुलिस लॉकअप में एक युवक की 19 मई को मौत के प्रकरण में प्रदर्शनकारियों ने आज स्थानीय विधायक के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन 22 वर्षीय जसपाल सिंह के परिजनों और उसके नाम बनी कृति समिति ने किया। वैसे फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर यह युवक के परिजन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पिछले कई दिनों से ही धरने पर हैं। भारतीय किसान यूनियन एकता उग्रहां के महासचवि सुखदेव सिंह कोकरी ने बताया कि किसान भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कृति समिति के अनुसार विभिन्न छात्र संघों के सदस्य भी प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों की मांग जसपाल सिंह का शव परिवार को सौंपने और उसकी मौत के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की गिरफ्तारी है। आरोप है कि जसपाल सिंह की लाश सीआईए पुलिस ने कहीं ठिकाने लगा दी है। इसी प्रकरण में पुलिस उप निरीक्षक नरिंदर सिंह ने उसी दिन खुदकुशी कर ली थी। विशेष जांच टीम ने इस प्रकरण में दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। काफी प्रयासों के बावजूद पुलिस अभी तक जसपाल सिंह की लाश ढूंढ नहीं पाई है। समिति ने यह भी कहा कि फरीदकोट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना तब तक जारी रहेगा जब तक कि प्रकरण में इंसाफ नहीं मिल जायेगा।

नई दिल्ली स्थित जामा मस्जिद में ईद के मौके पर आपस में गले मिल ईद मुबारक का संदेश देते हुए बाल नमाजी। देशभर में आज ईद धूमधाम व श्रद्धाभाव से मनाई गई।

जेजेपी के चुनाव चिन्ह को बदलने पर बनी एक राय

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की दिल्ली में हुई बैठक में पार्टी का चुनाव निशान बदलने पर एक राय बन गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला ने विभिन्न जिलाध्यक्षों और प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के साथ दो सत्र में बैठकें की। प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विचार विमर्श और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र बुलाई गई इन बैठकों में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पार्टी नेताओं ने चुनाव निशान पर भी अपने विचार रखे और लगभग सभी ने कहा कि चप्पल का निशान इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन पर बहुत हल्का दिखाई दे रहा था और चप्पल की बाहरी लाइन तो लगभग गायब ही थी। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पार्टी के पास विधानसभा चुनाव के लिए अपना निशान बदलने का अवसर है इसलिए कोई ऐसा निशान लेने की कोशिश की जाए जिसकी छपाई और आम लोगों को उसे पहचानने में किसी तरह की दिक्कत न हो। सभी ने इस बारे में पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला को उचित कदम उठाने और पार्टी के लिए बेहतरीन चुनाव निशान मंजूर करवाने का प्रयास करने के लिए अधिकृत किया। इस बैठक में 9 जून को रोहतक में होने वाली पार्टी की प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बारे में भी चर्चा की गई और सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों से वहां अपने सुझाव रखने को कहा गया। इसके साथ ही जिन प्रकोष्ठों में पदाधिकारियों की नियुक्ति बकाया है, उन्हें 9 जून तक पूरा करने को कहा गया है। साथ ही सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपने प्रकोष्ठ की प्रगति रिपोर्ट भी तैयार करेंगे।

» अब 9 जून को रखा जाएगा सुझाव

पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से बातचीत करते दुष्यंत चौटाला।

पार्टी की असली परीक्षा अक्तूबर में : दुष्यंत

बैठक में पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी की असली परीक्षा अक्तूबर में है जब हरियाणा के लोग अगले 5 साल के लिए राज्य की सरकार को चुनेंगे। दुष्यंत ने कहा कि जेजेपी के गठन से लेकर अब तक हरियाणा के आम लोगों ने इस पार्टी को जबरदस्त प्यार दिया है और पार्टी की नीतियों को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 3 महीने बेहद महत्वपूर्ण हैं और इस दौरान पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को जी-जान लगा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 9 जून को प्रदेश स्तरीय बैठक में आगे का फ्रेमवर्क पार्टी के सामने रख दिया जाएगा और अक्तूबर तक एक-एक दिन पार्टी को और मजबूत किया जाएगा। दुष्यंत ने विश्वास जाहिर किया कि हरियाणा के लोग नई सोच वाली और हरियाणा को समर्पित जेजेपी को सेवा का अवसर जरूर देंगे।

औरैया में गौवंश के अवशेष मिलने से तनाव

औरैया/ शशिकांत तिवारी : उत्तर प्रदेश में औरैया के अछल्दा क्षेत्र में बुधवार को गौवंश के अवशेष मिलने से तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस ने बताया कि नगरिया गांव में शौच क्रिया को जा रहे एक ग्रामीण महेन्द्र सिंह को कथित रूप से एक खेत में गौवंश के अवशेष दिखायी पड़े। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गये और वहां आक्रोश एवं तनाव फैलने लगा। गांव के प्रकाश तिवारी, प्रेम सिंह, रितिक पोरवाल, अरविंद, शिवराम आदि ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में गोकशी का कारोबार काफी अर्से से चला आ रहा है। सूचना पर एडीएम विजय बहादुर सिंह, एएसपी कमलेश दीक्षित, एसडीएम रमापति, सीओ लालता प्रसाद, बिधूना कोतवाल सुधीर कुमार सिंह समेत अछल्दा, फफूंद आदि कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पहुंच गया था। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुये दोषियों का पता लगाकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। साथ ही गांव में कोई अप्रिय घटना न होने पाये इसलिए गांव में फोर्स ने पैदल मार्च भी किया। गम्भीर रूप से घायल बछड़े को उपचार के लिए पशुचिकित्सालय अछल्दा भिजवाया। अपर जिलाधिकारी विजय बहादुर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने गांव के लोगों से कहा कि यह शर्मनाक घटना है। इसके दोषी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिससे इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो सके। तभी ग्रामीणों का आक्रोश शान्त हुआ।

सड़क हादसे में सैनिक समेत दो की मौत

देवरिया/ शशिकांत तिवारी : उत्तर प्रदेश में देवरिया के लार क्षेत्र में बुधवार को रोडवेज बस और मोटरसाइकिल की भिड़न्त में सेना के जवान सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम मलकौली निवासी प्रदीप कुमार पाण्डेय(38) और अखिलेश पाण्डेय(42) सुबह किसी काम से मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि लार क्षेत्र में सहजौर चौराहे पर एक रोडवेज की अनुबंधित बस ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंद दिया। इस हादसे में मध्यप्रदेश के सागर जिले में सेना के सूबेदार पद पर तैनात प्रदीप कुमार पाण्डेय की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि अखिलेश ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला, ठेले व रेहड़ी वालों को मेन स्ट्रीम में लाने की तैयारी

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़ : मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का आगाज अलग अंदाज में करती दिख रही है। इस बार सरकार समाज के सबसे पिछड़े और निचले तबके के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाती दिख रही है। इसके तहत सरकार आर्थिक सर्वेक्षण (आर्थिक जनगणना) कराने का फैसला लिया गया है। इस बार इस आर्थिक सर्वेक्षण (आर्थिक जनगणना) में ठेले , रेहड़ी पर अपना रोजगार करने वाले भी मेनस्ट्रीम में शामिल होंगे। साथ ही, 27 करोड़ घरों और 7 करोड़ इसटेबिलशमेंट का आर्थिक सर्वेक्षण होगा। यह जून के आखिरी हफ्ते में शुरू होगा। इसके बाद 6 महीने में साफ हो जायेगा कि देश में रोजगार की स्थिति कैसी है। आपको बता दे कि वर्ष 2013 में आर्थिक जनगणना हुई है। हर 5 साल बाद देश भर में यह गणना होती है। पहले इस काम में परिषदीय स्कूलों अध्यापकों, आंगनबा ी कार्यकत्री, आशा आदि को लगाया जाता था। अबकी बार देश भर की आर्थिक जनगणना का काम सीएससी एजेंसी को दिया गया है। एजेंसी अपने जनसेवा केंद्र संचालकों यानी वीएलई के माध्यम से पूरा कराएगी। एसकोर्ट सिक्योरिटी के रिसर्च हेड आसिफ इकबाल ने बताया कि आर्थिक जनगणना में ठेले रेहड़ी वालों को शामिल करने से ये सभी लोग मेनस्ट्रीम में शामिल हो जाएंगे। इनको लेकर भी सरकार नए कानून बनाएगी। ऐसे में उनको आसानी से कर्ज मिलने समेत कई अधिकार मिलेंगे। आर्थिक जनगणना करने के लिए ग्रामीण और शहरी इलाकों में अलग-अलग गणनाकार लगाए जाएंगे। घर-घर जाकर आर्थिक आधार पर जनगणना का काम करने के लिए शहरी क्षेत्र में दस अर्द्धशहरी क्षेत्र में सात और ग्रामीण क्षेत्र में पांच गणनाकारों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। आर्थिक जनगणना के तहत काम ऑनलाइन किया जाएगा। पूरी गणना पेपरलेस होगी। मोबाइल या टैबलेट के माध्यम से जनगणना की जाएगी। सभी डिटेल मुखिया के समक्ष मोबाइल में ऑनलाइन अपलोड की जाएगी। सर्वे में शामिल गणनाकारों को मेहनताने के रूप में प्रति परिवार 15-20 रुपये दिए जाएंगे. अनुमान है कि सर्वे में देशभर के करीब 20 करोड़ परिवार गणना में शामिल होंगे। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

पंजाबी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राम बिलास से की मुलाकात

चंडीगढ़/मोहन अरविन्द : हरियाणा के शिक्षा मंत्री राम बिलास शर्मा से आज पंजाबी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री पी.के दास भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान पंजाबी टीचर्ज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री के सम्मुख विभिन्न मांगों को रखा, जिस पर शिक्षा मंत्री ने पंजाबी अध्यापकों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार, आज आरोही मॉडल स्कूल एसोसिएशन तथा जॉइनिंग का इंतज़ार कर रहे नवचयनित जेबीटी अध्यापकों ने भी शिक्षा मंत्री से भेंट कर अपनी मांगो को रख, जिस पर भी शिक्षा मंत्री ने जायज मांगो को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

कुदरती खेती प्रधान राज्य बनकर उभरेगा हिमाचल : देवव्रत

सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ पर बोले राज्यपाल

धर्मशाला/विजयेन्दर शर्मा

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों राज्य शीघ्र ही प्राकृतिक कृषि प्रदेश बनकर उभरेगा और दूसरे राज्यों के लिए भी एक आदर्श स्थापित करेगा। राज्यपाल बुधवार को चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। आचार्य देवव्रत ने कहा कि राज्य में पिछले तीन वर्ष पूर्व प्राकृतिक खेती को लेकर जो चर्चा आरम्भ हुई थी और जिसे मैंने अभियान के रूप में प्रदेश में आरम्भ किया था आज वह कृषि पद्धति फलीभूत होते नजर आ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि सरकार इस कार्यक्रम में पूरी रुचि लेते हुए इसे मिशन के रूप में लिया है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया तथा कहा कि इसे मिशन के रूप में अपनाकर कृषि क्षेत्र में यह पहाड़ी प्रदेश देश के लिए आदर्श स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारणों में 40 प्रतिशत वर्तमान कृषि पद्धति और कृषि उपकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं, जिससे फसल उत्पादन में किसी प्रकार की कमी नही आती बल्कि फसल की उत्पादन लागत लगभग शून्य हो जाती है और किसानों को उत्पादों के मूल्य भी अन्य उत्पादों से अधिक मिलते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती भाग्य बदलने वाली और जीवन मे खुशहाली लाने वाली खेती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसानों की आय को दोगुना किया जा सकता है। इससे पूर्व, कृषि मंत्री रामलाल मारकण्डा ने प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक कृषि पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अपने पहले बजट में ही इस कृषि के विस्तार के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया था। इसके पश्चात, प्रदेश भर में गत डेढ़ वर्षों से प्राकृतिक कृषि को लेकर अनेक शिविर और सम्मेलन आयोजित किए गए हैं ताकि किसानों को इसका पूर्ण लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 तक प्रदेश को प्राकृतिक कृषि राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा।

गंगा के साथ अन्य नदियों पर भी ध्यान देगी सरकार

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़

केंद्र की नई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अब नदी पुनरुत्थान व जलमार्गों के निर्माण के लिए देश के दक्षिणी और पश्चिमी इलाकों की नदियों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके पहले सत्तासीन गठजोड़ का ध्यान गंगा पर केंद्रित रहा है। इसके साथ ही भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) चाहता है कि मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में क्रीक सिस्टम को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाए, जिससे कि देश के सबसे व्यस्त बंदरगाहों में से एक, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट पर भीड़भाड़ कम किया जा सके। महाराष्ट्र में ठाणे, वाशी और मुंबई को जोडऩे के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग 53 का विकास बड़े शहरी परिवहन मॉडल का हिस्सा है। इस मॉडल के तहत नदियों की खुदाई कर उन्हें परिवहन योग्य बनाए जाने का लक्ष्य है, जिससे कि कार्गो जहाजों की आवाजाही का समय कम हो सके।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा इससे कंपनियों की माल ढुलाई की लागत कम होगी क्योंकि जहाजों की आवाजाही का वक्त कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी कंटेनराइज्ड कार्गो के लिए यह प्रस्ताव अहम है। परिवहन मॉडल की योजना में मुंबई में फेरी सेवा शुरू किया जाना भी शामिल है, जो न्यूयॉर्क के उपनगरीय क्षेत्रों को जोडऩे वाली स्टेटेन आइलैंड फेरी सर्विस की तर्ज पर होगी। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय जलमार्ग 53 की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है और इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। संसद के एक अधिनियम के माध्यम से नदियों में जलमार्ग का विकास जहाजरानी मंत्रालय के अंतर्गत आता है, जिसके लिए इस बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने अलग से जल शक्ति नाम से मंत्रालय का गठन किया है, जिसका काम नदियों का पुनरुत्थान और विकास होगा। इसके अलावा इस योजना के हिस्से के रूप में आंध्र प्रदेश की कृष्णा नदी पर राष्ट्रीय जलमार्ग 4 और ओडिशा में राष्ट्रीय जलमार्ग 5 विकसित किया जाना है। नवंबर 2018 में राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 पर पहले मल्टी मोडल टर्मिनल का उद्घाटन किया गया था। यह टर्मिनल जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट (जेएमवीपी) का हिस्ता है और इसकी लागत करीब 5,369 करोड़ रुपये आई है, जिसके लिए तकनीकी सहायता और निवेश समर्थन विश्व बैंक से मिला है। जलमार्ग पर्यावरण के अनुकूल और सस्ता है। इन परियोजनाओं के शुरू होने के बाद देश में ढुलाई की लागत में कमी आने और रोजगार के अवसर बढऩे की उम्मीद है। पहली राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजना के तहत झारखंड के साहिबगंज में टर्मिनल इस साल अगस्त में चालू होने की उम्मीद है इसके साथ ही फ्रेट विलेज और लॉजिस्टिक क्लस्टर भी जुड़े हैं। इस टर्मिनल पर 280 करोड़ रुपये लागत आने की उम्मीद है, जिसकी कार्गो हैंडलिंग क्षमता सालाना 22.4 लाख टन होगी। इसी तरह से पश्चिम बंगाल के हल्दिया में जून 2020 तक तीसरा टर्मिनल तैयार हो जाएगा। इस टर्मिनल पर 500 करोड़ रुपये लागत आने की संभावना है और इससे सालाना 31.8 लाख टन माल की ढुलाई हो सकेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग - 1 पर बड़े मल्टी मोडल ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क का काम पूरा होने से माल ढुलाई सेवाओं में मदद मिलने और कंपनियों की माल ढुलाई की लागत कम होने की उम्मीद है।

- साभार बिजनेस स्टैंडर्ड

संपादकीय

दरबार साहिब पर सैन्य कार्रवाई

पृष्ठ 1 का शेष

दिल्ली भाजपा के विधायक व दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि जहां तक मुझे पता है भिंडरांवाले के खिलाफ आरोपों के सिवाय कुछ नहीं है। वह और उनके समर्थक गुरुद्वारे पर हमले के खिलाफ लड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि 'ऑप्रेशन ब्लू स्टार' की जांच कराई जाए ताकि तथ्य सामने आ सकें जो आरोपों के तहत दब गए हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सिरसा ने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से 7 जून को मुलाकात करेगा और मांग करेगा कि जांच आयोग का गठन किया जाए। साथ ही उच्चतम न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) 'ऑप्रेशन ब्लू स्टार' की गहन जांच करे। सिरसा ने कहा कि ऑप्रेशन में कई निर्दोष लोग मारे गए थे। राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए यह पूर्व नियोजित था। पत्रकारों द्वारा पूछे सवाल कि आप जरनैल सिंह भिंडरांवाले को आतंकवादी नहीं मानते, उन्होंने कहा कि भिंडरावाले पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं था, वह सिख कौम पर हो रहे कथित अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद कर रहे थे न कि कोई आतंकवाद फैला रहे थे। सिरसा ने कहा कि देश का अगर कोई भी सबसे बड़ा आतंकवादी है तो वह हैं सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, कमलनाथ व कई अन्य लोग जिन्होंने 1984 में निहत्थे और बेगुनाह सिखों का बेरहमी से कत्ल किया। उल्लेखनीय है कि सिरसा ने 2017 में भाजपा की टिकट पर राजौरी गार्डन विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। गौरतलब है कि सिखों के धार्मिक पंथ दमदमी टकसाल के प्रमुख भिंडरांवाला व उसके समर्थक जून 1984 में स्वर्ण मंदिर परिसर में भारतीय सेना के अभियान 'ऑप्रेशन ब्लू स्टार' में मारे गए थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सिरसा ने कहा कि 1984 में श्री अकाल तख्त साहिब और श्री दरबार साहिब अमृतसर पर हमला करके हजारों मासूम और बेगुनाह सिखों को साजिश के तहत मारने के तथ्यों को उजागर करवाने की उनकी प्रमुख मांग है। इस संबंध में एस.आई.टी. गठित करवाने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, तख्त श्री पटना साहिब कमेटी और तख्त श्री हजूर साहिब कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को मिलेगा।

35 वर्ष पूर्व दरबार साहिब पर हुई सैन्य कार्रवाई को लेकर समय के साथ भ्रम और भ्रांतियां बढ़ती जा रही हैं। दरबार साहिब पर हुई सैन्य कार्रवाई को लेकर सिख समाज का वह वर्ग जो अलगाववादी विचारधारा से प्रभावित है वह देश के भीतर और देश के बाहर भारत विरोधी ब्यानबाजी और गतिविधियों को एक बार फिर तेज करने के प्रयास में है।

सिख समाज में अलगाववादी भावना देश की आजादी से पूर्व ही अंग्रेजी हकूमत ने डाल दी थी। 1946 में सिखों का एक वर्ग अंग्रेजी हकूमत से पाकिस्तान की तरह सिखों को भी खालिस्तान देने की मांग लेकर मिला था लेकिन अकालियों के बुजुर्ग और परिपक्व नेतृत्व ने भारत के साथ रहने में सिख समाज की बेहतरी समझी और पाकिस्तान की बजाय भारत को अपनाया।

पंजाब की राजनीति में अपना महत्त्व बढ़ाने के लिए कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल में शुरू से ही राजनीतिक लड़ाई रही है। अकालियों ने सार्वजनिक रूप से धर्म और राजनीति को जोड़कर अपनी सियासत शुरू की तो कांग्रेस ने पर्दे के पीछे धर्म का अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया। समय के साथ दोनों में राजनीतिक टकराव बढ़ता गया, लेकिन 1966 में जब भाषा के आधार पर पंजाब का विभाजन हुआ और पंजाबी सूबा अस्तित्व में आया, तब अकालियों को लगा कि अब पंजाब की सत्ता हमेशा-हमेशा के लिए उनके हाथ ही रहेगी लेकिन कुछ वर्ष बाद ही कांग्रेस ने फिर पंजाब की सत्ता अकालियों से छीन ली। 80 का दशक आते-आते पाकिस्तान ने 1971 की हार का बदला लेने के लिए पंजाब में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने में अपनी ताकत झोंक दी। बाहरी और आंतरिक स्तर पर जब देश विरोधी तत्व काफी सक्रिय हो गये। इन्होंने गुरुद्वारे को किले का रूप देकर भारत विरुद्ध गतिविधियों को तेज कर दिया और हजारों निर्दोष लोगों की हत्या कर पंजाब की धरती को लहू-लुहान कर दिया। उसी के परिणामस्वरूप भारत सरकार को दरबार साहिब सहित पंजाब के कई अन्य गुरुद्वारों पर सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी।

सैन्य कार्रवाई के लिए केवल उस समय की कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराना अर्ध सत्य है। दोषी तो वो भी हैं जिन्होंने पंजाब की धरती को नफरत की आग में झोंक दिया और निर्दोषों के खून से पंजाब को लहुलूहान कर दिया। जब सरकार ने आतंकवादियों और अलगाववादियों को हथियार डाल गुरुद्वारों से बाहर आने को कहा था तो उनके पास भी विकल्प था कि गुरुद्वारों की मान-मर्यादा को देखते हुए वह आत्मसमर्पण कर देते, पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। पंजाब में उस समय जो कुछ हुआ उसके लिए केवल और केवल केंद्र की कांग्रेस सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसमें देश विरोधी तत्व जो विदेशी ताकतों के मोहरा बनकर कार्य कर रहे थे वह और उनके साथ-साथ वह संगठन जो गुरुद्वारों की देखरेख कर रहे थे तथा अकाली नेतृत्व भी जिम्मेवार है।

भारत सरकार द्वारा उस समय जारी श्वेतपत्र स्पष्ट करता है कि गुरुद्वारों पर देश विरोधी ताकतों का कब्जा हो चुका था और अलगाववादियों ने गुरुद्वारों की मान-मर्यादा को भंग करते हुए उनका इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए किया। वहां से मिला गोला-बारूद उपरोक्त बात का पुख्ता प्रमाण है।

आज एक बार फिर सरकार व समाज को आत्मचिंतन करने व सत्य को स्वीकार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। पंजाब में कांग्रेस आज सत्ता में है और अकाली दल विपक्षी दल बनने में भी असफल रहा है। यही बात पंजाब में आ रहे परिवर्तन को दर्शाती है। दरबार साहिब पर हुई सैन्य कार्रवाई दु:खदाई है पर हुई क्यों इस पर भी सभी को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है।

हमारे राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप

जयंती पर विशेष

मेवाड़ में एक रीति है। उत्तराधिकारी अपने पिता के अंतिम संस्कार में नहीं जाता। शुरुआत इसी बात से करते हैं। फरवरी, 1572 में उदयपुर से कोई 20 मील दूर माउंट आबू की तरफ, गोगुन्दा में राणा उदय सिंह का अंतिम संस्कार हो रहा था। सभी सामंत, ठाकुर और बड़े कुंवर प्रताप सिंह सिसोदिया वहां मौजूद थे लेकिन उदय सिंह के छोटे बेटे, कुंवर जगमाल नदारद थे। खटका हुआ कि आखिर वे कहां हैं? कुंवर सगर (राजकुमार और उदयसिंह के एक और पुत्र) से पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हुकम स्वर्गवासी होने से पहले कुंवर जगमाल को एकलिंग जी का दीवान नियुक्त कर गए हैं (उदयपुर के सिसोदिया यह मानते हैं कि शासन एकलिंग भगवान का है और वे उनके दीवान हैं)। चुंडा अक्षयराज सोनगरा (सामंतों के सरदार) ने उन्हें यह कहकर बीच में रोक लिया कि सामंतों की इच्छा तो कुंवर प्रताप हैं! सामंतों की चली. इतिहास हमेशा के लिए मुड़ चुका था और प्रताप उदयपुर के राणा बने।

उधर अकबर, जो प्रताप से डेढ़ बरस छोटे थे, मेवा? जीत लेने की ख्वाहिश पाले हुए थे। हालांकि क्षेत्रफल के लिहाज से मेवाड़ ऐसा कोई ब?ा राज्य नहीं था जिसे जीत लेने की चाह रखी जाए। पूर्व में बंगाल, पश्चिम में अफगानिस्तान और दक्षिण में गोदावरी तक मुगल साम्राज्य फैला हुआ था। वरिष्ठ पत्रकार और 'महाराणा प्रताप' किताब के लेखक राजेन्द्र शंकर भट्ट लिखते हैं, 'अकबर और प्रताप दोनों ने बहुत सोच-समझकर ही एक दूसरे के प्रति अपनी नीति निर्धारित की थी। लिहाजा तलवारें टकराने से पहले दोनों ही सुलह करना चाहते थे, जिसके लिए हर बार पहल अकबर ने की।'

अकबर ने सबसे पहले जलाल खान कोरची के हाथों दोस्ती का पैगाम पहुंचाया। 'सिसोदियाओं ने अपनी बेटी तुर्कों को नहीं दी है। दोस्ती करनी होती तो पहले ही कर लेते' यह कहकर कोरची को रवाना कर दिया। अकबर का जमावड़ा उस वक्त अहमदाबाद में था। अगली बार आमेर (जयपुर) के कुंवर मान सिंह को भेजा गया। राणा प्रताप ने उदय सागर के पास गोठ (भोजन की व्यवस्था) रखी। लेकिन जब गोठ में प्रताप नहीं आए तो मान सिंह ने पूछा, 'हुकम क्यों नहीं आये?' जवाब मिला कि हुकम का

हाजमा खराब है.' मान सिंह समझ गए. उन्होंने नाराज होकर कहा, 'मैं सुलह के लिए आया था, लेकिन लगता है आप लोग चाहते ही नहीं। आपकी भलाई चाही थी, आगे होशियार रहिएगा।' प्रताप तक ये जवाब पहुंचा तो उन्होंने सामंत भीम सिंह से कहलवा दिया, 'आप एक राजपूत की हैसियत से आएंगे तो आपका मालपुरा (आमेर रियासत की आखिरी तहसील) तक मनुहार और सम्मान किया जाएगा। यह 'व्यंग्य बाण' आगरा के सुलतान यानी अकबर की तरफ था इस प्रतिक्रिया ने जैसे मान सिंह का दिल चीरकर रख दिया। उनका जवाब था, 'यदि आपकी यही इच्छा है तो आप संकटों में रहें क्यूंकि यह देश अब आपको नहीं रख पायेगा।' ठाकुर भीम सिंह ने मूंछों पर ताव देते हुए कहा, 'कुंवर, छोटे हो और दूत हो इसलिए सुन लिया। तुम जिस हाथी पर चढ़कर आओगे, उस पर भाला न मारूं तो सिसोदियाओं का खून न कहलाऊं.' मान सिंह तिलमिला गए और आखिरकार वहां से चल दिए. ठाकुर भीम सिंह से पीछे से कहा, 'कुंवर, अपने फूफा को लेकर जल्दी आना।'

किस्सा सुनकर बादशाह खामोश रहे। वे प्रताप को जानते थे एक वीर ही दूसरे वीर को समझ सकता है। उन्होंने मान सिंह के पिता महाराज भगवंत दास को भेजा। पर बात अब भी नहीं बनी। आखिरी बार उन्होंने राजा टोडरमल को भेजा। समझौता सिर्फ इतना भर ही था कि प्रताप अकबर की सरपरस्ती में आ जाएं. अपने बेटे अमर सिंह को आगरा दरबार में भेज दें और आराम से उदयपुर के राजा बने रहें। जैसा कि हम पहले कह चुके हैं कि अपने आप में मेवाड़ ऐसा राज्य नहीं था जिसके लिए मुगलिया सल्तनत के मुखिया को इतना सब्र दिखाना पड़े। यानी वे कुछ और ही कारण होंगे जिनकी वजह से अकबर प्रताप से सुलह करना चाहते थे. इतिहास इन कारणों को कुछ यूं समझाता है।

वास्को डी गामा ने यूरोप और हिंदुस्तान को समुद्र के जरिये जोड़ दिया था। सूरत बंदरगाह से यूरोप तक माल की आवाजाही होने लगी थी। अकबर ने शेरशाह सूरी वाला व्यापारिक मॉडल अपनाया और विदेशी व्यापरियों को काफी सहूलियतें दीं। बाहर से आने वाले सामान पर टैक्स और अन्य लगान भी कम वसूला जाता था जो कि सामान के मूल्यानुसार ढाई प्रतिशत से भी कम था। वहीं हिंदुस्तान के मसाले जैसे हींग और काली मिर्च के अलावा कपास, नील, नमक, लाख आदि की यूरोप के बाजारों में जबरदस्त मांग थी। यूरोप से आने वाली चीजों में रेशम, घोड़े, कीमती सजावटी सामान और सबसे अहम वहां की शराब और बंदूकें थी। हिंदुस्तानी सामान की यूरोप और खाड़ी के देशों में इतनी जबरदस्त मांग थी कि यहां के व्यापारी माल की कीमत-सोने और चांदी में वसूलते थे। इसी बात को अंग्रेज अधिकारी थॉमस रो (1581-1644) ने कुछ यूं लिखा है, 'हिंदुस्तान यूरोप का खून चूस लेता है।' इसके साथ ही यहां आयातित सामान की खपत कम थी। अर्थशास्त्री गुरचरण दास ने अपनी किताब 'उन्मुक्त भारत' में लिखा है कि मध्यकालीन भारत की विश्व के व्यापार में बड़ी हिस्सेदारी थी. अकबर के काल में हिंदुस्तान आधी दुनिया के लिए सूती कपड़ों का निर्यातक बन गया था। कुल मिलाकर व्यापार बहुत फल-फूल रहा था और बादशाह सलामत की शान और ऐश के साजो-सामान दोनों में बढ़ोतरी हो रही थी। इस लिहाज से देखें तो यह माना जा सकता है कि मेवाड़ से संधि के लिए अकबर पर दबाव सल्तनत के बड़े व्यापारियों का था। राजनीति विज्ञान के अध्येता हेनरी वर्ड बीचर ने कहा है, 'यह मिथ्या है कि शासन राजा का होता है. दरअसल राज तो व्यापारी करता है।'

- साभार सत्याग्रह

आईएस की खतरनाक मौजूदगी

गौतम चौधरी

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने दावा किया है कि उसने भारत में अपनी नई शाखा स्थापित की है। यह कितना सत्य है यह तो पड़ताल का विषय है लेकिन अगर इसमें रत्तीभर भी सत्यता है तो इसके परिणाम भयावह होंगे। दरअसल, इस बात की घोषणा संगठन ने 10 मई को की। आपको बता दें कि आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पों के बाद इस तरह की घोषणा की गई है। इस्लामिक स्टेट के मुखपत्र 'अमाक' के मुताबिक भारत में खोली गई नई शाखा का अरबी नाम 'विलायाह आफ हिन्द' है।

हालांकि जम्मू-कश्मीर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इस दावे को खारिज कर दिया है लेकिन इन दिनों जम्मू-कश्मीर में जिस प्रकार से आतंकवादी हमले हो रहे हैं, उससे साफ लगने लगा है कि आतंकवादी पहले से ज्यादा पेशेवर तरीके से हमले कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामिक चरमपंथियों पर नजर रखने वाले एसआईटीई इंटेल ग्रुप की निदेशक रीता काट्जू का मानना है कि इस्लामिक स्टेट ने अमशिपुरा में भारतीय बलों के साथ झड़पों का दावा करते हुए अपना नया हिन्द प्रांत घोषित किया है। इस्लामिक स्टेट ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया है कि भारत के किस इलाके में यह शाखा खोली गई है लेकिन स्वाभाविक रूप से यह शाखा उनकी वहीं खुली होगी जहां ज्यादा संख्या में मुसलमान रहते हैं। आपको बता दें कि केरल पहले से आईएस की जद में है। यहां के कई युवा आईएस के चंगुल में फंस चुके हैं। यहां की कई युवतियां भी सीरिया आदि देशों में आतंकी संगठन आईएस के साथ मिलकर लड़ाई लड़ रही हैं।

जानकारों की मानें तो पश्चिम एशिया में आईएस की जमीन खिसकने के बाद अब यह दूसरे इलाकों की ओर अपना रुख कर रहा है। उसके टारगेट में दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया हैं। अभी हाल ही में ईरान में आतंकी हमले हुए। इसके बाद पाकिस्तान में हमले हुए, फिर इंडोनेशिया और मलेशिया में

हमले हुए और इसके बाद श्रीलंका में। जानकार बताते हैं कि ये सारे हमले आईएस के द्वारा किए जा रहे हमलों की शैली के हमले हैं। ये तमाम हमले फिदायीन थे और बेहद पेशेवर तरीके से इनको अंजाम दिया गया। इनसे इस आशंका को बल मिलने लगा है कि आईएस अब दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को अपना पनाहगाह बना रहा है।

यदि ऐसा है तो भारत को सतर्क हो जाना चाहिए क्योंकि भारत के युवा अल्पसंख्यक बड़ी संख्या में मध्य-पूरब के देशों में रोजगार के लिए जाते हैं। वे वहां आईएस के नुमाइंदों के साथ संपर्क में होंगे, इसकी जानकारी भारतीय एजेंसियों को नहीं हो सकती। वे कब आतंकवादी बन जाते हैं, इसकी भी जानकारी प्राप्त करना कठिन है क्योंकि आतंकवाद का यह मॉड्यूल बेहद खतरनाक है। वे किसी भी समय भारत में मोर्चा खोल सकते हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मुस्लिम बहुल देश है। इसलिए हमारी सरकार, समाज और अमन पसंद नागरिकों को सतर्क रहना होगा।

इस्लामिक स्टेट प्रमुख अबू बका अल-बगदादी ऑटोमन की तरह दुनिया के मुसलमानों को एक झंडे के नीचे लाना चाहते हैं। हालांकि उससे इस्लामी देशों की स्वतंत्रता भी खंडित होगी लेकिन इस्लामिक देशों में बड़े पैमाने पर बगदादी के समर्थक हैं। मुस्लिम युवक एवं युवतियों के बीच बगदादी के फालोअर बड़ी संख्या में हैं। बगदादी के चिंतन को भारत जैसे देशों में बड़े पैमाने पर प्रचार करने वाले मिल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर भारत में इस्लामिक धर्मगुरू जाकिर नाईक जैसे एक पक्षीय चिंतक अपनी चरमपंथी सोच के कारण जाने-अंजाने में आईएसआईएस को सहयोग कर देते हैं। बगदादी के समर्थक भारतीय उपमहाद्वीप यानी भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, अफगानिस्तान, भूटान में फैले हैं। श्रीलंकाई आतंकी हमले के बाद यह साबित हो गया है कि बगदादी समर्थक अनवरत रूप से अपने काम में लगे हैं। इधर आईएसआईएस को लग रहा है कि अगर वे मध्य-पूरब में असफल हुए तो दक्षिण एशिया उनके लिए बेहद अनुकूल हो सकता है। इसलिए वे लगातार भारतीय उप महाद्वीप को टारगेट कर रहे हैं।

इन दिनों भारत में भी एक खास प्रकार की हवा चल रही है। मुस्लिम जमात में इस बात का प्रचार किया जा रहा है कि भारत के बहुसंख्यक हिन्दू उनकी धार्मिक पहचान को खत्म करना चाहते हैं। यही नहीं, प्रचार तो यहां तक किया जा रहा है कि सत्ता में बैठे लोग भी बहुसंख्यकों के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। जहां-तहां मुसलमानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। देश के अंदर एक खास लॉबी के द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों को दिए गए अधिकारों पर भी आक्रमण हो रहा है। इस प्रकार देश में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यकों के बीच गहरी खाई खोदने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में आईएसआईएस को स्वतः मौका मिल जाएगा। पहले इस्लामिक आतंकवादियों को पाकिस्तान की ओर से सहयोग मिलता था लेकिन अब चरमपंथियों से खुद पाकिस्तान भी परेशान हो रहा है। जैसी कि सूचनाएं आ रही हैं, भारतीय चरमपंथियों को अगर आईएसआईएस से सहयोग मिलने लगा है तो अब इस मामले में पाकिस्तान की भूमिका सीमित रह जाएगी और तब आतंकवाद के खिलाफ युद्ध भारत के लिए और कठिन हो जाएगा।

सच पूछिए तो दुनिया में जिस प्रकार अन्य धर्म अमन पसंद है, उसी प्रकार इस्लाम भी अमन का संदेश देता है। इस्लाम को गलत तरीके से प्रचारित किया जाता रहा है। इसमें पश्चिमी मीडिया की बड़ी भूमिका है। आईएसआईएस या फिर अल बगदादी के बारे में बताया जाता है कि वह पहले अमेरिका का समर्थक था और बाद में उसने अमेरिका के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। जिस प्रकार ओसामा बिन लादेन ने अमेरिका के खिलाफ मोर्चा खोला ठीक उसी प्रकार अल बगदादी भी अमेरिका एवं पश्चिमी देशों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है लेकिन अल बगदादी का विरोध कर या इस्लाम का विरोध कर आईएसआईएस को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए भारत को सॉफ्ट रणनीति पर काम करना होगा। इस प्रकार के आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के पास खुद का ईजाद किया हुआ बड़ा हथियार सूफीवाद है। सूफीवाद और इस्लामी रहस्यवाद के हथियार से इस राक्षक का संहार किया जा सकता है। साथ ही भारतीय राजनेताओं को, रणनीतिकारों को इस बात पर भी ध्यान रखना होगा कि भारतीय कानून और संविधान पर देश के अल्पसंख्यकों का विश्वास बना रहना चाहिए। अगर वह खंडित हुआ तो भारत को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी।

(अदिति)

पाठ को जीना

जीवन दर्शन

द्रोणाचार्य अपने गुरुकुल में कौरव, पांडव व अन्य राजकुमारों को शिक्षा दे रहे थे। एक दिन उन्होंने 'क्रोध पर नियंत्रण' विषय पर अपने शिष्यों को पाठ पढ़ाया तथा इसको अच्छी तरह से स्मरण करने के लिए कहा। कुछ समय पश्चात द्रोणाचार्य ने राजकुमारों से पूछा कि क्या उन्हें वह पाठ याद हो गया है तो युधिष्ठिर के अलावा सभी राजकुमारों ने कहा कि उन्हें पाठ याद हो गया है। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से कहा-इसे कल अवश्य याद करके आना। अगले दिन युधिष्ठिर ने कहा कि पाठ अभी याद नहीं हुआ। अगले दिन फिर गुरुजी ने युधिष्ठिर से पूछा कि पाठ सुनाओ। युधिष्ठिर ने फिर कहा कि मुझे अभी यह बिल्कुल याद नहीं हुआ। तीसरे दिन युधिष्ठिर ने वही पुराना जवाब दोहरा दिया। द्रोणाचार्य ने क्रोध में आकर दो चपत युधिष्ठिर को लगा दिए। गाल सहला कर कुछ देर चुप रहकर युधिष्ठिर ने कहा-गुरु जी मुझे पाठ याद हो गया है। द्रोणाचार्य ने आश्चर्य से पूछा-अभी-अभी तो तुमने कहा कि मुझे पाठ याद नहीं हुआ! युधिष्ठिर ने उत्तर दिया-गुरु जी आपने मुझे पाठ याद करने के लिए कहा था परंतु उसको अपने व्यावहारिक रूप में धारण करना कुछ कठिन था, परन्तु आज जब आपने मुझे चपत लगाई तो क्रोध पर नियंत्रण कैसे किया जाता है, इसका अनुभव होते ही क्रोध पर नियंत्रण करने की कला सीख कर ही आपको पाठ याद करने की बात कही।

हिंदी का अपमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद देश को राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा और क्षेत्रीय आकांक्षा को जोड़कर नया नारा दिया था। लगा था कि समूचा राष्ट्र एक होकर विश्व शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर होगा। लेकिन सप्ताह भर के अंदर ही देश में भाषायी विवाद खड़ा कर समाज को बाँटने का प्रयास शुरू कर दिया गया। दरअसल विवाद शुरू हुआ नई शिक्षा नीति के मसौदे को लेकर। स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूले संबंधी नई शिक्षा नीति के मसौदे पर उठे विवाद में हिंदी पर जिस प्रकार के प्रहार हो रहे हैं वह जताते हैं कि हम एकजुट भारत की बात भले करें लेकिन भाषायी आधार पर हम बहुत ज्यादा बँटे हुए हैं। धर्म, जाति और भाषा के आधार पर बँटे होने के चलते ही समाज में वैमनस्य की भावना पनपती और बढ़ती है। आज हिंदुस्तान में ट्वीटर पर जो हिंदी को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है वह शर्मनाक है।

जो लोग हिंदी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं उन्हें एक बार नई शिक्षा नीति के मसौदे को पढ़ना तो चाहिए जिसमें कहीं पर भी यह नहीं लिखा गया है कि हिंदी को जबरन लागू किया जायेगा बल्कि यह मसौदा तो सभी भाषाओं के विकास की बात करता है। साथ ही यह भी समझना चाहिए कि मसौदे का अर्थ क्या होता है। नई शिक्षा नीति के मसौदे में कहा गया है कि एक अजनबी भाषा में अवधारणाओं पर समझ बनाना बच्चों के लिये मुश्किल होता है और उनका ध्यान अकसर इसमें नहीं लगता है। ऐसे में यह स्थापित हो चुका है कि शुरुआती दिनों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में सिखाया जाए तो वे काफी सहज महसूस करते हैं। जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा में ही बच्चों को सिखाया जाए। लेकिन वांछनीय हो तो कक्षा आठ तक सीखने सिखाने की प्रक्रिया, घर की भाषा या मातृ भाषा में हो। मसौदे में आगे कहा गया है कि छोटे बच्चों की सीखने की क्षमताओं को पोषित करने के लिये प्री-स्कूल और ग्रेड-1 से ही तीन भाषाओं से अवगत कराना शुरू किया जाए ताकि ग्रेड-3 तक आते-आते बच्चे न केवल इन भाषाओं में बोलने लगें बल्कि लिपि भी पहचानने लगें और बुनियादी सामग्री पढ़ने लगें। इसमें आगे कहा गया है, बहुभाषी देश में बहुभाषिक क्षमताओं के विकास और उन्हें बढ़ावा देने के लिये त्रिभाषा फार्मूले को अमल में लाया जाना चाहिए।

- नीरज कुमार दुबे

बहरहाल, नयी शिक्षा नीति के मसौदे में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर उठे विवाद के बीच सोमवार को मसौदा नीति का संशोधित प्रारूप जारी किया गया जिसमें गैर हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी अनिवार्य किए जाने का उल्लेख नहीं है। नई शिक्षा नीति के संशोधित मसौदे में कहा गया है कि जो छात्र पढ़ाई जाने वाली तीन भाषाओं में से एक या अधिक भाषा बदलना चाहते हैं, वे ग्रेड 6 या ग्रेड 7 में ऐसा कर सकते हैं, जब वे तीन भाषाओं (एक भाषा साहित्य के स्तर पर) में माध्यमिक स्कूल के दौरान बोर्ड परीक्षा में अपनी दक्षता प्रदर्शित कर पाते हैं। पहले के मसौदे में समिति ने गैर हिन्दी प्रदेशों में हिन्दी की शिक्षा को अनिवार्य बनाने का सुझाव दिया था।

इसमें कोई दो राय नहीं कि विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में दूसरे नंबर की भाषा हिंदी दुनिया की दस शक्तिशाली भाषाओं में से भी एक है। यह गौरव हिंदी को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भले हासिल हो लेकिन अपने देश में हिंदी का अपमान करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाती। हिंदी आपको नहीं पढ़नी, समझनी है तो मत पढ़िये लेकिन उसका अपमान तो मत करिये। हिंदी को भले आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय भाषा या मातृभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो लेकिन वह भारत की राजभाषा तो है ही।

यह बात समझ से परे है कि हिंदी का विरोध क्यों हो रहा है। सरकार ने बार-बार कहा है कि हिंदी को किसी पर थोपा नहीं जाएगा। भारत सरकार का सदैव यही प्रयास रहा है कि सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से विकास हो। तमिलनाडु में हिंदी का जो विरोध हो रहा है उससे एक सवाल यह खड़ा होता है कि तमिल लोग विदेशी भाषा अंग्रेजी तो जरूर सीखना चाहते हैं लेकिन हिंदी को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहते। विदेशी भाषा का सम्मान और देशी भाषा का विरोध करने का औचित्य आखिर क्या है ? अगर किसी तमिल व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से मसलन गुजरात, पंजाब, दिल्ली, आंध्रा प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र या फिर देश के किसी भी भाग में जाना पड़े तो क्या वह सिर्फ तमिल भाषा की बदौलत अपना काम चला पायेगा ? यदि उसे हिंदी आती हो तो वह देश के किसी भी भाग में जाकर परेशान नहीं होगा और अपना काम चला सकता है। यह सही है कि सभी क्षेत्रीय भाषाओं का अपना प्राचीन इतिहास, गौरव गाथाएं और सम्मान है लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि हिंदी ही देश की एकमात्र ऐसी भाषा है जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी को एक सूत्र में पिरोती है।

राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत तो हिंदी में ही हैं, क्या हिंदी विरोधी इसे गाना छोड़ देंगे ? भारतीय मुद्रा हिंदी के अलावा अंग्रेजी भाषा में मुद्रित है, भारतीय पासपोर्ट पर भी हिंदी के अलावा अंग्रेजी ही है। क्या इसका भी विरोध करेंगे ? अगर एक हिंदीभाषी को तमिल या कोई अन्य भाषा पढ़ने को कहा जाये तो वह इसे अपने ज्ञान में वृद्धि के मौके के तौर पर देखता है। हिंदीभाषी राज्यों में ऐसे अनेकों संस्थान हैं जोकि विभिन्न राज्यों की भाषाओं के बारे में शिक्षा प्रदान करते हैं। अगर हिंदी भाषी तमिल या तेलुगु सीख सकता है तो तमिल भाषी या तेलुगु भाषी या कन्नड़ भाषी को हिंदी सीखने से परहेज क्यों है ? दरअसल हिंदी के प्रति दक्षिण भारत में लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम राजनेता बरसों से करते आ रहे हैं। यही कारण है कि दक्षिण के कुछ राज्यों को छोड़ दें तो देश के किसी भी हिस्से से हिंदी विरोध की आवाज नहीं उठती। हिंदी विरोध सिर्फ और सिर्फ राजनेता ही करते हैं यह बात इस आंकड़े से स्पष्ट होती है कि तमिलनाडु और केरल में हिंदी बोलने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है और यहां हिंदी, असमिया और उड़िया बोलने वाले लोगों की संख्या में 33 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार अपनी नीति के तहत सभी भारतीय भाषाओं के विकास को प्रतिबद्ध है और किसी प्रदेश पर कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी। निशंक ने स्पष्ट कर दिया है कि, ''हमें नई शिक्षा नीति का मसौदा प्राप्त हुआ है, यह रिपोर्ट है। इस पर लोगों एवं विभिन्न पक्षकारों की राय ली जायेगी, उसके बाद ही कुछ होगा। कहीं न कहीं लोगों को गलतफहमी हुई है।'' केंद्र सरकार में तमिलनाडु मूल के दो कैबिनेट मंत्रियों- एस. जयशंकर और निर्मला सीतारमण ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदी को थोपा नहीं जा रहा है।

मसौदा नीति पर विवाद खड़ा करने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मसौदा नीति जानेमाने वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व वाली एक समिति ने तैयार की है। कस्तूरीरंगन खुद दक्षिण भारत से आते हैं। लेकिन सिर्फ विरोध की राजनीति करने वाले इतना गहराई में नहीं जाते। द्रमुक के राज्यसभा सांसद तिरुचि सिवा और मक्कल नीधि मैयम नेता कमल हासन ने मसौदे को लेकर सबसे पहले विरोध जाहिर किया। तिरूचि सिवा ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदी को तमिलनाडु में लागू करने की कोशिश कर केंद्र सरकार आग से खेलने का काम कर रही है। सिवा ने कहा कि हिंदी भाषा को तमिलनाडु पर थोपने की कोशिश को यहां के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम केंद्र सरकार की ऐसी किसी भी कोशिश को रोकने के लिए, किसी भी परिणाम का सामना करने के लिए तैयार हैं। द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन ने कहा कि तीन भाषा फार्मूला ''प्राथमिक कक्षा से कक्षा 12 तक हिंदी पर जोर देता है। यह बड़ी हैरान करने वाली बात है'' और यह सिफारिश देश को ''बांट'' देगी। वहीं, कमल हासन ने कहा कि मैंने कई हिंदी फिल्मों में अभिनय किया है, मेरी राय में हिंदी भाषा को किसी पर भी थोपा नहीं जाना चाहिए। सबसे ज्यादा हैरानी तो शशि थरूर के बयान से हुई जिन्होंने कहा है कि क्या कोई उत्तर भारतीय मलयालम सीखता है।

न्यूज ब्रीफ

एचसीएल फाउंडेशन का एंटी लिटरिंग अभियान शुरू

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़
विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एचसीएल फाउंडेशन ने दिल्ली एनसीआर के नोएडा में प्रोजेक्ट क्लीन के तहत एंटी लिटरिंग अभियान का संचालन कर लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने की कोशिश की। फांउडेशन ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि नोएडा अथॉरिटी के साथ साझेदारी में यह अभियान चलाया गया। यह अभियान करीब एक सप्ताह तक चला है। इस अभियान का उद्देश्य कचरे की समस्या के प्रति जागरुकता बढ़ाना और कचरा सुरक्षित रूप से फेंकने की विधियों का प्रसार करना था। प्रोजेक्ट क्लीन नोएडा का डिजाइन विविध चरणों में काम करने के लिए किया गया है। इसका उद्देश्य शहर को कचरामुक्त, गंदगीमुक्त बनाना है। पहले चरण में यह प्रोजेक्ट एंटी-लिटरिंग अभियान चला रहा है।

आर्य वीर दल शिविर में आर्य वीरों को दिलवाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

पानीपत/कौशिक
आर्य वीर दल और आर्य वरि.मा.विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल परिसर में सात दिवसीय आर्य वीर दल के शिविर के तीसरे दिन विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्ध समिति के प्रधान मा.दलीप आर्य व मा.रामपाल आर्य विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य वक्ता समाज सेवी सुषमा मल्होत्रा व चन्द्रमोहन गुलाटी रहे। जबकि अध्यक्षता प्राचार्य जय गोपाल आर्य ने की। मुख्य अतिथि ने सभी अध्यापकों, आर्य वीर छात्रों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाई और स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

पेड़ पौधे कटने से पर्यावरण पर मंडरा रहा है खतरा : बक्शी

करनाल/आशुतोष गौतम
लक्ष्य जनहित सोसायटी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस व सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुदर्शन शर्मा का जन्मदिन एमडीडी बालभवन के बच्चो के साथ पौधरोपण कर मनाया गया। सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने कहा कि आज हम जिस गर्मी को सहन नहीं कर पा रहे उसका कारण पेड़ों का बड़ी संख्या में काटना है। आज हम अपनी सुविधा के अनुसार सड़कों को चौड़ा करने के नाम पे पेड़ काट देते है। लेकिन पेड़ लगाते नहीं हैं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने जन्मदिन पर पेड़ जरूर लगाए व उसका पालन पोषण भी करें। वहीं सोसाइटी के जिला प्रधान जसपाल तुली ने कहा कि आज पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। इसका प्रमुख कारण पेड़-पौधों का धड़ल्ले से कटना है। इसलिए हम सबको संकल्प लेकर पेड़-पौधे लगाने होंगे। तुली ने कहा कि इसके लिए कहीं ना कहीं मानव भी पूरी तरह से जिम्मेदार है। लक्ष्य जनहित सोसाइटी का उद्देश्य पेड़ लगाने के साथ उनका पालन करना भी है। वही, सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुदर्शन शर्मा ने अपने जन्मदिन पे पेड़ लगाकर सभी से पेड़ लगाने का आहवान किया।

एस.एल.दुरेजा बने एसोसिएशन के प्रधान

करनाल/आशुतोष गौतम
हरियाणा सिविल पैन्शनरज़ वैल्फेयर एसोसिएशन (स्टेट बॉडी) करनाल के प्रधान एच.पी.बब्बर के अकास्मिक निधन तथा महासचिव व वरिष्ठ उप-प्रधान के पद रिक्त होने के कारण एसोसिएशन के सविधान के अनुसार इन तीनों पदो का चुनाव जनरल बाडी के सदस्यों की मीटिंग में करवाया गया। श्री सुरेश खन्ना एडवोकेट करनाल को निष्पक्ष एवं विधिवत चुनाव करवाने हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था । इस विषय में एसोसिएशन की जनरल बॉडी की सदस्यों की मीटिंग मानव सेवा संघ के हाल में बुलाई गई। एसोसिएशन के सभी उपस्थित सदस्यों ने एस.एल. दुरेजा को प्रधान, ओपी झांब को महासचिव व सुभाष यादव को वरिष्ठ उप-प्रधान के पदो पर अगले रैगुलर चुनाव तक सर्वसम्मति से सहमति प्रदान कर दी। निर्वाचन अधिकारी सुरेश खन्ना ने इन तीनो नामों की विधिवत घोषणा की।

बीते 6 दिनों में दिल्ली में पेट्रोल के भाव 63 पैसे लीटर घटे, डीजल 1.13 रुपये सस्ता

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़
पेट्रोल और डीजल के दाम में पिछले लगातार छह दिनों से जारी गिरावट को ब्रेक लग गया। तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। पिछले छह दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 63 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया, जबकि डीजल के दाम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बीते छह दिनों में 1.13 रुपये प्रति लीटर कमी आई है जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। बाजार के जानकार बताते हैं कि पेट्रोल और डीजल के दाम में आने वाले दिनों में और कमी आने की संभावना अभी बनी हुई है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में फिर नरमी आई है। अंतराष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज पर बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड के अगस्त डिलीवरी अनुबंध में बुधवार को पिछले सत्र के मुकाबले 0.44 फीसदी की कमजोरी के साथ

61.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट के जुलाई डिलीवरी अनुबंध में न्यूयार्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर 0.73 फीसदी की गिरावट के साथ 53.09 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमश- 71.23 रुपये, 73.47 रुपये, 76.91 रुपये और 74.01 रुपये प्रति लीटर रहे।

डीजल के दाम भी चारों महानगरों में यथावत क्रमशः 65.56 रुपये, 67.48 रुपये, 68.76 रुपये और 69.36 रुपये प्रति लीटर रहे। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में सात पैसे प्रति लीटर की कटौती की थी जबकि डीजल के दाम दिल्ली और कोलकाता में 20 पैसे, मुंबई में 21 पैसे और चेन्नई में 22 पैसे लीटर घटा दिए थे।

अन्य राज्यों में तमिल हो वैकल्पिक भाषा : पलानीस्वामी

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तमिल भाषा को अन्य राज्यों में वैकल्पिक भाषा के तौर पर शामिल करने की अपील की। पलानीस्वामी ने ट्वीट कर कहा, 'मैंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से तमिल भाषा को अन्य राज्यों की शिक्षा प्रणाली में विकल्प के तौर पर शामिल करने की गुजारिश की। विश्व की सबसे ऐतिहासिक भाषाओं में एक तमिल भाषा के लिए यह सम्मान की बात होगी।' पलानीस्वामी की यह टिपण्णी उस समय आयी जब केंद्र सरकार द्वारा हिन्दी भाषा को दक्षिण के राज्यों में कथित रूप से थोपे जाने को लेकर उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया था। राज्य में हालांकि विरोध के बाद हिंदी भाषा को सभी विद्यालयों में अनिवार्य करने का प्रस्ताव सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा निति द्वारा रद्द कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि संशोधित मसौदा में भी कक्षा एक से तीन भाषाओं के फार्मूले की सिफारिश की गयी थी जिसका सत्तारूढ़ पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी अन्नाद्रमुक ने विरोध किया।

जल संरक्षण में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी : शेखावत

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज़
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने खुशहाल भविष्य के लिए जल संरक्षण को जरूरी बताते

हुए कहा कि इस दिशा में अकेले सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं है इसलिए हर व्यक्ति को योगदान देने की आवश्यकता है। शेखावत ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा बुधवार को यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति से प्रेम और विभिन्न तरीकों से प्रकृति पूजन अनंत काल से हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है और इन मूल्यों पर अब फिर से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि पर्यावरण का संरक्षण हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त के लिए जल सबसे बड़ा संकट होगा । इसलिए समय रहते इससे निपटने के वास्ते जल संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। जल संरक्षण तथा नदी विकास के लिए सरकार अपना काम कर ही रही है लेकिन इस दिशा में अकेले उसके प्रयास प्रर्याप्त नहीं है इसलिए देश के हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए मोदी सरकार ने 2014 में नमामि गंगे कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस परियोजना के तहत गंगा को निर्मल बनाने का काम काफी कुछ हो चुका है और शेष काम जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम को जल शक्ति राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने भी संबोधित किया।

ठोस नीति के अभाव में पर्यावरण पर गहराया संकट : बीएस मलिक

इन्द्री/अनेजा : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पंजोखरा व रा0प्रा0पा0-पंजोखरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम स्कूल मुख्य शिक्षक मानसिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत विकास विभाग के सेवानिवृत्त महानिदेशक बलबीर सिंह मलिक मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मास्टर महिन्द्र कुमार व नरेश सैनी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण पर बातचीत करते हुए बलबीर सिंह मलिक ने कहा कि पानी ,हवा और धरती को इंसान ने जहरीला बना दिया है। साफ हवा व स्वच्छ जल के बिना मिलावट के भोजन अब सपना बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कहा ठोस नीति के अभाव में पर्यावरण पर गहरा संकट छा गया है। पेड़ काटे जा रहे हैं ओर जंगल साफ हो रहे हैं। नदियों में फैक्टरियों का जहरीला पानी डाला जा रहा है जो जमीन के अन्दर सुरक्षित पानी में मिलकर घातक बीमारियां पैदा कर रहा है। इस कार्यक्रम में अध्यापक रुलिया राम, राजेश शर्मा, हरियाली युवा संगठन से सुरजभान ,जसवंत बांकुरा, जगदीश चंद्र, दरबारा सिहं, आंगनवाडी वर्कर रोशनी देवी, मोहिनी, कृष्णा व ग्रामीण बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय प्रभारी मानसिंह ने कार्यक्रम में शिरकत करने पर बी एस मलिक और उपस्थित जनों को पेड-पौधे रोपित करने एवम् वितरण कार्यक्रम में भाग लेने पर सबका धन्यवाद किया।

गुजवि में चार दिवसीय 'ब्रेन बैलेंसिंग व इंटेलिजैंस बिल्डिंग कार्यक्रम' शुरू

गुजविप्रौवि, हिसार में आयोजित 'ब्रेन बैलेंसिंग व इंटेलिजैंस बिल्डिंग कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

हिसार/विजय शर्मा
गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के जनसम्पर्क कार्यालय के सौजन्य से विजडम ऑफ माईंड संस्था द्वारा चार दिवसीय 'ब्रेन बैलेंसिंग व इंटेलिजैंस बिल्डिंग कार्यक्रम' शुरू हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन सुबह के सत्र में 1 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर जनसम्पर्क अधिकारी बिजेन्द्र दहिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजडम ऑफ माईंड संस्था के निदेशक जितेन्द्र कुमार जांगड़ा ने किया। विजडम ऑफ माईंड संस्था के निदेशक जितेन्द्र कुमार जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में सुबह के सत्र में 1 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चे व शाम के सत्र में 21 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। यह कार्यक्रम पूर्णत्य निन्शुल्क है। उन्होंने बताया कि यह संस्थान दिमाग व उसके काम करने के तरीकों पर पिछले सात साल से अध्ययन कर रही है। उन्होंने बताया कि वीरवार को सुबह के सत्र में बच्चों को आंख बंद करके पढ़ना व आंखों पर पट्टी बांधकर साईकिल चलाना सीखाई जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने मुस्लिम समुदाय को दी ईद की बधाई

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज
स्वास्थ्य व खेल मंत्री अनिल विज ने जामा मस्जिद चूना चौक मे पहुंच कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर उनको ईद की बधाई देते हुए कहा कि पवित्र माह रमजान के खत्म होने पर मस्जिदों में ईद-उल-फितर बड़े श्रद्धा और प्यार से मनाने की बहुत पुरानी परंपरा है , यह त्योहार एक महीने रमजान के रोजे रखने के बाद मनाया जाता है जो निसंदेह बड़े कड़े परिश्रम के बाद आता है उन्होंने कहा यह त्यौहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है । हमें मिल जुल कर मनाना चाहिए । मुस्लिम समुदाय के लोगो को भी अपने 29 दिन के पवित्र माह रमजान के खत्म होने के बाद 30वें दिन ईद-उल-फितर का भी बेसब्री से इंतजार रहता है, इस दिन सभी मुस्लिम समुदाय के लोग एक दुसरे के गले मिलकर ईद की

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई देते हुए।

बधाई देते हैं ,और एक दूसरे का मुह सेवेंया खिलाकर मीठा करवाते हैं। अनिल विज ने कहा की एक माह के बाद जिसमे रोजा रखने वाला प्रत्येक मुसलमान त्याग,आत्म विश्लेषण कर परमात्मा से जुड़ने की कौशिश करता है। इस मौके पर अम्बाला के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगो को इमाम मौलाना अगसर कासमी ने जामा मस्जिद में आकर सामूहिक तौर से नमाज अदा करके सभी को ईद की बधाई दी ! उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य खेल मंत्री अनिल विज के आवास पर आकर भाजपा कार्यकर्ता जाहिद खान के नेतृत्व में राम किशन कॉलोनी से काफी बड़ी संख्या में मुसलमान भाइयों ने मंत्री विज का मुंह मीठा कराकर ईद की खुशी का इजहार किया तथा अपने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के लिए उनका आभार भी प्रकट किया।

गर्मी से मिलेगी राहत, दो दिन बादल छाने के साथ बूंदाबांदी के आसार

हिसार/उत्तम हिन्दू न्यूज़
नौतपा के बाद मंगलवार को बादलों और तेज हवाओं ने कुछ राहत दी तो बुधवार को फिर मौसम गर्म रहा। तापमान 44 डिग्री ही बना रहा, हालांकि पहले की तुलना में यह कम रहा, मगर गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पाई। मगर राहत की खबर ये है कि मौसम में तब्दीली होने के आसार हैं। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में आने वाले दो दिनों में अधकितम तापमान में गिरावट आएगी। इससे पहले मंगलवार को कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से मंगलवार को बादलों और तेज हवाओं ने कुछ राहत दी। इससे हिसार के अधिकतम तापमान में सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को एक डिग्री की कमी आई और यह 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में कड़ी धूप के कारण लोग जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकले। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण वीरवार को उत्तरी हरियाणा व पंजाब के साथ लगते क्षेत्रों में बादल छाने की संभावना है। इस दौरान हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं,पश्चिमी व दक्षिणी हरियाणा में आंशिक बादल छाने और धूल भरी हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना है।

वहीं 8 जून तक प्रदेश में तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है। उधर, करनाल स्थित केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के मुताबिक क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण धूल भरी आंधी के साथ बादलों की गरजना के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है।

बाढ़ नियंत्रण कार्य देख रही एजेसियां सुस्त

- **मारकंडा नदी में कृषि होने से नदी हुई संकरी**
- **कचरा प्रबंधन शैड एक वर्ष से टूटा पड़ा**

शाहाबाद/स्वामी
शाहाबाद खण्ड का 2000 जनसंया वाला लघु गांव है कठवा। यहां के युवा एवं शिक्षित सरपंच अमरेंद्र सिंह सैनी कठवा ने कहा कि यह गांव बाढ़ पीड़ित गांव है और मारकंडा नदी के किनारे पर स्थित है। सरपंच ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बाढ नियंत्रण कार्य देख रही सरकारी एजेंसियां सुस्त हैं। सरकार बेशक कितने दावे करे लेकिन बाढ का खतरा मंडरा ही रहा है। एजेंसियों ने अतीत से कोई सबक नहीं लिया। उन्होने कहा कि लोगों ने मारकंडा नदी में खेत बना लिए और ज्यादा हिस्से पर खेती होने लगी है। उन्होने कहा कि बेहतर होगा सरकार मारकंडा नदी में भूमि की गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देकर मारकंडा नदी का अतीत का प्राकृतिक विस्तृत स्वरूप व पवित्रता बहाल करे। कृषि के कारण मारकंडा नदी संकरी व बहुत छोटी हो गई है। बाढ के समय तो लोग अपने घरों में बंधक से बनकर रह जाते हैं। सरकार यहां रिंग बांध बनाकर बडे स्तर पर पौधे लगाए जिससे पर्यावरण भी बना रहे और नदी का पानी बाढ का रूप अ तियार न करे। झाडियों की सफाई हो तथा वर्तमान रिंग बांध की मजबूती के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। बाढ़ की जद में कुछ अन्य गांव भी आते हैं। उन्होने कहा कि कठवा गांव सरकार के सहयोग व रूचि से

टूटा पड़ा कचरा प्रबंधन शैड।

पॉलीथिनमुक्त हो गया था। यहां कचरा प्रबंधन शैड बनाया गया था, जिससे एक व्यक्ति को रोजगार भी प्राप्त था लेकिन एक वर्ष पूर्व भारी जल आने के कारण यह टूट गया और बार बार फरीयाद के बावजूद आज तक कोई अनुदान प्रशासन ने नहीं दिया जिस कारण स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों की भावनाएं दुखित हो रही हैं क्योंकि यह शैड कार्य ही नहीं कर रहा। इस पर अनुमानित चार लाख रूपए खर्च का अनुमान है।

पर्यावरण दिवस पर फोटोग्राफर एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

करनाल/आशुतोष गौतम
पर्यावरण दिवस का विशेष महत्व इसलिए होता है कि इस दिन का हमारे जीवन पर गहरा असर पड़ता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए क्योंकि पेड़ ही वातावरण से कार्बनडाईआक्साइड व अन्य जहरीली गैस ग्रहण कर जीवनदायिनी स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं और वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाने में मदद करते हैं। इस महत्व को समझते हुए पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेवा समिति आश्रम में पौधारोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे के ट्री गार्ड लगाए गए। एसोसिएशन के प्रधान हरमिंदर सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा हर वर्ष भारी मात्रा में पौधारोपण किया जायेगा और उन पौधों की देखरेख भी की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाए ताकि पर्यावरण सुरक्षित हो और हमें जीवनदायिनी आक्सीजन निर्बाध रूप से मिलती रहे।

आई.बी.कालेज के विद्यार्थी जायेंगे संस्कृत प्रशिक्षण शिविर में

राज्यस्तरीय संस्कृत शिक्षण-प्रशिक्षण में जाने वाले विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग।

पानीपत/कौशिक
आईबी पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग व संस्कृत विभाग संचालिका सोनिया वर्मा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार व लोकप्रियता के लिए प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालय ने अपने यहां से 10 विद्यार्थियों को रेवाड़ी में चल रहे राज्यस्तरीय संस्कृत शिक्षण-प्रशिक्षण वर्ग में भेजने का कदम उठाया है। प्राचार्य अजय गर्ग ने बताया कि इस वर्ग से विद्यार्थियों को अनेक लाभ होने वाले हैं। उनकी संस्कृत व्याकरण में दक्षता, संस्कृत संभाषण में प्रवाह व एकाग्रता बढाने में सहायक श्लोकों के उच्चारण का अभ्यास कराया जाएगा, साथ ही शास्त्रों अध्ययन भी कराया जाएगा।

जिला कारागार में बंदियों ने हेड वार्डन को पीटा

सोनीपत/सुनील छिक्कारा
जिला कारगार में दो बंदियों ने हेड वार्डन के साथ मारपीट कर दी, इतना ही नहीं आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली। मामले की शिकायत मिलने पर कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कारगार में नियुक्त हेड वार्डन सतबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान पता चला कि सुरक्षा वार्ड-18 में बंद बंदी राजपुर निवासी पवित्र वार्ड-6 में चला गया है। उन्होंने बंदी पवित्र से इस बारे में पूछताछ की तो उसने मिलाई का दिन होने के कारण उस वार्ड में जाने की बात कही। इसके बाद जब वह शाम करीब 7 बजे दोबारा निरीक्षण पर गए थे। बंदी पवित्र व उसी वार्ड में बंद उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी गुरमीत ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में पहुंचने का दिया न्यौता

करनाल लोकसभा सीट से सांसद संजय भाटिया को देश में मिली दूसरी बड़ी जीत : प्रवीन नरवाल

करनाल/आशुतोष गौतम
प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली अपार सफलता से लवरेज मुख्यमंत्री मनोहर लाल कार्यकर्ताओं के सिर पर जीत का सेहरा बांधने के लिए मैदान में उतर चुके है। जिसके चलते प्रदेश भर में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी सिलसिले को लेकर हलका असंध के विधायक बख्शीश सिंह विर्क के पुत्र एंव भाजपा युवा नेता हरप्रीत सिंह विर्क ने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन मार्किट कमेटी जुंडला परिसर में किया। हरप्रीत विर्क ने 6 जून को करनाल की नई अनाज मंडी में अभिनंदन समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए सरपंच एसोसियशन के जिलाध्यक्ष प्रवीन नरवाल ने उपस्थित सरपंचों

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरप्रीत विर्क।

को कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में पहुंचने के लिए अपील करते हुए कहा कि करनाल लोकसभा सीट से सांसद संजय भाटिया को देश में दूसरी बड़ी जीत मिली है। जिसकी वजह से अभिनंदन समारोह को सफल बनाने की हमारी सबसे बड़ी जिम्मेंवारी बनती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री यादविंद्र आहुजा, सरपंच नरूखेडी नरेंद्र नरवाल बड़ा, मेहर सिंह जुंडला, सुखबीर जाणी, सतपाल नरूखेड़ी, सतिंद्र पुनिया, अमन दादुपुर, विनोद पिचौलिया, ईश्वर शर्मा, जोनी नरवाल, अमित, प्रवीन रानी, शमशेर बिरचपुर, सतपाल जैन, जगदीश कांबोज, जयभगवान दलबटियान, राजकुमार जाणी, हरजीत नरवाल, सुशील, सुमेरचंद शर्मा, प्रिंस सिरसी, रामपाल, मनोज कादियान, गौतम नरवाल, बब्बू मंजूरा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंत्योदय सरल केंद्रों के माध्यम से 28 लाख नागरिकों ने उठाया सेवाओं का लाभ : डॉ. राकेश गुप्ता

चंडीगढ़/मोहन अरविन्द : हरियाणा में आमजन को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से देने तथा आम जनता के कार्यों को सरलता से निपटाने में अंत्योदय सरल केंद्र मील का पत्थर साबित हो रहा है। इन केंद्रों पर 37 सरकारी विभागों की 400 से अधिक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह अंत्योदय सरल प्रोजेक्ट की सफलता के लिए आयोजित स मान समारोह में मु×यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने एनआईसी टीम और विभिन्न विभागों की आईटी सेल टीम के 68 सदस्यों को स मानित किया। डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने विभागों की सेवाओं को अंत्योदय सरल नामक प्लेटफार्म पर सिंगल ऑनलाइन डिजिटाइज किया है। ये सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त करने विकल्प के अलावा 115 अंत्योदय सरल केन्द्र स्थापित करके दिस बर, 2018 में इन्हें संचालित कर दिया गया। इस प्लेटफार्म की शुरूआत से लेकर अब तक 28 लाख नागरिकों ने ये सेवाएं प्राप्त की हैं। हेलपलाइन नंबर 18002000023 पर एक महीने में लगभग 1 लाख कॉल्स रिसिव की जा रही हैं। इसलिए यह सरकार द्वारा संचालित बहुत बड़ी हेल्पलाइन बन चुकी हैं।

योग दिवस की तैयारियां शुरू : निगम आयुक्त ने किया आयोजन स्थलों का दौरा

आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त वीना हुड्डा।

पानीपत/कौशिक
नगर निगम आयुक्त वीना हुड्डा ने आज आयुष विभाग के अधिकारियों और पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधियों के साथ आगामी 21 जून को मनाये जाने वाले योग दिवस को लेकर जी.टी.रोड स्थित आर्य महाविद्यालय और सेक्टर 25 का भी दौरा किया। निगम आयुक्त ने कहा कि दोनों स्थानों की रिपोर्ट उपायुक्त सुमेधा कटारिया को भेज दी जाएगी और वीरवार को इसको अंतिम रूप देकर इस पर तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से पहले प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा योग प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

म्हारा हरियाणा
उत्तम हिन्दू
uttamhindu.com

धरोदी माईनर को भाखड़ा नहर से जोड़ने की मांग के समर्थन में आए बेलरखां गांव के लोग

कहा, अगर सरकार मांग पूरी नहीं करती तो करेंगे विधानसभा चुनावों का बहिष्कार

नरवाना/नरेन्द्र जेठी

नरवाना हलके के 14 गांवों की वर्षो पुरानी मांग धरोदी माईनर को भाखड़ा नहर से जोड़ने की मांग के समर्थन में अब बेलरखां गांव के लोगों ने भी हुंकार भर दी है और माईनर को भाखड़ा से जोड़ने के लिए धरोदी गांव के लोगों का समर्थन किया है। बेलरखां गांव के लोगों ने ऐलान किया है कि अगर सरकार हमारी मांग को पूरा नही करती तो धरोदी गांव के साथ-साथ बेलरखां गांव के लोग भी विधानसभा चुनावों का बहिष्कार कर सकते है। ग्रामीणों का कहना है कि धरोदी माईनर की मांग को लेकर सभी गांव एक जुट है और किसी प्रकार का आंदोलन करने से पीछे नही हटेगें। गौरतलब है धरोदी माइनर पर लगने वाले 14 गांवों में पेयजल नहरी पानी पर आधारित है और इस माइनर में 42 दिन के बाद सात दिन पानी की सप्लाई आती है जिस कारण सर्दियों में भी पेयजल की दिक्कत रहती है। ग्रामीण लंबे अर्से से इस माइनर को भाखड़ा नहर से जोड़ने की मांग कर रहे हैं लेकिन बात सिरे नहीं चढ़ पाई। नरवाना हलके की राजनिती में धरोदी माईनर का मुद्दा अहम है। गत दिनों धरोदी गांव में धरोदी माईनर को भाखड़ा नहर से जोड़ने की मांग को लेकर एक पंचायत हुई थी। जिसमें ग्रामीणों ने फैसला लिया गया था कि उक्त मांग को लेकर सीएम मनोहर लाल से मिला जाएगा और समस्या समाधान की अपील की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी ऐलान किया था कि अगर सरकार ग्रामीणों की मांग को पूरा नही करती तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करके आगामी विधानसभा चुनावों का भी बहिष्कार करने में परहेज नही करेगें। धरोदी गांव के इस ऐलान के बाद बुधवार को बेलरखां गांव के लोग भी धरोदी माईनर के समर्थन में आ गए है।

सरकार के प्रति रोष जताते बेलरखां गांव के ग्रामीण।

सूख गए खेत खलिहान : रघबीर

बेलरखां गांव वासी बुजुर्ग रघबीर ने कहा कि धरोदी माईनर में पानी ना आने के कारण खेत -खलिहान सुख चूकें है और किसान बारिश का इंतजार करते रहते है। बुजुर्ग ने कहा कि माईनर में पानी देखे कई महिने बीत जाते है और जब कभी कभार पानी आता है तो कुछ दिनों बाद बंद कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आस है कि समस्या का जरूर समाधान होगा।

वोट डालने का नही कोई फायदा : सुभाष

सुभाष ने कहा कि वोट डालकर राजनेता और सरकार बनाई जाती है ताकि आमजन के कार्य होते रहे और किसी प्रकार की समस्या हो तो निपटारा करवाया जाए लेकिन धरोदी माईनर को भाखड़ा नहर से जोड़ने के लिए हर राजनेता ने राजनीति कर लोगों को मूर्ख बनाया है।

सुभाष ने कहा कि अगर अबकी बार माईनर को नही जोड़ा गया तो ग्रामीणों का वोट डालने का कोई फायदा नही है। विधानसभा चुनावों में बहिष्कार करने से कोई परहेज नही किया जाएगा।

दुखद

गुरुग्राम : रंजिशन युवक को मारी गोली, घायल

गुरुग्राम/उत्तम हिन्दू न्यूज़

गुरुग्राम के सेक्टर 37 में रामा गार्डन के पास दोस्त ने कहासुनी के बाद अपने ही दोस्त के गोली मार दी। युवक की पहचान चांदवीर के रूप में हुई। चाँदवीर बिल्डिंग मेटीरियल का काम करता है और आरोपी भी उसके साथ काम करता है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह चाँदवीर का दोस्त मनदीप उससे मिलने आया था। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों का आपस में विवाद हो गया। वहां मौजूद लोगों की मानें तो पहले तो उनमें कुछ देर कहा सुनी होती रहीं बाद में हाथापाई हुई और इसी बीच मनदीप नें चाँदवीर पर गोली चला दी और वहां से भाग निकला।

गोली चांदवीर की छाती में लगी और उसे इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गोली चलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी लेकिन पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

क्राइम

दूध विक्रेता की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तारी

पलवल/गुप्ता

सदर थाना क्षेत्र के गांव बहरौल के समीप स्थित पैट्रोल पंप के पास 25 दिन पूर्व दूध बिक्री का कार्य करने वाले एक भाई की गोली मारकर हत्या करने व दूसरे को घायल करने के आरोप में अपराध जाँच शाखा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी हितेश ने बताया कि गत 13 मई 2019 को सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेशनल हाईवे पर पैट्रोल पंप के पास कुछ युवकों ने दूध का कार्य करने वाले दो भाईयों पर गोलियां चला दी थी। इस गोलीकांड में एक भाई की मौत हो गई थी तथा दूसरा भाई गंभीर रुप से घायल हो गया था, जिसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में मृतक के चचेरे भाई महेश की शिकायत पर निरोत्तम, तीर्थ व सुंदर सहित तीन-चार अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और जांच करने के बाद मंगलवार देर शाम शेखपुरा निवासी गोविंदा व आमीर को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने पुलिस पुछताछ में इस हत्या की बात कबूल करते हुए बताया कि उनकी निरोत्तम से दोस्ती थी और वे इस हत्याकांड में उनके साथ थे। पुलिस ने बुधवार को गोविंदा व आमीर को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पुछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी पांच अन्य आरोपी फरार है, जिन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी हितेश ने बताया कि इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी निरोत्तम व तीर्थ की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

करनाल में बनें जल्द डोमेस्टिक एयरपोर्ट : आर्य

बोले, 80 प्रतिशत से ज्यादा किसान हवाई अड्डे व इंड्रस्ट्रियल हब के लिए अपनी जमीन देने के लिए तैयार

करनाल/आशुतोष गौतम

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र आर्य दादूपुर ने करनाल हवाई अड्डे के साथ लगती जमीन के मालिकों व किसानों से गांव कलवेहड़ी व नेवल में जाकर मुलाकात की। किसान नेता राजेंद्र आर्य दादुपूर ने किसानों से बातचीत के उपरांत बताया कि 80 प्रतिशत से ज्यादा किसान हवाई अड्डे व इंड्रस्ट्रियल हब के लिए अपनी जमीन देने के लिए तैयार है। जिसके लिए किसान ई-भूमि पोर्टल पर पहले ही आवेदन कर चुके है। किसानो ने एग्रीगेटर सुनील दत्त व एचएसआईआईडीसी के माध्यम से ई-भूमि पोर्टल पर अपनी जमीन व अनुमानित रेट के बारे में आवेदन किया हुआ है। बातचीत करने पर किसानों ने बताया कि वे एयरपोर्ट के लिए अधिकृत परचेज कमेटी जिसके चेयरमैन आई.ए.एस राजेश खुल्लर व ए.सी.एस देवेन्द्र सिंह से कई बार मुलाकात कर चुके है। मगर सरकार के ढुलमुल रवैया के चलते भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। राजेंद्र आर्य ने कहा कि एयरपोर्ट व इंड्रिस्टयल हब के बिना करनाल व आस-पास का विकास संभव नहीं है। एयरपोर्ट बनवाने के लिए जिला करनाल की सभी सामाजिक संस्थाओं को एक मंच पर लाकर एक बड़ी मुहिम चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां सरकार के स्वास्थ्य मंत्रीब अनिल विज अम्बाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लिए स्थान चिन्हित कर प्रपोजल बनाने की बात कर रहे है। वहीं दूसरी और करनाल की बरसों पुरानी मांग को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। हालांकि करनाल विधानसभा क्षेत्र से सी.एम स्वयं विधायक है और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी है। उसके बावजूद करनाल की अनदेखी हो रही है।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र आर्य दादूपुर जानकारी देते हुए।

पर्यावरण संरक्षण की श्रृंखला में स्वच्छ भारत अभियान ने लिया क्रांति का रूप : मनोहर

चंडीगढ़/उत्तम हिन्दू न्यूज़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और कहा कि इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय 'वायु प्रदूषण से मुक्ति' है जिस पर सभी को अमल करना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज यहां जारी एक संदेश में श्री खट्टर ने कहा कि वायु प्रदूषण एक वैश्विक समस्या है, जो पृथ्वी पर सम्पूर्ण मानवता के लिए खतरा बन गई है। इसलिए पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए दुनिया भर में विभिन्न कदम उठाए जा रहे है। न्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की श्रृंखला में स्वच्छ भारत अभियान ने क्रांति का रूप ले लिया है। हरियाणा में कचरे को अलग करने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इस अभियान के तहत, हरियाणा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र खुले में शौच मुक्त हो गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आइए हम एक साथ आएं और इस विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें कि हम हर साल एक पौधा लगाएंगे, अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे, प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करेंगे और पानी की बर्बादी रोकेंगे'।

एक नज़र

पुत्रवधू के खिलाफ कार्रवाही नहीं होने पर एसपी से मिली सास

पानीपत/कौशिक

पुत्रवधु के घर से भागने व रूपये,जेवर तथा मोबाइल चोरी कर ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाही नहीं करने पर महिला आज पुलिस अधीक्षक से मिली। एसपी ने जांच कराकर उचित कार्रवाही कराए जाने का आश्वासन दिया है। यहां लघु सचिवालय में एसपी से मिलने पहुंची नूरवाला की मोतीराम कालोनी वासी कैलाश पत्नी बिल्लू ने बताया कि उसकी सोनिया पत्नी सुखराज गत 17 मई 2019 को रवि मिठन के साथ भाग गई। सोनिया 3 बच्चों की मां है तथा जाते-जाते घर से 50 हजार की नगदी,उसकी सोने की बालियां और 20 हजार रूपये की कीमत का एक मोबाईल भी अपने साथ ले गई। जिसकी शिकायत उसने 18 मई को थाना किला में कराई थी। कैलाश का आरोप है कि उनकी शिकायत पर पुलिस ने साथ के साथ कोई कार्रवाही नहीं की जबकि उन्होंने रवि का मोबाइल नम्बर तथा अपने साथ चोरी कर ले गई सोनिया का मोबाईल नम्बर भी पुलिस को दे दिया गया था। पुलिस की इस ढील के चलते सोनिया 19 मई को अपने सबसे छोटे लड़के को वधावा राम स्थित स्कूल से अपने साथ ले गई।पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन दिया है कि शीघ्र मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाही कराई जाएगी।

पर्यावरण दिवस पर रैली निकाल की पौधे लगाने की अपील

रादौर/नीतीश जोगी

ब्रीज ऑफ होप सैंटर रादौर की ओर से शहर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से शहर में रैली निकालकर सभी को वातावरण हराभरा रखने के लिए पेड पौधे लगाने की अपील की गई। रैली में बच्चों व संस्था के सदस्यों ने भाग लिया। रैली कमेटी चौक से सरकारी अस्पताल तक निकाली गई। रैली में बच्चों ने हाथों में पौधे लेकर सभी से पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के सदस्य विजय गरडा, जसविन्द्र सिंह ने कहा कि समस्त विश्व ग्लोब ल वार्मिंग की समस्या से गुजर रहा है। वृर्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। यदि विश्व की मानव जाती को सुरक्षित रखना है तो हमें वृक्षारोपण कर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे।

पेयजल समस्या पर ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में दिया धरना

एक्सईन कार्यालय के आगे ग्रामीणों ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

नरवाना/नरेन्द्र जेठी

सुरबरा गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईन कार्यालय के आगे मटका फोड़ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण महिलाओं ने पहले खाली मटके लेकर एसडीओ कार्यालय के बाहर धरना दिया और फिर कार्यकारी अभियंता के कार्यालय के समक्ष मटके फोड़ कर अपना रोष प्रकट किया। गांव के लोगों का कहना है कि पिछले एक महीने से गांव के कई इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच रही। जिस कारण उनका जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। सुरबरा गांव के ग्रामीण दर्शन सिंह, किताब सिंह, फूल सिंह, हरिया, रामनिवास, रामभगत ने बताया कि गांव में पिछले एक महीने से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है लेकिन अधिकारी बार-बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं कर रहे।

» समस्या का जल्द समाधान नहीं करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

एक्सईन कार्यालय के आगे मटके फोड़ते ग्रामीण।

मटका फोड़ प्रदर्शन के बाद कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह व एसडीओ सतीश कुमार ने ग्रामीणों की समस्या को सुना। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा।

कार्यकारी अभियंता से आश्वासन मिलने के बावजूद ही ग्रामीण कार्यालय के सामने से हटे। बाद में सुरबरा गांव के सभी लोग अपनी समस्या को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और यहां एसडीएम के न मिलने पर कार्यालय अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर पेयजल की समस्या का समाधान करने की अपील की।

सुरेश बने राजस्व लिपिकीय संगठन हरियाणा के अध्यक्ष

कलायत /रणबीर राणा

सिचांई विभाग के राजस्व लिपिकीय संगठन हरियाणा एवं दिल्ली का प्रान्तीय सम्मेलन नहर कालोनी मे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता नहरी पटवारी सगठन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र नेहरा की। नेहरा ने बताया कि सर्वसम्मति से सुरेश मोर कैथल परिमंडल को राजस्व लिपिकीय संगठन हरियाणा एवं दिल्ली का प्रान्तीय प्रधान, महासचिव मनोज कुमार हिसार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम नैन फतेहाबाद, कोषाध्यक्ष रणबीर सिंह जीन्द को चुना गया। मंच सन्चालन प्रेम सिंह नैन ने किया।

रेल से कटी मिली लाश

सजूमा कुतबपुर के बीच रेल से कटी हुई एक लाश मिली है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि किसी ने सूचना दी कि सजूमा कुतबपुर के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की रेल से कटकर मौत हो गई है। सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची व लाश को कब्जे में ले लिया। बलवान सिंह ने बताया कि मृतक का रंग गेहूंआ तथा कद 5 फुट 7 इंच के करीब है। मतृक ने बादामी रंग का कुर्ता पायजामा पहन हुआ था तथा उसकी दाहिनी बाजू पर करेशन कुमार लिखा हुआ है। शव का पहचान के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

दिव्यांग समाज ने विस. उम्मीदवार फुल्ला राम को समर्थन देने की ठानी, चलाया जनसंपर्क अभियान

दिव्यांग समाज के उम्मीदवार का स्वागत करते ग्रामीण।

शाहाबाद/स्वामी

दिव्यांग समाज के विधानसभा उम्मीदवार फुल्ला राम गांव कलसाना पहुंचे जहां कलसाना के प्रधान रणदीप ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। रणदीप ने कहा कि दिव्यांगों की 18 सूत्रीय मांगे व दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 पर अभी तक हरियाणा सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। इसलिए उनकी मजबूरी हो जाती है कि वह फूला राम को समर्थन दें और कृष्ण बेदी के खिलाफ चुनाव में जीता कर दिव्यांग गरीब लोगों का भला करें। फुला राम ने सभी गांवों के दिव्यांग नागरिकों का हार्दिक दिल से अभिनंदन किया और आश्वासन दिया की जीतने के बाद भी वह आपके बीच में ही रहेंगे और जनता के सभी काम करवाना उनकी जि मेवारी है। उन्होने कहा कि कृष्ण बेदी मंत्री की तरह मंत्री बनने के बाद या विधायक बनने के बाद वह आपका साथ नहीं छोडेंगे और जनता के बीच में ही कार्य करते रहेंगे। संजय अग्रवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि दिव्यांगजन हरियाणा ने अपने संबोधन में बताया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को सरकार नियम बनाकर लागू नहीं करती है और हमारे 18 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करती है तो दिव्यांग समाज हरियाणा में मजबूरीवश कृष्ण बेदी मंत्री के खिलाफ अपने उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा पूरा दिव्यांग समाज गरीब समाज तन मन धन से समर्थन करता रहेगा।

छबील लगाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

शाहाबाद/स्वामी

सिक्खों के पांचवें गुरू श्री गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर निष्काम सेवा सोसायटी द्वारा जी.टी. रोड पर बसंत आरे के निकट ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई एवं गुरू के लंगर की सेवा की गई। सोसायटी के प्रधान सुखवंत सिंह बग्गी एवं वरिष्ठ उपप्रधान जगदेव सिंह गाबा ने बताया कि 7 जून को गुरूद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब में गुरू अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर बसंत आरे वाले, सुरिन्द्र सिंह हंस,इंद्रजीत सिंह सग्गू, दलीप सिंह, नरेन्द्र सिंह, निशान सिंह, सुरजीत मक्कड़ आदि उपस्थित थे।

....जब एक साथ जली दम्पति की चिताएं

लाडवा/शिवलाल चालिया

गत दिवस स्वर्ग पुरी लाडवा में गोयल दम्पति की चिताओं को एक साथ मुखाग्नि उनके सुपुत्र नें दी। इस दौरान श्मशानघाट में बड़ी संख्या में लोग शोकागुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। गौरतलब है कि गौरव गोयल और उनकी धर्मपत्नी की कल दिल्ली से लाडवा आते समय पानीपत जी.टी.रोड पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। स्वर्गीय मेजर हरसरूप गोयल के पुत्र और पुत्रवधु की एक साथ चिताएं जलने से दिल दहल गए।

वन विभाग ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

पलवल/गुप्ता

वन विभाग पलवल के कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर वन अधिकारियों ने त्रिवेणी के पौधे लगाए और पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों से पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर वन रेंज अधिकारी कर्मबीर मलिक, ब्लॉक वन अधिकारी भूदेव भी मौजूद थे। पृथ्वी के सभी प्राणी एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

इसलिए प्रकृति के बीच आवश्यक संतुलन को बनाए रखा जाए। लेकिन ऐसा नहीं होने की स्थिति में पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। वन रेंज अधिकारी कर्मबीर सिहं ने कहा कि धरती पर गर्मी बढने का मुख्य कारण कम संख्या में पेड पौधे है। गर्मी को दूर करने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। सामाजिक संस्थान व शैक्षणिक संस्थान के प्रतिनिधियों को भी पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएगें। स्कूलों में जागरूकता रैली निकाली जाएगी। गांवों में भी पंचायतों का सहयोग लेकर पंचायतों की खाली जमीन पर पौधारोपण किया जाएगा।

ईद पर की विश्व में अमन-शांति और भाईचारे की दुआएं

धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर का त्यौहार

सिरसा/कृष्ण तिवारी

हरियाणा में आज यहां ईद-उल-फितर का त्यौहार पारम्परिक हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया तथा इस अवसर पर विश्व में अमन-शांति और भाईचारे के लिये दुआएं की गईं। स्थानीय ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोग तड़के ही ईद की नमाज अता करने के लिए रंग बिरंगी पोशाक और टोपियां पहन कर पहुंचे जहां जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद सुलेमान साहब ने उपस्थित लोगों को नमाज पढ़ाई और विश्व में अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआयें की। इससे पहले मुफ्ती मोहम्मद कासीद ने रोज़ा और ईद-उल-फितर की अहमियत के बारे में बताया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता होशियारी लाल शर्मा ने ईदगाह जाकर मुस्लिम भाइयों के साथ नमाज अता की और ईद उल फितर की गले लगाकर मुबारकबाद दी।

शाहाबाद से स्वामी के अनुसार: शाहाबाद में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम बच्चों में इस त्योहार का जबरदस्त उत्साह दिखा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर इस त्योहार की मुबारक बात दी। सभी ने मिलजुल कर ईद की नमाज अदा की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि यह बड़ा पर्व है और सभी को मिलजुल एक दूसरे के त्योहार मनाने चाहिए। वहीं बाजार में चहल-पहल नजर आई और लोगों ने खरीददारी भी की। मुस्लिम समुदाय के बच्चे विशेष परिधानों में सजकर पहुंचे। वहीं ईद की खुशी लोगों के चेहरे पर साफ दिखाई। सवैया व खीर भी जमकर बांटी गई। इस अवसर पर ईमाम मौलाना शराफत, दीन मुहमद, रंजीत जाटा मुहमद अकरम, शाहिद, तौफीक, अब्दलु रहमान, राजेश, इरफान, जावेद, अब्दलु सत्तार, कारीफ, सुलेमान, शेख नसीम सहित बड़ी सं या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

शाहबाद

रादौर से नीतीश जोगी के अनुसार: गांव रायपुर में ईद-उल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेश कुमार ढाण्डा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता सुरेश ढांडा ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर का पावन पर्व प्रेम-प्यार व भाईचारे का प्रतीक है। प्रदेश में आना वाला वक्त कांग्रेस पार्टी का है और हर जन की कांग्रेस में पुरी तरह से आस्था है। इस मौके पर सरपंच बूरा, इंतजार हुसैन, लियाकत अली, मनोशी, हजरत, हसरत, हसीम, हाकम, मुनीर, अलिकोश्र आदि मौजूद थे।

रादौर

अम्बाला से राजेन्द्र भारद्वाज के अनुसार: ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। शहर की सभी प्रमुख मस्ज़िदो साईं तवक्कल शाह मे मुफ्ति मो शहबाज, मस्ज़िद लक्खी शाह मे कारी मो राशिद, मस्ज़िद मदीना मे कारी उजैर अहमद, मस्ज़िद नसीर-उल-ओलिया (नसीरपुर वाली) मे कारी अब्दुल कादीर, मस्ज़िद मक्का मे अब्दुल गफार, मस्ज़िद उस्मानी मे कारी अकरम, मस्ज़िद बादशही मे ईद की नमाज़ अदा की गई। मस्ज़िदो मे मुल्क मे अमन व चैन के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन सोसायटी (रजि. स्थापना 1980) के जिला सदर सैयद अहमद खान ने तकरीर करते हुऐ बताया ईद-उल-फित्र अरबी का शब्द है जिसका मतलब होता है फितरा अदा करना। कहा जाता है कि ईद का दिन मुस्लमानो के लिये इनाम का दिन है। इस दिन को बडी ही सादगी के साथ से मनाना चाहियें।

अंबाला

मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री जयभान पवैय का बैग दक्षिण एक्सप्रेस में चोरी

फरीदाबाद स्टेशन पर ट्रेन रुकने दौरान चोर घुसा था कोच में, पीएसओ के सामने बैग लेकर भाग निकला

फरीदाबाद/उत्तम हिन्दू न्यूज

बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री रहे जयभान सिंह पवैया का ग्वालियर से दिल्ली जाते समय फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन से बैग चोरी हो गया। बैग में 50 हजार नगद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड पैन कार्ड आदि सामान रखा हुआ था। पवैया ने चोरी होने की घटना की शिकायत हजरत निजामउद्दीन स्थित जीआरपी थाने में कराई। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण जीआरपी और आरपीएफ चोर की तलाश में जुटी है। लेकिन अभी तक चोर का कोई सुराग नहीं लगा है।

सीट के नीचे रखा बैग, फरीदाबाद स्टेशन पर हुआ चोरी

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात पवैया 12721 दक्षिण एक्सप्रेस से ग्वालियर से दिल्ली के लिए फर्स्ट क्लास एसी-दो कोच से जा रहे थे। जीआरपी को दी शिकायत में पूर्व मंत्री ने कहा है कि सुबह करीब 3.35 बजे जब उनकी नींद खुली तो देखा कि सीट नंबर 33, 34 के नीचे रखा बैग गायब है। ट्रेन इसके पहले फरीदाबाद ओल्ड स्टेशन पर खड़ी हुई थी।

उन्होंने बताया कि बैग में कपड़ों के अलावा पूर्व सांसद का आईकार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड,एटीएम कार्ड, चेक बुक, सीजीएचएस कार्ड समेत करीब 50 हजार रुपए की नकदी थी। मामला हाई प्रोफाइल होने के चलते जीआरपी और आरपीएफतुरंत हरकत में आई। जीआरपी निजामुद्दीन ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जीआरपी फरीदाबाद को भेज दिया।

रेलवे सूत्रों का कहना है कि घटना के बारे में पूर्व मंत्री जयभान ने रेल मंत्री पीयूष गोयल को भी सूचना दी। रेलमंत्री ने तत्काल आरपीएफऔर जीआरपी को फोन कर घटना का खुलासा करने का आदेश दिया। रेलमंत्री के आदेश के बाद आरपीएफ फरीदाबाद, तुगलकाबाद और निजामुद्दीन हरकत में आई। तत्काल जीआरपी फरीदाबाद से संपर्क कर चोर को पकड़े का अभियान शुरू कर दिया। लेकिन अभी तक चोर पकड़ में नहीं आ पाया है।

झाड़ियां में मिला सामान

जीआरपी फरीदाबाद ने स्टेशन के आस-पास के इलाके में जांच की तो पवैया का बैग यार्ड के पास झाड़ियों में पड़ा मिल गया। इसमें से नगदी और एटीएम गायब था। जबकि दस्तावेज और कपड़े ऐसे ही रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि चोर ने एटीएम कार्ड से करीब 25 हजार रुपए की एचडीएफसी बैंक के एटीएम से निकासी भी कर ली है। जीआरपी थाना प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि बुढ़िया नाले के पास पूर्व मंत्री का बैग और सामान मिल गया। 3450 रुपए की नकदी भी बरामद हो गई है। उन्होंने माना कि मंत्री ने अपने एटीएम में पिन लिखकर रखा हुआ था। जिसके कारण चोर ने उनके एटीएम से पैसे निकाल लिए। घटना की जांच की जा रही है।

मृत जलाशयों को पुनर्जीवित किया जाएगा : इंद्रजीत

गुरूग्राम/उत्तम हिन्दू न्यूज

केंद्रीय सांख्यिकी तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि जलाशयों की पहचान करने का कार्य चल रहा है और जो मृत हो गए है उन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज यहां एक समारोह में श्री सिंह ने कहा 'पहले के जमाने में गांवो में तालाब हुआ करते थे और उस समय हमारे बुजुर्ग हमसे बेहतर पानी का प्रबंधन कर पाते थे। अब हमें भी गांवों के उन तालाबों का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के लोग जागरूक और एक्टिव है टेक्नोलॉजी को अपनाने मे प्रदेश में सबसे आगे हैं इसलिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए हम सभी मिलकर सौर ऊर्जा के समुचित उपयोग का एक अनूठा उदाहरण पेश करें, जो हरियाणा के अन्य जिलों तथा दूसरे प्रदेशों के शहरों के लिए अनुकरणीय हो' । राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वे गुरुग्राम से निर्वाचित लोकसभा सदस्य होने के नाते चाहेंगे कि गुरुग्राम अच्छा बने, यहां के लोगों को ज्यादा सुख सुविधाएं मिले। सरकार अपनी तरफ से प्रयास कर रही है, जो लोग गुरुग्राम के साथ जड़ों से जुड़े हुए हैं और गुरुग्राम में अच्छा करना चाहते हैं, उन सभी लोगों को एकजुट होकर यह सुनिश्चित करना चाहिए गुरुग्राम में हरियाली ज्यादा हो।

भाजपा पर फिर बरसे इनैलो सुप्रीमो

प्रधानमंत्री तानाशाह होगा तो विकास कैसे संभव होगा : चौटाला

कहा, इनेलो कार्यकर्ताओं ने मेरी गैर हाजिरी में भी हमारे संगठन को बनाया और अधिक मजबूत

सोनीपत/सुनील छिक्कारा

इनेलो सुप्रीमो ओपी चौटाला कार्यकर्ताओं के संबोधन में लगातार बजेपी को निशाना बना रहे हैं। इस कड़ी में सोनीपत में फिर से कार्यकर्ताओं के संबोधन में ओपी चौटाला ने बीजेपी सरकार को लूटेरा बताया तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तानाशाह भी कहा। क्योंकि उन्होंने अपनी ही पार्टी के सीनियर नेताओं को दरकिनार किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए।

ओपी चौटाला ने कहा कि अगर देश का प्रधानमंत्री की तानाशाह हो तो देश का विकास कैसे हो सकता है। वहीं सीएम मनोहर लाल खट्टर पर साधा निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सीएम खट्टर को राजनीतिक ज्ञान नहीं है। साथ ही एक फिर चौटाला ने सीएम की तुलना पशु से की, कहा हरियाणा में जो पशु खेतों में काम न करें उसे खट्टर कहा जाता है। वहीं चौटाला ने कहा कि चुनाव महंगे हो गए इसलिए अपने उम्मीदवार के लिए झोली फैलाकर आर्थिक मदद मांगेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पर बोलते हुए कहा कि उन्हें मुझे राय देने के स्थान पर अपने कार्यो पर ध्यान देना चाहिए। ओम प्रकाश चौटाला आज सोनीपत में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पार्टी में गद्दारो की कमी नहीं है हमे पहले इंसान को परखना चाहिए। इनेलो एक बार फिर शुरुआत से इनेलो का संगठन बनाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने कहा कि इनेलो कार्यकर्ताओं ने मेरी गैर हाजिरी में भी हमारे संगठन को और अधिक मजबूत बनाया है । जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कुछ हमारे साथियों ने हमारे साथ दगाबाजी की है यह वह लोग हैं जो जिसकी भी सरकार आ जाती है उसी में जाकर अपने काम निकलवाने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक ही इच्छा है कि जो स्वपन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने देखे थे मैं उन्हें पूरे करना है। उन्होंने कहा कि हमारे सोनीपत प्रत्याशी का पाटनर ही जब उसे धोखा दे गया तो अन्य किस से उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले इंसान की परख करनी है।

पर्यावरण बचाने में त्रिवेणी लाभकारी : कठपालिया

करनाल/आशुतोष गौतम

समाधानांचल की राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संतोष यादव द्वारा चलाए जा रहे त्रिवेणी लगाने के पूण्य कार्य को आगे बढ़ाते हुए आज विश्व पर्यावरण दिवस पर सैक्टर-9 स्थित पार्क में 301वीं त्रिवेणी लगाई। इस अवसर पर समाधानांचल की टीम ने त्रिवेणी के साथ-साथ आज बेल और कबीट के दो पौधो ओर भी लगाये, जिनका अपना एक विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर राकेश कठपालिया ने कहा कि बेल और कबीट के पेड़ों का ऊपरी छिलका कठोर होता है इसलिए बेल एवं कबीट के पेड़ अपनी जड़ों द्वारा कई हजारों लीटर पानी सहेजने में सक्षम हैं। पर्यावरण के लिए त्रिवेणी एवं भू-जल संकट को समाप्त करने में ये बेल एवं कबीट के पेड़ अहम भूमिका निभाते है। इन दोनो पौधो का कार्य पानी बचाना है। इसके अलावा ये पेट की बीमारियों के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। इनकी चटनी खाने से भी बहुत लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी इंसान को प्राकृतिक शक्तियों की सवारी करवाती है। त्रिवेणी एक स्थायी यज्ञ है, जहां भी त्रिवेणी लगी होती है वहां हर पल हर क्षण सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बहता है। नजला, जुकाम, छींकों से पीड़ित व्यक्ति यदि इसके नीचे बैठकर श्वास क्रिया (अनुलोम - विलोम, प्राणायाम) करता है तो दमा तक भी ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि तपस्वियों की तपस्थली है यह त्रिवेणी। इसमें समस्त देवी देवताओं और पितरों का वास माना जाता है। हमने तो यहां तक देखा है कि यदि आप घोर से घोर संकट से भी जूझ रहे हैं और उस समय त्रिवेणी की शरण में चले जाते हैं तो समस्त संकट स्वत ही कट जाते हैं। हर वो इंसान जो श्रद्धा भाव से, आध्यात्मिक भाव से त्रिवेणी लगाता है या लगवाता है या इसका पालन पोषण करता है उसका कोई भी सात्विक कर्म विफल नहीं होता। हर एक इंसान को अपने जीवन में एक त्रिवेणी तो अवश्य लगवानी चाहिए।

ग्रुप डी में भर्ती को लेकर युवाओं में उत्साह

नहीं पता था कि गरीब को भी मिलेगी सरकारी नौकरी

करनाल/आशुतोष गौतम

हरियाणा में डी ग्रुप में भर्ती को लेकर चयनित युवाओं में काफी उत्साह है, युवाओं का कहना है कि ऐसा पहली बार देखा है कि किसी सरकार ने बिना किसी भेदभाव व भ्रष्टाचार के पारदर्शिता से भर्ती की हो। करनाल जिला में चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में करीब 705 उम्मीदवारों का चयन हुआ है।

इस भर्ती को लेकर न केवल चयनित उम्मीदवार बल्कि उनके सगे-संबंधी व रिश्तेदारों में भी काफी उत्साह है। करनाल जिले के सदरपुर गांव के सोहन लाल ने एक बातचीत में बताया कि उनका चयन हरियाणा सरकार द्वारा डी ग्रुप की भर्ती में हुआ है, इस भर्ती को सरकार द्वारा पारदर्शिता व भ्रष्टाचार मुक्त करके हम जैसे गरीबों को भी सरकारी नौकरी में मौका मिला है। उनका कहना है कि इस नौकरी के मिलने से उनका व उनके परिवार को सरकार का एक बहुत बड़ा तोहफा है। उनका डी ग्रुप में चयन हुआ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो कहा था उसका एहसास इस भर्ती के परिणाम में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि उनके चयन के बाद परिवार में खुशी का माहौल है, अब परिवार के लोगों को अपनी रोटी चलाने के लिए दिक्कत नहीं रहेगी। इसी प्रकार बजीदा जाटान के मनीष कुमार ने बताया कि डी ग्रुप में उनका चयन हुआ है और उन्हें कृषि विभाग में नौकरी करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि कभी सोचा भी नहीं था कि बिना पैसे और बिना सिफारिश भी कोई नौकरी मिल सकती है। सुनने में आया था कि मुख्यमंत्री बिना किसी सिफारिश के योग्यता के आधार पर नौकरी लगाएंगे, उस समय लग रहा था कि सभी नेता ऐसे ही कहते हैं परंतु अब पता चला कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल अन्य राजनेताओं से भिन्न हैं, जनता के सामने जो वायदा किया था उसको पूरा किया है।

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन ने सैंट्रल जेल में पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज संगठन की हरियाणा ईकाई द्वारा अध्यक्ष राधिका चीमा के नेतृत्व में अम्बाला की सैंट्रल जेल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेल में बंद महिलाओं को उनकी आवश्यकता का सामान एक किट के रूप में दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा जेल में ही पौधारोपण किया गया। जेल की महिला विंग में राधिका चीमा व अन्य महिला सदस्यों द्वारा महिलाओं को हाईजीन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें मानव अधिकारों के बारे में अवगत कराया व संस्था द्वारा हर संभव सहयोग व सहायता की भी पेशकश की। इस अवसर पर परनीता डोगरा, गहना बजाज, सुनीता, नीतिका, रचना जग्गी,एडवोकेट संदीप सचदेवा, एडवोकेट सौरभ आहूजा, हन्नी रैना, पुरुषोत्तम भट्टी, गुरविंदर चीमा, अरविन्द सिकरी,पवन चुघ, अजय सिंह, उदय सिंह, तजिन्द्र बजाज मौजूद रहे।

मोदी-मनोहर सरकार की नीतियां गरीब के हित में : डॉ गणेश दत्त

सीएम मनोहर अब तक के सबसे काबिल सी.एम. साबित हुए

लाडवा/चालिया

बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ गणेश दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां किसान मजदूर व छोटे तबके के लोगों के हित में कारगर सिद्ध हो रही हैं । वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार समाज के गरीब तबके के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल अब तक के सबसे काबिल सी.एम. साबित हुए। डॉ गणेश लाडवा में कैंटर यूनियन के लोगों के साथ सरकार की नीतियों के बारे में चर्चा कर रहे थे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 से 2019 के कार्यकाल के अंतर्गत भारत के नव निर्माण के लिए आधारभूत नीम को मजबूत किया है और समाज का हर वर्ग सरकार की नीतियों का लाभ उठा सकें और आर्थिक तौर से मजबूत बन सके ऐसा कार्य किया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने सब घर परिवारों को छत मुहैया कराने के लिए योजनाएं लागू कर रही हैं । उन्होंने कहा कि हर घर में शौचालय और हर रसोई में गैस उपलब्ध कराकर सरकार ने लोगों का मन जीत लिया है । दत्त ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिस तरह है भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया और सुशासन दिया है उससे विपक्षी दलों की बोलती बंद हो गई है और आज हर गरीब का बच्चा योग्यता के आधार पर और बिना किसी लेनदेन के सरकारी नौकरी पाने लगा है जोकि सबसे बड़ी उपलब्धि है । यही बात है आम जनता के मन में बस गई है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अब तक की सबसे बेहतर सरकार साबित हुई है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनेगी और आंकड़ा 70 के पार होगा । इस अवसर पर रणधीर सिंह, रामनारायण, सुखबीर, सतबीर, संजु, रामकुमार, महिन्द्र सिंह सहित अनेक कैंटर यूनियन के लोग उपस्थित रहे

कैंटर यूनियन के सदस्यों से बात करते डॉ. गणेश दत्त।

सैकेंडरी शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने जारी किए आदेश

अनाधिकृत निजी स्कूलों को बंद कराने के संबंध में रिपोर्ट की तलब

भिवानी/धामु

अब एक बार फिर सेकेंडरी शिक्षा विभाग के महानिदेशालय ने प्रदेशभर में चल रहे गैर मान्यता व अस्थायी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर अपना रुख कड़ा करते हुए अनाधिकृत निजी स्कूलों को बंद कराए जाने के संबंध में सभी जिला शिक्षा व जिला मौलिक अधिकारियों आदेश जारी किए हैं। निदेशालय ने जारी आदेशों में अब तक प्रदेशभर में चल रहे अनाधिकृत निजी स्कूलों को बंद कराकर इसकी रिपोर्ट निदेशालय को भेजे जाने के निर्देश दिए हैं वहीं जिन स्कूलों को अब तक शिक्षा अधिकारी बंद कराकर इसकी रिपोर्ट निदेशालय को उपलब्ध करा चुके हैं, उन विद्यालयों के स्टेटस के संबंध में भी निदेशालय ने अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

अधिकारियों से यह भी पूछा गया है कि जिन स्कूलों को अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में बंद दर्शाया हुआ है वे स्कूल या अकादमियां धरातल पर बंद हैं या नहीं। अगर बंद कराए जाने के बावजूद भी कोई गैर मान्यता प्राप्त स्कूल व एकादमियां अभिभावकों को धोखा देकर चल रही हैं तो उनके खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने के भी आदेश दिए गए हैं। दरअसल स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल परमार व अन्य द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका संख्या 23119-2017 के तहत प्रदेशभर में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों व अस्थायी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को चुनौति दी गई हैं। इसी मामले में न्यायालय के आदेशों के तहत ही शिक्षा विभाग 15 अप्रैल व 19 अप्रैल के बाद 29 मई को जारी किए गए आदेशों का भी हवाला दिया गया है। इन दोनों ही आदेशों में शिक्षा अधिकारियों को अपने अपने जिला के अंतर्गत चल रहे गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को बंद कराने के आदेश दिए जा चुके हैं। इन आदेशों के बावजूद भी जिन शिक्षा अधिकारियों ने अभी तक गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को बंद नहीं कराया है, जिसके लिए पत्र में उनको खुद जिम्मेवार ठहराया गया है।

कोचिंग सैन्टरों के सर्वे हेतु नगर निगम ने गठित की टीमें

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज

किसी एकेडमी या कोचिंग सेंटर आदि में कोई अनहोनी न हो, इसके लिए निगम ने सर्वे शुरु कर दिया। निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर तेजेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके लिए दो टीमों का गठन किया गया है जो छावनी के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जांच पड़ताल करेगी कि इन क्षेत्रों में ऐसे कितने कोचिंग सेंटर या एकेडमी चल रही हैं इसकी रिपोर्ट बनाकर जल्द ही आला अधिकारियों को भेजी जाएगी। इन एकेडमी संचालकों से यह पता किया जा रहा है कि उनके पास सुरक्षा के क्या पुख्ता इंतजाम हैं। बिल्डिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि यदि एकेडमी संचालकों के पास सुरक्षा प्रमाण पत्र नहीं है तो ऐसी स्थिति में उन्हें नोटिस दिया जाएगा और वह फिर भी अपनी कार्रवाई पूरी नहीं करते तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि निगम के पास ऐसे संस्थान नियमों की अवहेलना करते हैं, उन्हें सील तक करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि बच्चों की जिंदगी के साथ किसी को खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। गौरतलब है कि करीब दो सप्ताह पहले सूरत में एक भीषण अग्निकांड हुआ था। इस दौरान एक बिल्डिंग में आग लग गई थी जिसके बाद बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल में चल रहे कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे कई बच्चों की जान खतरे में आ गई थी।

9 को होगा नरू बाबा धाम में भव्य धार्मिक कार्यक्रम

सरपंच नरेंद्र सिंह नरवाल बैठक में जानकारी देते हुए।

करनाल/आशुतोष गौतम

गांव नरूखेड़ी स्थित नरू बाबा धाम परिसर में एक धार्मिक कार्यक्रम को आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में विशाल यज्ञ करने के उपरांत कार्यक्रम परिसर में पूरे दिन बाबा का अटूट भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। मेले का आयोजन हर वर्ष की भांति ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन 9 जून को किया जा रहा है।

इस अवसर पर लगने वाले मेले को लेकर आसपास के गांव सहित ग्रामीणों में भारी उत्साह है। इस मेले की तैयारियों को लेकर गांव नरूखेड़ी में गठित कमेटी तथा ग्रामीणों द्वारा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। हर कोई इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से लगा हुआ है। बताया गया है कि इस धार्मिक कार्यक्रम में हलका असंध से भाजपा विधायक बख्शीश सिंह विर्क बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगें।

गांव के सरपंच नरेंद्र सिंह नरवाल ने एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव की तमाम 36 बिरादरियों के सहयोग से नरू बाबा धाम पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसे बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच एसोसियशन के जिलाध्यक्ष प्रवीन नरवाल, ब्लाक समिति मैम्बर अमित कुमार, समाजसेवी सतपाल नरवाल, जॉनी नरवाल, हरजीत नरवाल, गौतम नरवाल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

गुरुकुल धीरणवास के स्वामी सर्वदानंद पंचतत्व में विलीन

वैदिक रीति अनुसार गुरुकुल प्रांगण में हुआ अंतिम संस्कार

हिसार/विजय शर्मा

गुरुकुल धीरणवास के संस्थापक और कुलपति स्वामी सर्वदानंद का अंतिम संस्कार पूरी वैदिक रीति अनुसार मंगलवार सांय 6 बजे गुरुकुल में हुआ । मुखाग्नि आर्य जगत के सन्यासी स्वामी आर्यवेश ने दी । वेदमंत्रोच्चारण आचार्य रामस्वरुप शास्त्री , आचार्य देवदत व ब्रह्मचर्यों ने किया जानकारी देते हुए गुरुकुल के प्रवक्ता सत्य पाल अग्रवाल ने बताया 97 वर्षीय स्वामी सर्वदानंद कुछ दिनों से अस्वथ थे सोमवार सायं उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वामी सर्वदानंद ने भारतीय सेना से निवृत्त होकर 1972 में जन्माष्टमी के दिन क्षेत्र के कुछ लोगों को ले कर गांव धीरणवास में गुरुकुल की स्थापना की और जीवन पर्यन्त सेवा करते हुए गुरुकुल धीरणवास को प्रदेश के गुरुकुलों की अग्रणी पंक्ति में खड़ा कर दिया। स्वामी सर्वदानंद के निधन से सम्पूर्ण आर्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार पर आचार्य विजय पाल, आचार्य डॉ प्रमोद योगार्थी ,स्वामी राजेंद्र कालवा, स्वामी कृष्णानंद , पूर्व मंत्री प्रो.सम्मपत सिंह, चौधरी हरिसिंह सैनी, विधायक रणबीर सिंह गंगवा, दिग्विजय सिंह चौटाला, रणधीर पनिहार,मानसिंह पाठक, अनेकों धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं एवं आर्य जगत के अनेकों संन्यासीगणों व गणमान्य लोगों द्वारा उपस्थित हो कर गहरा शोक व्यक्त किया । सत्य पाल अग्रवाल ने बताया कि 5 जून बुधवार को गुरुकुल में एक दिवसीय शोक बैठक के बाद 6 जून वीरवार को सुबह 9 बजे से 11बजे तक श्रद्धांजलि सभा की जियेगी।

ईद पर्व भाईचारे और शांति का सन्देश देता है : रेडमैन धर्मबीर सिंह

भिवानी/धामु

देश भर में मुस्लिम समुदाय के लोग ईद का जश्न मना रहे है, इसी कड़ी में भिवानी में भी आज मुस्लिम समुदाय ढाणा रोड़ स्थित ईदगाह में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। एमपी ने ईद की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के पर्व भाईचारे और शान्ति का संदेश देते हैं। इसलिए इस पर्व पर समाज ईद पर संकल्प ले कि वे आपसी भाईचारे को बढ़ावा देंगे। भिवानी में आज ईद के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग ढाणा रोड़ सहित ईदगाह स्थल पर एकत्रित हुए। इस मौके पर रोजा रख रहे लोगो को उनके रोजे की समाप्ति की बधाई दी तथा कहा कि ऊपर वाला उनकी मुराद पूरी करे और विश्व मे शांति बनी रहे।

विधानसभा चुनावों में लक्ष्य को पार करने के लिए तत्पर खट्टर सरकार

फूंक-फूंक कर कदम रखने की कसरत शुरू

चंडीगढ़/मोहन अरविन्द

हरियाणा भाजपा ने निकट आ रहे विधान सभा चुनावों को लोक सभा चुनावों की तरह भुनाने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। इसमें कार्यकर्ताओं को काफी निकट लाने की मुहिम चलाने पर बल दिया गया है। भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों को रफ्तार दे दी है। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा 6 जून से 20 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में संगठनात्मक बैठकें घोषित कर दी हैं। इस दौरान विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। सुभाष बराला कहते हैं कि इस बैठक में मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। बैठक की शुरूआत 6 जून को नूंह से होगी। इसके बाद 7 जून को कुरुक्षेत्र, पलवल में 8 जून को, सिरसा, जींद व कैथल में 9 जून को, सोनीपत व चरखी दादरी में 10 जून को बैठक होगी। फरीदाबाद में 11 जून को, यमुनानगर में 12 जून को, रोहतक व फतेहाबाद में 13 जून को, झज्जर व हिसार में 14 जून को, महेंद्रगढ़, अंबाला में 15 जून को, भिवानी, गुरूग्राम व पंचकूला में 17 जून को, करनाल में 18 जून को, रेवाड़ी में 19 जून को, पानीपत में 20 जून को बैठक होगी। इधर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने प्रशासनिक ढाँचे को चुस्त -दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों की खिंचाई करने का बीड़ा उठा लिया है। उन्होंने साफ साफ निर्देश दिए हैं कि सरकार की घोषणाओं को अति शीघ्र अमली जामा पहनाने की पहल की जाए। कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करने के लिए भी कहा गया है। खट्टर ने विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाएं ताकि उन्हें जल्द से जल्द पूरा करके लोगों को त्वरित सेवाएं मुहैया करवाई जा सकें। मुख्यमंत्री ने जनहितों के कार्यों में तेजी लाने के लिए ठोस उपाय तलाशने के लिए कहा है। पूरे हरियाणा में पर्यटन की क्षमता के अध्ययन के लिए एक एजेंसी को नियुक्त किया जाए, जो हरियाणा में पर्यटन की दृष्टि से विकसित होने वाले स्थानों, जिनमें मंदिर, स्मारक, किले इत्यादि, का अध्ययन करेगी। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न प्रकार के रासायनिक गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए कैमिकल इंजीनियरों की एक कमेटी बनाई जाए जो विभिन्न प्रकार के गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए अपनी राय दे सकें ताकि विभिन्न प्रकार के एसटीपी और सीटीपी को स्थापित किया जा सके। पांच किलोमीटर के दायरे में प्राइमरी, मिडल, सेकेण्डरी और सीनियर सेकेण्डरी स्कूलों की मैपिंग करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि राज्य के प्रत्येक स्कूल में कितने कमरे, कितने अध्यापक और कितने छात्र हैं, की जानकारी भी प्रत्येक सप्ताह अपडेट होनी चाहिए।



गुरबाणी का कीर्तन कर संगतों को निहाल किया

शाहाबाद/स्वामी

गुरूद्वारा श्री गुरूनानक दरबार मे श्री गुरू अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीसरे दिन गुरूग्राम से आये रागी जत्था भाई जतिन्द्र सिंह ने गुरूबाणी का कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। उन्होने कहा कि गुरू अर्जुन देव जी को आध्यात्मिक जगत में गुरू के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्होने ही गुरूओं की बाणी को एकत्रित कर श्रीगुरू ग्रन्थ साहिब में बाणी रची। गुरूद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा रागी जत्थों को सिरोपा देकर स मानित किया गया। समागम उपरांत गुरू का लंगर अटूट बरताया गया। इस अवसर पर प्रधान सुखचैन सिंह, भगवंत सिंह, त्रिलोचन सिंह हांडा,कुलवंत सिंह चावला, दलजीत सिंह, मलकिन्द्र सिंह, अमृतपाल सिंह,गुरशरण सिंह,अरविन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह सहित बड़ी सं या में सिक्ख

गांव मंचूरी में भूमि को लेकर उपजा विवाद फिर गर्माया

- बैठक कर कश्यप समाज ने बजाया आंदोलन का बिगुल
- 9 को महापंचायत कर तैयार की जाएगी आगामी रणनीति

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : गांव मंचूरी में भूमि के टुकड़े को लेकर उपजे विवाद में सुनवाई न होने से बिफरे कश्यप समाज ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल बजा दिया है। इस मामले को लेकर 9 जून को महापंचायत कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। यह निर्णय कश्यप धर्मशाला कुरूक्षेत्र में राज्यसभा सांसद राम कुमार कश्यप की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में लिया गया। बैठक में आरोप लगाया कि गांव मंचूरी जिला करनाल में दबंग लोगों के स्कूल के लिए छोड़ी गई पंचायती जमीन पर कथित कब्जा करने की कोशिश के मामले में प्रशासन की ग्रामीणों व कश्यप समाज के लोगों के खिलाफ पक्षपातपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। इससे समाज के लोगों मे रोष पनप रहा है। राज्यसभा सांसद रामकुमार कश्यप ने बताया कि वर्षो पहले गांव मंचूरी की पंचायत ने स्कूल के लिए जगह छोड़ी थी, जिस पर

बैठक के बाद जानकारी देते राज्यसभा सांसद राम कुमार कश्यप।

ग्रामीण स्कूल बनवाना चाहते है। मगर कुछ दबंग लोग धार्मिक स्थल निर्माण की आड़ में कथित कब्जा करना चाहते हैं। दबंग लोगों को उस पंचायती जमीन पर कब्जा करने से रोका गया, तो उन्होंने ग्रामीणों पर हमला कर गोलियां चलाई, जिससे कई ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने राजनीतिक दबाब व जातिवादी मानसिकता के चलते निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की और हथियारबंद दबंगों के हमले में गोलियां लगने से घायल हुए लोगों सहित कई अन्य निर्दोष ग्रामीणों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित ग्रामीण पिछले 2 साल से इस मामले में न्याय पाने के लिए भटक रहे है और पिछले एक महीने से लगातार धरना पर बैठे है। इसलिए कश्यप समाज के प्रदेश नेताओं ने एकमत होकर प्रशासन के अन्यायपूर्ण रवैये व पक्षपाती कार्यवाही के खिलाफ 9 जूनको महापंचायत करने का ऐलान किया व महापंचायत में आरपार की लड़ाई के लिए निर्णय लिया जाएगा। स्टेट सभा के प्रधान जय भगवान कश्यप करनाल व श्री कश्यप समाज महासभा के प्रधान देशराज कश्यप कुरूक्षेत्र ने कश्यप समाज के लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए महापंचायत को पूर्ण समर्थन किया। हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के प्रदेशाध्यक्ष जयभगवान कश्यप ने चेताया कि न्याय नहीं मिलने पर, वे किसी भी प्रकार की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। मीटिंग में कश्यप राजपूत सभा के अध्यक्ष ओमपाल कश्यप कुरुक्षेत्र, हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के प्रधान जयभगवान कश्यप नम्बरदार करनाल, श्री कश्यप समाज महासभा के प्रधान देशराज कश्यप कुरूक्षेत्र व पीड़ित लोगों सहित सैंकड़ो जन मौजूद रहे।

बिजली चोरी पकड़ने गए कर्मियों की धुनाई

पलवल/गुप्ता : न्यू एक्सटेंसन कॉलोनी में बिजली चोरी पकड़ने गए बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने बिजली विभाग के एसडीओ की शिकायत पर एक नामजद व 3 - 4 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जाँच अधिकारी एएसआई अनिल कुमार के अनुसार बिजली विभाग के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 4 मई की दोपहर को बिजली विभाग से जेई रतन , महेन्दर , लालचंद , सहायक फोरमेन रतनचंद देवेंदर , लाइनमेन किशनसिंह पलवल की न्यू एक्सटेंसन कॉलोनी में बिजली चोरी पकड़ने के लिए गए थे। जहां कॉलोनी निवासी गजेंदर व 3 - 4 अन्य ने बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट की और मारपीट के दौरान उक्त लोगो ने बिजली कर्मचारियों की जेब से जरूरी कागजात , डायरी , पहचान पत्र और आधार कार्ड को भी छीन लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

ढाकल गांव में दो गुटों में खूनी संघर्ष, 10 लोग घायल

दो महिलाओं सहित 7 के खिलाफ मामला दर्ज

नरवाना/नरेन्द्र जेठी: ढाकल गांव में दो गुटों में झगड़ा हो गया और देखते ही देखते झंगड़ा खूनी संघर्ष में बदल गया। इस संघर्ष में दोनों गुटों के लगभग 10 लोग घायल हो गए। घायलों में 5 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए अग्रोहा मैडिकल कालेज रैफर कर दिया। दो गुटों के बीच हुए विवाद व मारपीट के मामले में सदर थाना पुलिस ने दो महिलाओं सहित 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ढाकल गांव में सोमवार देर रात दो परिवारों के लोगों के बीच विवाद और झगड़ा हो गया और यह झगड़ा फिर मारपीट व संघर्ष में बदल गया। मारपीट की इस घटना में एक परिवार के 7 लोग बलवंत, भूपेंद्र, मनदीप, संदीप, महिला सुमन, रीना व जग्गो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी संघर्ष में दूसरे गुट के भी 3 लोग संजू, संतोष व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल नरवाना में दाखिल करवाया गया जहां डाक्टरों ने सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अग्रोहा मैडिकल कालेज रैफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। सदर थाना पुलिस ने घायल भूपेंद्र की शिकायत पर ढाकल गांव निवासी संजू, जोनी, राजेश, महिला संतोष व कुसुम, पंजाब के रहने वाले विक्की व जोनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

ढाकल गांव में हुए संघर्ष में घायल हुए लोगों से जानकारी लेती हुई सदर पुलिस।

सातवीं आर्थिक जनगणना का कार्य सिरसा में 10 से

सिरसा/कृष्ण तिवारी: हरियाणा के सिरसा जिले में 7वीं आर्थिक जनगणना का कार्य दस जून से शुरू होगा जिसके लिये 430 सुपरवाइजर व 2080 गणनाकार नियुक्त किए गए। केंद्र सरकार सातवीं आर्थिक जनगणना कार्य अटल सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से शुरू कर रही है। जनगणना कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज यहां स्थानीय पंचायत भवन में केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रुप से अटल सेवा केंद्र संचालकों के लिये जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता जिला सांख्यिकी अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने की। श्री कुमार ने इस अवसर पर बताया कि देश में सबसे पहली आर्थिक जनगणना 1977 से शुरू हुई थी। जो लगभग हर पांच बाद होती आ रही है। इससे पहले छह आर्थिक जनगणना हो चुकी हैं तथा आखिरी जनगणना 2013 में हुई थी। उन्होंने बताया कि इस कार्य में इंसानों की नहीं बल्कि देश में चल रहे हर तरह के कामकाज में लगे लोगों की गणना होती है। ऐसे व्यक्ति जो किसी भी तरह कर आर्थिक गतिविधि से जुड़े हों। सरकार ऐसा कोई भी कार्य जो पैसा कमाने के लिए किया जाता है, देश में रहने वालों लोगों की आर्थिक स्थिति, रहन-सहन का स्तर, देश में लघु, मध्यम और बड़े स्तर पर चल रहे कारोबार अथवा व्यापार, लोगों का किसी खास व्यापार के प्रति रूझान न किस तरह के व्यापार में है, इसका इस जनगणना के माध्यम से पता लगाती है ताकि जब भी कोई योजना बनानी हो तो जनगणना आंकड़ों की मदद से लोगों की जरूरत के हिसाब से एक बेहतर और लाभदायक योजना बना सके।

परीक्षा देने जा रहे युवक की हत्या का मामला

पुलिस ने चौथे आरोपी को किया गिरफ्तार

नरवाना/नरेन्द्र जेठी: पुरानी रंजिश के चलते परीक्षा देने जा रहे नरवाना के मोहित युवक की उचाना के बस स्टैंड पर हत्या करने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी जुनायल को गिरफ्तार कर बाल कोर्ट में पेश किया। बाल कोर्ट ने बोस्टल जेल हिसार भेज दिया। इससे पहले तीन युवकों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था। बता दें कि नरवाना की मोरपत्ति के सुरेंद्र ने 8 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने भतीजे मोहित को ओपन से 12वीं कक्षा की परीक्षा दिलवाने के लिए जींद जा रहा था। 8 अप्रैल को उसका हिंदी का पेपर था। नरवाना से वह बाइक पर सवार होकर जींद के लिए निकले। जब वह जींद के लिए जा रहा था तो उनके पीछे 3 बाइकों पर युवक पीछा करने लगे। सुरेंद्र ने बताया कि वह उचाना बस स्टैंड पर पहुंचे तो उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया जो क्रूजर से टकरा गई। क्रूजर से बाइक टकराने से वह दोनों गिर गए। नीचे गिरने के बाद जब मोहित उठ कर भागने लगा तो पीछे से बाइक पर उनका पीछे कर रहे युवकों ने मोहित को घेर लिया और चाकुओं से उसके ऊपर वार करने लगे। मोहित को बचाने के लिए उसने बीच-बचाव किया तो इन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। थाना प्रभारी उचाना राजपाल ने बताया कि इससे पहले मोहित मर्डर में तीन को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

ग्रामीणों के बीच पहुंच कर भाजपा नेता ने सुनीं समस्याएं

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा नेता स्वामी संदीप ओंकार गांव भौर-सैंयदा पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ देने पर ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा को गावों से अपेक्षा से अधिक समर्थन मिला है। संदीप ओंकार ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता स्वयं को भाजपा का सिपाही समझ कर कड़ी मेहनत करेगा, तो विधानसभा चुनावों में भी बेहतर परिणाम हासिल होंगे। गांववासियों ने बिजली-पानी से सबंधित समस्याओं को उनके समक्षा रखा। संदीप ओंकार ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं को हल करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इससे पूर्व गांव पहुंचने पर गांववासियों ने फूलमालाएं पहना कर व शाल ओढ़ा कर संदीप ओंकार का स्वागत किया। ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए संदीप ओंकार ने कहा कि यदि उन्हें सत्ता में भागेदारी करने का अवसर मिला, तो ग्रामीण परिवेश के लिए खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी विशेष रूप से बनाई गई योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करवाने की कोशिश की जाएगी।

श्री बालाजी मित्र मंडल द्वारा रजत समारोह 11 जुलाई से

हिसार/विजय शर्मा : श्री बालाजी मित्र मंडल द्वारा 5 दिवसीय रजत समारोह 11 जुलाई से श्री मेहंदीपुर धाम में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीबाला जी मित्र मंडल के मुख्य सेवादार व बालाजी के परम सेवक रतन भाई जी गोयल ने बताया कि सिल्वर जुबली मेले को लेकर इसका शुभारंभ 6 जून को स्थानीय सिटी थाना रोड नालबंद गली में स्थित श्री बालाजी मंदिर में श्री बालाजी महाराज के मनोकामना यज्ञ के साथ प्रारंभ होगा। रतन गोयल ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में बालाजी महाराज की 41 दिवसीय अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। प्रतिदिन मंदिर में बालाजी महाराज की पूजा अर्चना व भजन किया जाएगा। 21 जोड़ों द्वारा हवन यज्ञ की परिक्रमा कर गोले की आहूति दी जाएगी। इसके उपरांत श्री बालाजी महाराज के भजनों की वर्षा होगी। आरती के उपरांत आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।

श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर मेला 9 को

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : गांव कमोदा के श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर शुक्ला सप्तमी पर मेला लगेगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। ज्येष्ठ माह की 9 जून को रविवारीय शुक्ला सप्तमी को लगने वाले इस मेले में हर साल विभिन्न स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां के पवित्र सरोवर में स्नान करते आते हैं। इसी के चलते मेले के मद्देनजर तीर्थ में स्वच्छ जल भर दिया गया है और तीर्थ परिसर की सजावट भी शुरू कर दी गई है। सुमिंद्र शास्त्री ने बताया कि इस पावन धरा पर पांडवों को सांत्वना एवं धर्मोपदेश देने हेतु महर्षि वेदव्यास जी, महर्षि लोमहर्षण जी, नीतिवेता विदुर जी, देवर्षि नारद जी, वृहदश्व जी, संजय एवं महर्षि मरकडेय जी पधारे थे। इतना ही नहीं, द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण जी अपनी धर्मपत्नी सत्यभामा के साथ पांडवों को सांत्वना देने पहुंचे थे। पांडवों को दुर्वासा ऋषि के श्राप से बचाने के लिए और तीसरी बार जयद्रथ द्वारा द्रोपदी हरण के बाद सांत्वना देने के लिए भी भगवान श्रीकृष्ण काम्यकेश्वर तीर्थ पर पधारे थे। पांडवों के वंशज सोमवती अमावस्याए फल्गू तीर्थ के समान शुक्ला सप्तमी का इंतजार करते रहते थे।

नन्ही वैदेही ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ द्वारा पुणे में राष्ट्र स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अम्बाला के सतयुग दर्शन संगीत कला केन्द्र से गुरू अंजू मिगलानी द्वारा प्रशिक्षित कई बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में देश भर से कुल 350 प्रतिभागियों ने अलग अलग श्रेणियों में भाग लिया। कान्वेंट आफ जीसस एंड मैरी स्कूल में पढ़ने वाली 8 वर्षीय नन्ही वैदेही आनंद ने एकल कत्थक नृत्य व संयुक्त श्रेणी में भाग लिया व दोनों ही श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वैदेही की इस उपलब्धि पर गुरू अंजु मिगलानी, वैदेही के माता-पिता व पूरे अम्बाला में खुशी की लहर आ गई है व बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

पीरबाबा की दरगाह पर भंडारा आज

रादौर/नीतीश जोगी : शहर की गीता कालौनी में स्थित पीरबाबा की दरगाह पर बृहस्पतिवार 6 जुन को दोपहर 12 बजे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह जानकारी देते हुए इंजि० रणबीरसिंह छोटेलाल ने बताया कि हर वर्ष स्थानीय लोगों की सुख शांति के लिए शहर की गीता कालौनी में स्थित पीरबाबा की दरगाह पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में सभी लोग तन मन धन से पुरा सहयोग करते हुए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करे। इस अवसर पर रणबीरसिंह, दिनेशमान, अमरदीप, विक्की, पोलाराम, साहिल, जोनी, कंवरपाल, सुशील, शैंटी मोगिया, सोनु सरदार, बब्बलू, अनिल सैनी, गौरव, पंकज, शैंकी आदि मौजूद थे।

चेयरमैन ने सुनीं जनसमस्याएं

रादौर/नीतीश जोगी : ब्लॉक समिति चेयरमैन शशि दुरेजा ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को गांव तिगरा का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कार्यों से बेहद खुश है। इस अवसर पर उन्होंने गांव के कब्रिस्तान की चारदीवारी के लिए पंचायत को 2 लाख रूपए की ग्रांट राशि दिए जाने की घोषणा की। वहीं उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर सभी को वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया।

जागरूकता शिविर के दौरान किया पौधारोपण

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक गांवों में जागरूकता शिविर लगाए गए। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम डा. कविता काम्बोज ने बताया कि गांव मेघा माजरा, बरगट, बदरपुर, अढोन और अहमदपुर में पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से पांचों गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाए गए हैं।

सत्य के लिए तपस्या व चुनौतियों के लिए आत्ममंथन जरूरी : कुलपति

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डा. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषि महात्मा एकान्त में जाकर सत्य को जानने के लिए कठोर तपस्या करते थे। इसी पद्धति हमारे वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जाकर सुबह से सांय तक तपस्या करते हैं, तांकि संबंधित विषय की सत्यता का पता चल सके। आज के समय विशेषतौर पर साइंस और इंजिनियरिंग के विद्यार्थी पैसा व पॉवर प्राप्त करने के लिए शिक्षा के समय कई बार तनाव में आ जाते हैं और कई बार ऐसी घटना को अंजाम देते हैं जिससे उनकी जीवन लीला समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में मानवीय मूल्यों का अहम योगदान होता है। मानवीय मूल्य एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व का आधार होता है। वे यूआईईटी संस्थान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा करवाए जा रहे 7 दिवसीय मानवीय मूल्यों पर आधारित फैकल्टी डैवेलपमैंट प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता उपासना की परम्परा और हिन्दू देवी-देवताओं की उपासना का उदाहरण देते हुए कहा कि मानसिक शक्ति के लिए उनके पहलुओं का अनुसरण करना चाहिए। संस्थान के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों से हमारे विद्यार्थियों का तनाव दूर होता है व मानसिक शक्ति को बढ़ावा मिलता है जिससे वे समाज के नव.निर्माण में अपना अहम योगदान दे सकें। डा. उर्मिला ने देश के विभिन्न हिस्सों से भाग लेने आए प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया।

दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुविवि कुलपति डा. कैलाशचंद्र शर्मा।

जय श्री कृष्ण, जय गोपाल के जयकारों से गूंजा कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : भगवान परशुराम कॉलेज में होने वाले 7 दिवसीय श्रीकृष्ण कथा कार्यक्रम से पहले दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई। इस कलशयात्रा के दौरान जय श्री कृष्ण जय गोपाल के नारों से धर्मनगरी गूंज

» कलशयात्रा में 1100 महिलाएं हुई शामिल

उठी। इस दौरान 1100 महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर कलशयात्रा में भाग लिया और जय श्रीकृष्ण का उद्घोष किया। कलश यात्रा का शुभारंभ कुरुक्षेत्र नगर परिषद की चेयरपर्सन उमा सुधा, मीना चौहान प्रदेश महामंत्री, महिला मोर्चा, भाजपा, नीलम बडोन्दा जनरल सेक्रेटरी कांग्रेस कमेटी, एवं लक्ष्मी अरोड़ा द्वारा ध्वज फहराकर किया गया। उमा सुधा ने कहा कि श्रीकृष्ण और धर्मनगरी का गहरा नाता है। उन्होंने महाभारत युद्ध में अग्रणी भूमिका निभाते हुए धर्म का साथ दिया और अधर्मियों का नाश करने में पांडवों के साथ खड़े रहे।

उन्होंने कहा कि हमें भी धर्म और न्याय का साथ देना चाहिए। इस दौरान सभी ने श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए वातावरण को श्रीकृष्णमय बना दिया। बता दें कि 11 जून तक सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक भगवान परशुराम कॉलेज में श्रीकृष्ण कथा कार्यक्रम होगा, जिसमें संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज जी की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर महामनस्विनी साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती कथा का वाचन करेंगी। इस उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा सैनी समाज धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

चोरी की कोशिश के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज : थाना बराड़ा क्षेत्र सिंघपुरा कालोनी में चोरी की कोशिश करने के मामले में गत दिवस पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रमेश कुमार निवासी गाँव बीहटा थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर थाना बराड़ा में मामला दर्ज किया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया और न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला ने गत दिवस थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी आरोपी रमेश कुमार निवासी गाँव बीहटा थाना साहा जिला अम्बाला ने उसके घर का ताला तोड़कर गैस सिलैण्डर चोरी करने की कोशिश की है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रमेश कुमार निवासी गाँव बीहटा थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर थाना बराड़ा में मामला दर्ज किया।

पर्यावरण दिवस : विद्यार्थियों को दिलाई पौधारोपण व सरंक्षण की शपथ

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिवंरहेडी-1 के मुख्याध्यापक दलबीर मलिक ने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता हेतु पौधारोपण अत्यावश्यक है। वे विद्यालय में पर्यावरण दिवस पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को पौधारोपण के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वाहनों की अधिकता से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, इसलिए पर्यावरण की शुद्धता हेतु पौधारोपण परम आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से अपना बचाव करना है, तो सभी अपने घर के आंगन व खेतों तथा खाली पड़ी जमीन पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि सभी छात्र अपने जन्मदिन को मोमबत्ती बुझा कर नहीं बल्कि पौधारोपण करके मनाएं। अपने जन्मदिन व अन्य खुशी के अवसर सभी एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी तब तक देखभाल करें जब तक वह जमीन से अपने आप खुराक न लेनी शुरू कर दें। कार्यक्रम के तहत कई फलदार व छायादार पौधे लगाए गए और देखभाल की पूरी जिम्मेदारी छात्रों को सौंपी गई। मुख्याध्यापक दलबीर मलिक ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधें लगाने की शपथ दिलवाई। इस दौरान विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक राजेन्द्र सिंह व प्राथमिक विंग के इंचार्ज अमित मलिक की देखरेख छात्रों ने में पौधारोपण भी किया। उधर गांव कैन्थल खुर्द के आगंनवाडी में पर्यावरण दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाजसेवी बलदेव सिंह सैनी मुख्यातिथि रहे। बलदेव सिंह सैनी ने कहा अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे पर्यावरण की नितान्त आवश्यकता होती है। पर्यावरण की शुद्धता हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। पौधारोपण में विद्यार्थियों व स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

विद्यार्थियों को पौधारोपण की शपथ दिलाते मुख्याध्यापक दलबीर मलिक।

आवारा पशुओं के आतंक से अम्बाला की जनता हुई बेहाल

अम्बाला/राजेन्द्र भारद्वाज

अंबाला शहर में आवारा पशुओं का लोगों पर हमले का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुद्वारा बादशाही बाग के नजदीक पप्पू करियाना वाला स्टोर के पास गली में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग पर सांड ने हमला कर दिया जिससे महिला घायल हो गई। पीड़ित महिला के बेटे ने बताया कि कुछ दिन पहले दो सांड आपस में लड़ रहे थे तो उसकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसमें 25-30 हजार का नुक्सान हुआ। अभी हाल ही में 30 मई को भी एक आवारा सांड ने सरसेहड़ी गांव के 90 वर्षीय बुजुर्ग पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले पर ज्वाइंट कमिशनर सतेन्द्र सिवाच ने कहा था कि आचार संहिता के चलते आवारा पशुओं को पकड़ने का टेंडर बीच में ही रुका पड़ा था, लेकिन अब कार्रवाई शुरु कर दी गई है। बावजूद इसके मौतों का सिलसिला इसी प्रकार चलता रहा। करीब चार सप्ताह पहले भी बलदेव नगर के एक बुजुर्ग को सांड ने टक्कर मार दी जिससे उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लोगों का कहना है कि इतनी जानें जाने के बावजूद प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा। न तो जिला प्रशासन की नींद खुली है और न ही नगर निगम की। आवारा पशुओं के कारण इतने लोगों की जानें जा चुकी हैं और कई सड़क हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके प्रशासन ने कोई सतर्कता नहीं दिखाई और न कोई अभियान चलाया। शहर के लोगों ने मांग की कि आवारा पशुओं को लेकर प्रशासन को जल्द से जल्द पुख्ता कदम उठाना चाहिए।

धूमधाम से मनाया ईद उल फितर का त्यौहार

समुदाय के लोग नमाज अदा करते हुए।

नालागढ़/अनिल कपूर : औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में गत रात्रि चांद के दीदार के बाद बुधवार को ईद उल फितर (मीठी ईद) का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज अता कर देश एवं प्रदेश में अमन शांति तथा आपसी भाईचारे की कामना की दुआ की गई हजारों की संख्या में समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज पढ़कर एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और सेवईयां मिष्ठान एवं तोहफे एक दूसरे को बांटे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अता कर देश एवं प्रदेश की अमन शांति की दुआ मांगी। बुधवार को मुसलमानों का पाक एवं पवित्र त्योहार ईद उल फितर बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

लोगों को जागरूक करने स्वयं फील्ड में उतरे डीएफओ यशदीप

ऊना/ममता भनोट : जिला ऊना में सरकारी वनों में आग की घटनाओं पर अंकुश लगे इसके लिए वन विभाग यूं तो हर वर्ष लोगों को जागरूक करता है, लेकिन इस बार जिला वन अधिकारी यशदीप सिंह ने स्वयं फील्ड में उतर कर लोगों को जागरूक करने की मुहिम छेड़ी है। चौकीमनयार के विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं लोगों के घरों तक पहुंचे और उन्हें कानूनन वनों में आग लगाने का क्या नुकसान है और क्या सजा हो सकती है? इसको लेकर के जागरूक किया। वहीं पत्रक बांटे। विश्व पर्यावरण दिवस को आग के प्रति जागरूकता के रूप में मनाते हुए अधिकारियों ने वन परिक्षेत्र रामगढ़ धार के अंतर्गत गांव गांव जाकर लोगों को किया जागरूक। वनों को आग से बचाने के लिए डीएफओ ऊना यशुदीप सिंह व रेंज ऑफिसर बंगाणा, संदीप सेठी, फॉरेस्ट गार्ड पंपलेट पेपर बांटकर लोगों को जागरुक किया।

शादी का झांसा देकर नाबालिगा को लेकर हुआ फरार

किया दुष्कर्म, आरोपी व उसकी सहयोगी महिला पर मामला दर्ज

बठिंडा/मनीष : स्थानीय सुभाष बस्ती की रहने वाली लगभग 14 वर्षीय बालिका को शादी का झांसा देकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में परवेज खान पुत्र जाकिर खान निवासी संगुआना बस्ती व उसको मदद करने वाली बौबी रानी के विरूद्ध थाना केनाल में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी केनाल बठिंडा जसवंत सिंह के अनुसार बालिका ने अपने ब्यान में बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ स्थानीय सुभाष बस्ती में रहती है जबकि इससे लगभग 20 दिन पहले वह संगुआना बस्ती में बौबी रानी के किराये पर रहते थे।

पुलिस सूत्रों अनुसार बालिका का आरोप है कि लगभग एक माह पहले भी परवेज खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। बालिका अनुसार उसके बाद परवेज खाने ने उससे कहाकि वह घर से भाग कर शादी कर लेते हैं मेरे परिवार वाले इसके लिये राजी हैं तथा अब वह घर से भाग जाते हैं जिसके बाद आपके परिवार वाले भी राजी हो जायेंगे। इसी साजिश के अधीन 31 मई की सुबह लगभग तीन बजे परवेज खान उसे अपने साथ पहले अंबाला ले गया व फिर उसे अमृतसर ले आया।

वहां उसने कमरा किराये पर ले लिया व वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। 1 जून को परवेज खान उसे बठिंडा में उनके पहचान के राम सरूप नामक व्यक्ति के घर छोड़ गया। उसके बाद वह घर लौटी। थाना प्रभारी अनुसार पीड़िता के परिजनों ने आज बालिका को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है तथा वहां उसका मेडिकल करवाया गया है। पुलिस सूत्रों अनुसार पीड़िता युवती का पिता ट्रंक चालक है जो बाहर गया हुया था। वह कल मंगलवार को वापिस लौटा है उसके बाद ही उन्होंने उक्त कारवाई करवाई है। पुलिस सूत्रों अनुसार आरोपी फरार हैं व उनकी तलाश के लिये छापामारी की जा रही है।

शहीदों की याद में छबील लगाई

नाभा/अशोक सोफत
शहीदों के सरताज श्री गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व पर साका नीला तारा के समूह शहीदों की याद में रियासतें नाभा यूथ आग्रनाईजेशन के अध्यक्ष युद्ववीर सिंह सोढ़ी के नेतृत्व में स्थानक मुहल्ला पाडूसर में ठड़े मिठे जल की छबील लगाई गई ।इस अवसर पर अध्यक्ष सोढ़ी ने बातचीत करते हुए कहा कि शहीद कौम का सरमाया होते है व हमे कभी भी उनकी ओर से की गई कुर्बानी को नही भुलना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद मानवरिंदर सिंह लस्सी , गुरिंदरजीत सिंह सोढ़ी , कुलविंदर सिंह राजू दिल्ली वाले , गौरव जलोटा , गुरप्रीत सिंह बग्गा , सुखवीर बावा, नीरज सिंघी , राहुल राणा , रमन , मनजोत मान , इशप्रीत सिंह बग्गा , लवी ढ़ीगी , दीपक पुरी , कृपाल सिंह , जैसमीन , अमन सिंह आदि उपस्थित रहे।

4 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ गायत्री मन्दिर कटराईं में सम्पन्न

कुल्लू/राजीव शर्मा
गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा तथा 24 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री मन्दिर कटराईं में सम्पन्न हुआ।। गायत्री मन्दिर के सदस्य देवदत्त मदहोश ने बताया कि गायत्री परिवार ट्रस्ट कटराईं के सौजन्य से विश्व शान्ति हेतू यज्ञ में शान्तिकुंज हरिद्वार से टोली द्वारा यज्ञ करवाया गया। उन्होने कहा कि 3 से 5 जून तक चले इस 24 कुण्डिय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों पुरूष व महिलाएं आहुति डालने के लिए पहुंचे। प्रातः 9 बजे से शान्तिकुज के प्रतिनिधि आचार्य श्री सुखदेव शास्त्री के मार्गदर्शन में 300 गायत्री के परिजनों एवं अन्यं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पाहड़ा ने दी मुस्लिम भाईचारे को ईद की मुबारकबाद

गुरदासपुर/रोहित गुप्ताः नजदीकी गांव चोपड़ा में ईद का त्योहार सद्भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाग लेने लेबर सेल पंजाब के चेयरमैन गुरमीत सिंह पाहड़ा विशेष तौर पर गांव चोपड़ा में पहुंचे तथा मस्जिद में नमाज अदा करते समूह मुस्लिम भाईचारे को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पाड़ा ने कहा कि ईद का त्यौहार आपसी सद्भावना का प्रतीक है। यह दिन बुराइयों को मिटाने और वैर विरोध से मुक्त होकर मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म किसी भी तरह की हिंसा की इजाजत नहीं देता। यदि किसी धर्म ने हथियार उठाने की बात की है तो वह सिर्फ जुल्म के खिलाफ ही है वरना हर धर्म मानवता की सेवा की ही शिक्षा देता है। इंसान को अपने धर्म के इलावा दूसरों के धर्म का भी उतना ही आदर करना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस के महासचिव सुरेंद्र शर्मा,प्रितपाल सिंह,सरबजीत सिंह सरपंच,लक्की मसीह, हजूर हुसैन, मोहम्मद असलम,आलम होजेल,युसूफ हुसैन तथा गोल्डी भुंबली पी.ए आदि उपस्थित थे।

चंडीगढ़ नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स के दस्तावेज गुम होने की विजिलेंस करेगी जांच

चंडीगढ़/विज
नगर निगम में प्रापर्टी टैक्स के दस्तावेज गुम होने के मामले में विजिलेंस इंक्वायरी मार्क होने से हड़कंप मचा हुआ है। विजिलेंस ने एमसी से टैक्स संबंधी दस्तावेज तलब किए हैं। लेकिन एक माह होने को है, निगम की ओर विजिलेंस को अभी तक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गये हैं। एमसी अफसरों पर स त रुख अपनाते हुए विजिलेंस की अविलंब दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि एमसी गुम दस्तावेजों में हरेफेर करने की जुगत में है। जिसके चलते उसे दस्तावेज देने में देरी हो रही है। वहीं विजिलेंस सेक्रेटरी बीएल शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। संबंधित विभाग को जल्द दस्तावेज देने का आदेश किया गया है। बीते महीने यूनिसिपल कारपोरेशन में प्रापर्टी टैक्स के दस्तावेज गुम होने के मामले में एडवाइजर ने विजिलेंस इंक्वायरी मार्क की थी। बता दें कि शहर के लोगों व कई सामाजिक संगठनों और एसोसिएशनों की दलील है कि यूनिसिपल कारपोरेशन ने प्रापर्टी टैक्स का सारा रिकार्ड गुम कर दिया है और अब लोगों की ओर बकाया रकम निकाली जा रही है। प्रापर्टी टैक्स का रिकार्ड गुम करने वाले संबंधित अफसरों और कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए कि आखिर उन्होंने इतना महत्वपूर्ण रिकार्ड गुम कैसे हो गया। बीते कुछ दिनों से शहर के लोगों के पास नोटिस आ रहे हैं।

किसान संघ का उत्तर क्षेत्रीय चिंतन वर्ग कल से

ऊना/ममता भनोट :
भारतीय किसान संघ हिमाचल प्रदेश 7 से 9 जून तक उत्तर क्षेत्रीय चिंतन वर्ग शाहतलाई बिलासपुर में आयोजित कर रहा है। इस चिंतन वर्ग में जम्मू, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व हिमाचल के प्रांत कार्यकारिणी के अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री व अन्य प्रांत कार्यकारिणी के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। चिंतन वर्ग में अखिल भारतीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष प्रभाकर केलकर, सह संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री लीलाधर, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भगत राम पटियल व हरी राम विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी भारतीय किसान संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. सोम देव शर्मा ने दी।

महाराणा प्रताप जयंती पर रैली आज

ऊना/ममता भनोट :
क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती 6 जून को धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल रैली ऊना में निकाली जाएगी। यह जानकारी क्षत्रिय महासभा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भुपेंद्र ठाकुर ने दी। भुपेंद्र ने कहा कि रैली सुबह 9 बजे होटल सनशाईन से शुरू होगी और ऊना मुख्यालय होकर वापिस आएगी। रैली में करीब 1500 वाहन हिस्सा लेंगे।

अजीत विद्यालय में मनाया पर्यावरण दिवस

अमृतसर/दीपक मेहरा
अजीत विद्यालय सी.सै. स्कूल में बालसभा का आयोजन किया गया जिसमें प्ले पैन से +2 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें अलग ढंग से कविता एक्ट और नृत्य नाटिका के द्वारा पर्यावरण बचाओं का संदेश दिया गया। बच्चों ने बड़े ही मनमोहक और संदेशवाहक रूप से यह समझाया कि पानी बचाओ स्वच्छता और वृक्ष जरूर लगाना चाहिए तभी हम पर्यावरण को बचा सकते हैं। प्रि. रमा महाजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत ही शिक्षाप्रद आईटमज तैयार की है और हर आइटम में जो संदेश दिया है उससे मुझे नहीं लगता कि आने वाले समय में हमें इस विषय पर अब कोई चिंता की आवश्यकता है। आज हमने बालसभा पर्यावरण दिवस के रूप में मनाकर यह शपथ ली है कि भारत का नागरिक होने के नाते यह हम सबका कर्त्तव्य है कि हम पर्यावरण बचाओ अभियान चलाए और इसे सफल बनाए। इस अवसर पर वनिता सिंह, विकास, हरसिमरनजीत कौर, सरबजीत कौर, कंवलजीत सिंह, जतिंदर, दीपिका, अंजू, निर्मलजीत कौर, बलजीत कौर आदि उपस्थित थे।

कैप्टन ने किया सीनियर पत्रकार विजय डाबर की माता के देहांत पर शोक व्यक्त

चंडीगढ़/उत्तम हिन्दू न्यूज़: पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने प्रैस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पी.टी.आई.) के चण्डीगढ़ से ब्युरो चीफ़ विजय डाबर की माता के देहांत पर दुख प्रकट किया है। परमेश्वरी देवी (82) पत्नी स्वर्गीय कर्नल सेवा सिंह ने शिमला के इंदिरा गांधी मैडीकल कॉलेज में लम्बी बीमारी के उपरांत आखिरी साँस ली जहाँ उनका इलाज चल रहा था। वह अपने पीछे तीन बेटियाँ और तीन पुत्र छोड़ गए हैं। एक शौक संदेश में मुख्यमंत्री ने दुखी परिवार के सदस्यों और सगे-सबंधियों के साथ दिली हमदर्दी ज़ाहिर करते हुए ईश्वर के समक्ष उनको ईश्वरीय आदेश मानने का बल प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रवीन ठुकराल ने भी परमेश्वरी देवी की मौत पर अफ़सोस ज़ाहिर करते हुए श्री डाबर और उसके परिवार के साथ दुख साझा किया।

नीट में एडू पेस की रूहानी 99.82 परसेंटाइल अंक से प्रदेश में अव्वल

ऊना/ममता भनोट :
जेई मेनस-2 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एडू पेस संस्थान ऊना के के छात्रों ने नीट की परीक्षा में भी अपनी प्रतिभा के बलबूते पर सफलता के झंडे गाड़े हैं। संस्थान की छात्रा रुहानी ठाकुर ने 720 में से 632 यानि 99.82 परसेंटाइल अंक लेकर हिमाचल भर में अव्वल स्थान हासिल किया है। जबकि संस्थान के 40 से ज्यादा छात्रों ने नीट परीक्षा को उत्तीर्ण कर एमबीबीएसए बीडीएस व बीएमएस के लिए अपना स्थान पक्का किया है। प्रदेश भर में अव्वल रहने पर संस्थान में बुधवार को प्रबंधन वर्ग द्वारा अध्यापकों एवं छात्रों के बीच मिठाई बांट मुह मीठा कराया। वहीं ढोल की थाप पर थिरक कर छात्रों ने भांगड़ा डाल अपनी सफलता का जश्न मनाया। प्रदेश भर में अव्वल रही छात्रा रुहानी के अलावा नीट परीक्षा में अव्वल रहे अन्य छात्रों में अमीषा ने 513 अंक लेकर शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं जसप्रीत ने 94.31, आयुष 94.34 तथा रेखा, गौरव, रिद्धिम, समृद्धि, अभिषेक हीरा, ऋत्विक, आस्था व मनीषा सहित 40 से ज्यादा छात्रों ने 90 परसेंटाइल अंक लेकर एमबीबीएस, बीडीएस व बीएमएस के लिए क्वालिफाई किया है।

बस स्टैंड पर चलाया सफाई अभियान

नाभा/अशोक सोफत
नाभा के नये बस स्टैंड पर निरंकारी मिशन द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान बलवंत सिह संयोजक ब्रांच नाभा, संचालक सूरज मोहन, संचालक बहन विशाली, बहन रोजी व नगर कौसिंल हरिराम भट्टी, इंस्पैक्टर नाभा की देख-रेख में हुआ। बस स्टैंड जो कि पुरी गंदगी से भरा पड़ा था इसलिए इसकी सफाई अति जरूरी थी। इस सफाई की प्रंशसा बस स्टैंड के कर्मचारियों, डराईवरों, कंडक्टरों, यात्रियों, दुकानदारों व आम लोगो द्वारा की गई। सभी लोगों ने निंरकारी मिशन का धन्यवाद किया।

अग्रवाल पीरखाना में पीर बाबा का दीवान लगाया

नाभा/अशोक सोफत:
अग्रवाल पीरखाना बस स्टैंड में पीर बाबा का दीवान प्रमुख सेवादार शाम लाल के नेतृत्व में लगाया गया इस मौके अध्यक्ष गोपाल सिंगला , प्रमोद जिंदल व भूवेश बांसल पासी अध्यक्ष हर्ष बल्ड़ डोनर सोसायटी ने सांझे तौर पर बोलते कहा कि पीरखाना में हर महीने के आखरी रविवार लीला राम बाबा रामपुरा फूल वालों के दीवान लगाया जाएंगा व संगतो के लिए प्रसाद रूपी लंगर भी अटूट परोसा जाएंगा दीवान शाम 7 बजें से आरंभ होकर पीर की इच्छा तक चलेगा । जिकरयोग है कि पीरखाना व मंदिर के चेयरमैंन व सरप्रस्त रजनीश मितल शैंटी है। इस मौके अध्यक्ष अजय सूद, कार्तिक कांसल, प्रदीप जिंदल, जिप्सी बांसल , राज कुमार काला, मेषी , सुशील गोयल शीलू , अमन बांसल धारौकी , रोहित बांसल आदि उपस्थित रहे।

पृष्ठ एक के शेष...

नीट ...
के भाविक बंसल ने दूसरा स्थान और उत्तरप्रदेश के अक्षत कौशिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा को आयोजित कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अनुसार शीर्ष 100 की मेरिट सूची में 20 लड़कियों को स्थान मिला है। तेलंगाना की माधुरी रेड्डी जी ने 720 अंकों में से 695 अंक हासिल किए और सातवां रैंक हासिल किया। मध्यप्रदेश की कृति अग्रवाल और आंध्र प्रदेश की कुरैशी आसरा ने क्रमशः 15वां और 16वां स्थान हासिल किया। राज्यों में, दिल्ली ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है, जहां 74.92 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। उसके बाद हरियाणा (73.41 प्रतिशत)और चंडीगढ़ (73.24 प्रतिशत) ने अच्छा प्रदर्शन किया। एनटीए की ओर से जारी बयान के अनुसार परीक्षा के लिए कुल 15,19,375 छात्रों ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें पिछले वर्ष के मुकाबले 14.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कुल पंजीकृत छात्रों में से 14,10,755 छात्रों ने परीक्षा दिया, जोकि कुल उम्मीदवारों का 92.85 प्रतिशत है। केवल 0.12 प्रतिशत एनआरआई उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ 134 से 701 के बीच है। एनटीए के अनुसार, सामान्य वर्ग के जिन छात्रों ने कम से कम 134 अंक प्राप्त किए हो वह मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए काउसिलिंग में भाग ले सकते हैं। वहीं, आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए कट-ऑफ के लिए न्यूनतम अंक 107 है।

कश्मीर में ...
यूसुफ लोन की भी दो साल पहले अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। श्रीनगर में एक मस्जिद में नमाज के बाद कुछ लोगों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पाकिस्तान और आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के झंडे भी लहराए। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर युवा थे जो आतंकी हाफिज सईद, मसूद अजहर और जाकिर मूसा के पोस्टर के साथ उनके समर्थन में नारे भी लगा रहे थे।

योग ...
21 जून विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नौसेना ने ...
सदस्यों ने की और इसके प्रशिक्षण चरण को पूर्वी तट पर पूरा किया। पनडुब्बी के जिन हेचों पर दोनों यानों का अंतर्सम्बंध किया गया, उसे भारतीय नौसेना पनडुब्बी डिजायनर प्रमाणित किया था। यह भी एक नई क्षमता है जिसे भारतीय नौसेना ने हाल ही में अधिग्रहीत किया है। इसका उद्देश्य खुद को हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख पनडुब्बी रक्षक में शामिल करने का है। भारतीय नौसेना ने अपने पहले डीएसआरवी को 2018 में शामिल किया था। डीएसआरवी समुद्र तल में पनडुब्बी से मिलती है जिसके बाद पनडुब्बी कर्मियों को स्थानांतरित करने के लिए हेच खोलती है। नौसेना ने इस प्रक्रिया को ऐतिहासिक बताया है जिसके बाद भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पनडुब्बी रक्षक के रूप में उभरेगी। नौसेना की पनडुब्बियों के साथ कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें अगस्त 2013 में सिंधुरक्ष की दुर्घटना भी है जिसमें विस्फोट के बाद 17 कर्मियों की मौत हो गई थी।

18 महीने में ...
है। उन्होंने बताया, 'एक बात स्पष्ट है, विहिप दो मुद्दों पर समझौता नहीं करेगी - पहला, भगवान राम के जन्मस्थान पर सिर्फ मंदिर बनेगा और दूसरा, अयोध्या की सांस्कृतिक सीमाओं के भीतर कोई मस्जिद नहीं हो सकती।' कुमार ने कहा कि विहिप की 'मार्गदर्शक समिति' इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 19-20 जून को हरिद्वार में बैठक करेगी और एक प्रस्ताव पारित करेगी जो प्रधानमंत्री मोदी को सौंपा जाएगा। विहिप नेता ने कहा, 'हम एक प्रस्ताव पारित करेंगे और इसे प्रधानमंत्री को देंगे। हम उन्हें याद दिलाएंगे कि आपके घोषणा पत्र में राम मंदिर निर्माण का वादा किया गया है।' अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण भाजपा के एजेंडे में शीर्ष मुद्दों में से एक रहा है और लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के सभी घोषणापत्रों में इसका उल्लेख किया गया है। प्रधानमंत्री ने साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि सरकार न्यायिक प्रक्रिया के परिणाम का इंतजार करेगी। यह मामला वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है जिसने हाल ही में सभी हितधारकों से बात करने और 15 अगस्त को एक रिपोर्ट देने के लिए वातार्काकारों की तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की है। विहिप नेता ने साथ ही यह भी कहा कि चूंकि सरकार ने बस कुछ दिन पहले कार्यभार संभाला है, तो थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। लेकिन जब इस बात का जिक्र किया गया कि कुछ लोगों का मानना है कि राम मंदिर का इंतजार तीन दशकों से हो रहा है, जिसमें नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के पांच साल भी शामिल हैं तो उन्होंने पलटकर जवाब देते हुए कहा, 'अब नहीं करेंगे..हम अनिश्चितकाल तक इंतजार अब नहीं करेंगे। राम मंदिर पर एक से डेढ़ साल के भीतर काम शुरू हो जाएगा। मैं अटकलबाजी नहीं कर रहा बल्कि एक जानकार शख्स के तौर पर बता रहा हूं।' उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री से मिलेंगे और उन्हें बताएंगे कि हम अपने संकल्प में दृढ़ हैं (राम मंदिर बनाने के लिए) .. हम सरकार पर दबाव बनाएंगे। वे (भाजपा) भी चाहते हैं कि ऐसा हो।

जरूरी नहीं ..
सम्मान है, आज भी वहीं बात कहता हूं। अगर अब रास्ते खुले हैं तो आने वाले उपचुनावों में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात करके आगे की रणनीति पर चर्चा करूंगा।' ज्ञात हो कि अखिलेश यादव ने यही बात मंगलवार को गाजीपुर में कही थी। उन्होंने कहा था, 'गठबंधन टूटने के बारे में जानकारी नहीं है। अगर मायावती अकेले चुनाव लड़ने जा रही हैं तो सपा भी अपने नेताओं से बात करके अकेले ही चुनाव लड़ेगी। गठबंधन को लेकर यही कहूंगा कि अगर गठबंधन टूटा है तो उस पर बहुत सोच-समझकर विचार करूंगा। हम कुछ कहें, कोई कुछ कहे, आप आकलन करें। उपचुनाव की तैयारी सपा भी करेगी।'

तीन सालों ...
मोदी सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर पांच साल के न्यूनतम स्तर 5.80 प्रतिशत पर आ गई। यह चीन की तुलना में कम है। सीएसओ ने अपनी रिपोर्ट में कृषि एवं विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की दर सुस्त पड़ने को आर्थिक गतिविधियों में गिरावट के लिये जिम्मेदार बताया था। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 में भारत के 7.20 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि 2018 में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 6.60 प्रतिशत रही। विश्वबैंक के अनुसार, 2019-20 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.50 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। विश्वबैंक ने पिछले पूर्वानुमान में भी 2019-20 में वृद्धि दर 7.50 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया था। उसने कहा कि इसके बाद अगले दो वित्त वर्ष तक वृद्धि दर की यही गति बरकरार रहने वाली है। उसने कहा, ''मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के लक्ष्य से नीचे है जिससे मौद्रिक नीति सुगम रहेगी। इसके साथ ही ऋण की वृद्धि दर के मजबूत होने से निजी उपभोग एवं निवेश को फायदा होगा।''

पाकिस्तानी सेना ...
सेना बजट कटौती पर सहमत हो गयी। उन्होंने कहा कि सेना के रक्षा बजट में कटौती से बचा पैसा बलूचिस्तान और कबायली क्षेत्रों में विकास के लिए उपयोग में लाया जायेगा। इमरान खान ने ट्वीट किया, 'कई सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद आर्थिक संकट की इस घड़ी में सेना की ओर से अपने बजट में कटौती करने के फैसले का स्वागत करता हूं। हम इन बचाए गए रुपयों को बलूचिस्तान और कबायली इलाकों के विकास के लिए खर्च करेंगे।' पाकिस्तानी सेना के मीडिया विभाग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक मेजर जनरल आसिफ गफूर ने ट्वीट कर कहा, 'एक वर्ष के लिए सेना के रक्षा बजट में कटौती का देश की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हम हर खतरे को असरदार तरीके से जवाब देंगे। तीन सर्विस इस कटौती से होने वाले प्रभाव को संभालने का काम करेंगी। बलूचिस्तान और कबायली इलाकों की बेहतरी के लिए ये एक आवश्यक कदम था।'

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक इरविन खन्ना के स्वामित्य में 'उत्तम हिन्दू' 67, बादली इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-2, दिल्ली-42 से प्रकाशित एवं खन्ना प्रिंटर्स ए-23/1 फोकल प्वाइंट एक्सटेंशन, जालंधर से मुद्रित। सम्पादक : इरविन खन्ना*, कार्यकारी सम्पादक : रितिन खन्ना। RNI No. : DELHIN/2012/41236
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन एवं सम्पादन के लिए उत्तरदायी। किसी भी तरह के होने वाले वाद-विवाद का निपटारा जालंधर के न्यायालय में होगा।

न्यूज ब्रीफ

एटीएम से लाखों रुपए ले उड़े चोर

पलवल/गुप्ता

गांव औरंगाबाद स्थित ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स की एटीएम मशीन को काटकर चोर लाखो रुपए चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
जाँच अधिकारी हवलदार मनोज कुमार के अनुसार ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स के ब्रांच मैनेजर विमल कुमार भाटिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 4 जून की देर रात चोर गांव औरंगाबाद स्थित बैंक की एटीएम मशीन को काटकर मशीन से 6 लाख 63 हजार 700 रुपए को चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

अवैध पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार

जींद/सन्नी मग्गू

डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान भिवानी रोड़ जींद निवासी मंदीप को अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस सहित रेलवे फाटक भिवानी रोड़ से गिरफतार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाही की हैं। एसआई नफे सिंह ने बताया कि वह भिवानी रोड की तरफ गश्त कर रहे थे तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने युवक को काबू किया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाही की।

30 ग्राम स्मैक समेत काबू

नरवाना/नरेन्द्र जेठी

सीआइए नरवाना ने गश्त के दौरान चमेला कालोनी नरवाना निवासी सुरेन्द्र उर्फ गुंगा को 30 ग्राम स्मैक सहित काबू किया हैं। पुलिस ने आरोपी को काबू कर उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाही करके अदालत में पेश कर एक दिन के लिए रिमांड पर लिया हैं। इतना ही नहीं आरोपी के खिलाफ पहले भी नशीले पदार्थ का कारोबार करने के आरोप में एक मामला दर्ज हैं। सीआइए नरवाना इंचार्ज इंस्पेक्टर समरजीत सिंह ने बताया कि वह सत्संग घर की तरफ पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस ने भागकर युवक को काबू लिया।

फसल बीमा का मुआवजा देने में लापरवाह कंपनियों के खिलाफ दर्ज करवाएं एफआईआर : कै. अभिमन्यु

वित्तमंत्री ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

हिसार/विजय शर्मा

वित्त एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जो बीमा कंपनियां किसानों को फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा देने में जान-बूझकर देरी अथवा लापरवाही कर रही हैं उनके खिलाफ कल ही पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जाए। यह बात उन्होंने आज लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। वित्तमंत्री ने नारनौंद में मुख्यमंत्री घोषणाओं, विकास परियोजनाओं तथा कल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यापक समीक्षा की और इनके संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त अशोक कुमार मीणा व अतिरिक्त उपायुक्त अमरजीत सिंह मान सहित लगभग सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में नारनौंद खंड के कई गांवों के सरपंच व भाजपा नेता व पदाधिकारी भी मौजूद थे। लगभग तीन घंटे चली बैठक के दौरान वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत अब तक करवाए गए तथा चल रहे कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की। वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सिंघवा राघो व सिंघवा खास गांवों के नामों की एंट्री में तकनीकी त्रुटियों के कारण बीमा कंपनियों द्वारा किसानों के

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते वित्त एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

मुआवजे को टालमटोल किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामूली त्रुटि को लेकर बीमा कंपनी द्वारा पूरे गांव को परेशान किया जा रहा है। इस बारे में बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से कई बार बात की जा चुकी है लेकिन अब इनसे पुलिस ही बात करेगी। उन्होंने कृषि उपनिदेशक को कल ही बीमा कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माडा व मसुदपुर सहित अन्य गांवों के प्रभावित किसानों की समस्याओं को भी एफआईआर में शामिल करवाया जाए। इस अवसर पर हांसी के एसडीएम वीरेंद्र सहरावत, नारनौंद के एसडीएम सुरेंद्र सिंह, रोडवेज जीएम विकास यादव, युवा भाजपा नेता अजय सिंधु, प्रो. मंदीप मलिक, डीडीपीओ अश्वीर सिंह, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. साहिब राम गोदारा, सिविल सर्जन संजय दहिया, एसई आत्मा राम भांभू, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. डीएस सैनी, डीएफएससी सुभाष सिहाग, चेयरमैन शशि ढाका, सत्यपाल श्योराण, सतपाल मल्हान, पार्षद सुरेश कस्वां, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. डीएस सिंधु, डीएचओ सुरेंद्र सिहाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस पार्टी चुनाव नतीजों के बाद कोमा में चली गई : कर्णदेव कांबोज

विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव गढ़पुर टापू में मंत्री ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इंद्री/सुरेश अनेजा

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री कर्णदेव कांबोज ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव गढपुर टापू में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री कांबोज गांव गढपुर टापू में नौशाद खान के आवास पर अपने समर्थको सहित ईद मिलन कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठकर खाना खाया। उन्होंने ईद के अवसर पर नौशाद खान को शॉल भेंट की और सभी को ईद के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। मंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि बेटा-बेटी का जन्मदिन हो या घर में कोई उत्सव हो तो एक पेड़ जरूर लगाएं, क्योंकि पर्यावरण असुंतलन विश्व की सबसे गंभीर समस्या है। यह समस्या अधिक सं या में पेड़ लगाने से ही दूर हो सकती है। मनुष्य का जीवन पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है इसलिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को पौधारोपण जरूर करना चाहिए। मंत्री कांबोज ने बुधवार को मुस्लिम

मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते मंत्री कर्णदेव काम्बोज।

बहुल गांव गढपुर टापू में पहुंचकर रमजान के पवित्र माह के बाद मनाई जाने वाली ईद की मुबारकबाद दी। यह त्यौहार समाज में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। भारत ऐसा देश है जहां पर सभी धर्मो के लोग मिलकर त्योंहार मनाते है। उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि हरियाणा की जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को दस सीटें जीताकर मनोहर लाल सरकार के साढ़े चार वर्षो के विकास कार्यो पर मुहर लगाई है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में 70 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी चुनाव नतीजों के बाद कोमा में चली गई है। कांग्रेस के नेता एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे है। वहीं क्षेत्रीय दलों का पूरी तरह से सूपड़ा साफ हो गया है। ओमप्रकाश चौटाला भाजपा पर आरोप लगाकर चुनावों में हार की खीज मिटा रहे है। इस अवसर पर रिजवान अली, नौशाद नंबरदार, दिलशाद खान, प्रवीण जावेद खान, इरशाद, अनवर, सलीम खान, जीशान अली, ईनाम अली, वाइस चेयरमैन सुशील नंबरदार, सरपंच बलजीत मुरादगढ़, मुकेश मंगला, अनिल श्रवण माजरा,ओमप्रकाश गुमटों, डाक्टर विजेंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पैदल जा रहे युवक की जेब से निकाले 7 हजार रुपए

जानकारी देते हुए हरि सिंह वासी मसंदा पट्टी बंगा व अन्य।

बंगा/जोशी

बंगा में सड़क पर जा रहे एक युवक से 7 हजार की नगद राशि जेब से गायब कर ली। जानकारी देते हुए हरि सिंह पुत्र परगट सिंह वासी मसंदा पट्टी बंगा ने बताया कि वह 4 जून की दोपहर लगभग 12.30 बजे बंगा के सिंडीकेट बैंक से 7 हजार निकलवाकर अपने घर की तरफ पैदल जा रहे थे।

तभी हीओं रोड की तरफ से दो युवक पलसर मोटरसाइकिल पर आए। जिनमें से एक पैदल उनके पीछे चलने लगा जबकि दूसरा मोटरसाइकिल पर उनके घर के बाहर खड़ा रहा। तभी पैदल जाते समय एक मेरे घर आ गया और मेरे बैंक से निकाले 7 हजार पता नहीं कब मेरी जेब से निकाल कर फरार हो गए। उन्होंने इस संबंध में सिटी थाना इंचार्ज को शिकायत दर्ज करवाकर मामले की सूचना दी। इस मौके पर एएसआई सुनिल दत्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

निर्मल कुटिया की नर्सरी में तैयार आठ लाख पौधे रोपित करने की तैयारी

सूबे की हवा व पानी की हालत बेहद दयनीय : संत सीचेवाल

बोले, पीपीसीबी के आला अधिकारियों को जवाबदेह बनाने की जरूरत

कपूरथला/लता बाला

ग्लोबल वार्मिंग के असर से गर्मी का पारा 50 डिग्री पार जाने से पद्मश्री संत बलबीर सिंह सीचेवाल बेहद चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इतनी गंभीर तपिश के लिए वह जहां पर्यावरण हनन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वहीं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकारों की उपेक्षा भी उन्हें अखर रही है। संत सीचेवाल बेबाकी से सरकारों को इस बिगड़ते संतुलन के लिए दोषी ठहरा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर संत सीचेवाल ने पर्यावरण की 'लाइफलाइन' को पटरी पर लाने का बीड़ा उठा लिया हैं। निर्मल कुटिया की नर्सरी में तैयार किए गए आठ लाख पौधें से सूबे धरती को हरियाली से ढंकने का खाका खींच लिय गया है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग का कम करने के लिए अपने हिस्से के काम को अंजाम देने के लिए फिर कारसेवा का सहारा लेंगे। मानसून की शुरुआत के साथ ही इस मुहिम का आगाज हो जाएगा। संत सीचेवाल कहते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर चुनौती है। इससे बचाव का एकमात्र साधन धरती के चप्पे -चप्पे को हरियाली से ढंकना है। बड़े स्तर पर न केवल पौधे रोपित किए जाएं, बल्कि उनकी संभाल को भी जिम्मेदारी फिक्स की जाएग। जिससे शुद्ध हवा मिलेगी, वहीं पौधे के फलने-फूलने से बारिश की संभावना बढ़ेगी और भूजल स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि आठ लाख पौधे मानसून सीजन में सूबे की पंचायतों, यूथ क्लबों और समाजसेवी संस्थाओं को वितरित किए जाएंगे।

संत बलबीर सिंह सीचेवाल एक बच्ची को पौधे देते हुए।

केवल पौधे बांटे ही नहीं जाएंगे, बल्कि इन्हें संभालने को भी जरूरी बनाने के लिए काम किया जाएगा। साल 2019 में वायु प्रदूषण को केंद्र बिंदु में रखकर बड़े स्तर पर चर्चा चल रही है। इसके लिए पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) और नगर निगमों के अधिकारियों की जवाबदेयी तय होनी चाहिए।

सिरसा में हैफेड के सरसों के गोदाम सील

सिरसा/कृष्ण तिवारी: हरियाणा में यहां स्थानीय प्रशासन ने रगड़ी रोड स्थित हैफेड के गोदामों पर गत देर रात छापा मार कर इसे सील कर लिया। प्रशासन ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की जिसमें बताया जाता है कि गोदामों में पड़ोसी प्रदेश से व्यापारियों के साथ कथित तौर पर सांठगांठ कर टैक्स चोरी कर लाई गई और नमीयुक्त सरसों को स्टॉक किया गया है। सिरसा जिला उपायुक्त मनदीप कौर ने गोदाम में सरसों के अवैध स्टॉक रखे जाने की सूचना मिलते ही मार्किट कमेटी के सचिव, नगर परिषद अधिकारी और उपमंडल अधिकारी की तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया जिसने इन गोदामों पर मंगलवार रात छापामारी की। छापे के दौरान हैफेड के तीन गोदाम खुले पाये गये जिनमें से दो गोदाम में सरसों बोरियों में भरी हुई थी जबकि एक में खुली पड़ी हुई थी। बताया जाता है कि इस दौरान हैफेड के अधिकारी से जांच टीम को वहां रखी गई सरसों का कथित तौर पर कोई रिकार्ड नहीं दिखा पाए। टीम ने इसके बाद हैफेड के गोदामों को सील कर दिया। रात्रि के समय हुई इस छापेमारी से सिरसा मंडियों के व्यापारियों में हडकम्प मचा हुआ है।

पर्यटन

फेनटन हाउस के सत्रह स्वामियों के अनोखे संग्रह

सीमा आनन्द चोपड़ा
seemaanandchopra@gmail.com

लंडन महानगर के जनसमूह एवं कोलाहल से हटकर, प्राचीन पहाड़ी हौली-हिल पर सुंदर फेनटन हाउस को हम देखने पहुंचे। हम यहां के अति विशिष्ट संग्रह देखने आए थे जो 1686 ऐ.डी. में आरंभ होकर, आने वाली चार शताब्दियों तक निरंतर बढ़ते रहे। इसकी दूसरी आश्चर्यजनक बात थी फेनटन हाउस के 17 स्वामी जो समय-समय पर यहां आते एवं जाते रहे। 19वीं शातब्दी के एक स्वामी के नाम से इस भवन का नाम फेनटन हाउस पड़ा।

फेनटन हाउस : मध्यकालीन वन बंगला

18वीं शताब्दी में निर्मित, अत्यंत विशिष्ट डिजाइन वाले रोट आयरन गेट से हमने फेनटन हाउस के परिसर में प्रवेश किया। हमने पूर्व में पढ़ा था कि प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैम्पटन कोर्ट महल एवं सेन्ट पोलस गिरिजाघर के सुंदर गेट लौहार जीन-टिजो ने डिजाइन किए थे जिसने फेनटन हाउस का यह गेट भी बनाया था। हमारे समक्ष सममित उद्यान था जिसके मध्य मार्ग पर चलते हुए हम सुंदर बृक वर्क वाले फेनटन हाउस की ओर चल रहे थे जिसकी चारों दिशाओं में चार द्वार थे। हमने पूर्व द्वार से एक गलियारे में प्रवेश किया जिसकी दीवार मुख्य पोट्रैट हैनडसम जेम्स फेनटन का था जिनके नाम से भवन का नाम रखा गया था। चित्र इतनी सजीव है मानों फेनटन हाउस में आए प्रत्येक विसिटर का स्वागत कर रहा हो।

डाइनिंग रूम में पियानो

पैसेज से हमने फेनटन हाउस के डाइनिंग रूम में प्रवेश किया जिसे पुराने घर के मोर्निंग रूम से मिला कर, बड़ा कक्ष बनाया गया था।

परम्पागत मध्यकालीन अंग्रेजी भवनों में मोर्निंग रूम सुबह के समय प्रयोग की जाने वाली बैठक होती थी। सुंदर टेबल व 18वीं शातब्दी की नक्काशी वाली महागनी लकड़ी की कुर्सियों के पास 1774 ऐ.डी. का पियानो परिवार का हारपिस कोर्ड प्रदर्शित था जो 18वीं शताब्दी के प्रसिद्ध पियानो निर्माता शुद्धी एवं ब्रोडवुड कम्पनी ने बनाया था।

पोर्सलेन रूम के चीनी मिट्टी के बहुमूल्य संग्रह

पोर्सलेन रूम कक्ष को फेनटन हाउस के विभिन्न स्वामियों ने अलग-अलग रूप में उपयोग किया जैसे स्टडी, बैठक स्मोकिंग रूम और रसोई भी। आज इस कक्ष में लकड़ी एवं कांच के डिस्पले केबिनेट्स में पोर्सलेन चीनी मिट्टी के की सौ महीम कलाकृतियां प्रदर्शित हैं। उन्हें अंग्रेजी एवं यूरोपियन फैक्ट्रियों में बनाया गया था। साथ ही विश्व विख्यात पोर्सलेन मास्टर कहलाने वाली कम्पनी मैसीन के भी अनेक प्रदर्शन थे। सभी पोर्सलेन वस्तुओं की सूची लगी थी जिस पर प्रत्येक वस्तु के समक्ष निर्माता फैक्ट्री का नाम छपा था। अगले कक्ष की ओर जाते हुए हम 1612 ऐ.डी. में निर्मित पियानो हारपिस कोर्ड के आगे से निकले जो इंग्लैंड की महारानी ऐलीज़बेथ ने फेनटन हाउस को भेंट किया था और उस पर महारानी के विंडसर महल किला की मोहर भी लगी थी।

ओरिएंटल रूम

फेनटन हाउस के इस कक्ष का नाम चीन देश के विशिष्ट प्रदर्शनों के कारण है। प्रत्येक सेरामिक के सामने उसकी निर्माण की तिथि एवं चीनी राजवंश का नाम लेबल पर लिखा था और सबसे पुराना सामान 1960 ऐ.डी. का था। अधिकतर बहुमूल्य पोर्सलेन का सामान फेनटन हाउस की अंतिम स्वामिनी लेडी विनिंग के निजी संग्रह का था।

रोकिंगम रूम

इसके बाद हम सीढ़ियों पर चढ़े जिन पर विशाल कांच की खिड़की का प्रकाश प्रवेश कर रहा था, जहां से बाहर गार्डन का विहंगम दृश्य था। फिर हमने रोकिंगम रूम में प्रवेश किया जो पूर्व शताब्दियों में फेनटन हाउस का शयन कक्ष था। परन्तु अब 19वीं शताब्दी में इंग्लैंड के रोकिंगम क्षेत्र की चीनी मिट्टी की कलाकृतियों का प्रदर्शन कक्ष था। मैंने पूर्व में पढ़ा था कि रोकिंगम पोटरी हाउस 19वीं शताब्दी में विशिष्ट पोर्सलेन के विश्व विख्यात निर्माता थे जो ब्रिटेन एवं अन्य देशों के राजवंशों में पोर्सलेन सप्लाई करते थे। कक्ष के सहायक वोलंटियर ने दीवारों पर सजे बेहद बारीक कढ़ाई, सूई धागे के नीडलवर्क दिखाए जो पेंटिंग दृश्यों समान हैं। फेनटन हाउस की अंतिम स्वामिनी लेडी बिनिंग स्वयं नीडलवर्क (सिलाई कढ़ाई के कार्यों) में निपुण थी, इसलिए उन्होंने ये आर्ट-संग्रह एकत्रित किया था।

फेनटन हाउस के संगीत समारोह

फिर हमें दो संगीत यंत्र-पियोनो दिखे। एक 1761 ऐ.डी. में निर्मित था और दूसरा 1540 ऐ.डी. का बना हुआ था। हमें आश्चर्य एवं जिज्ञासा हुई किसी भी फेनटन हाउस के स्वामी का पियोनोस से कोई निश्चित संबंध नहीं था, फिर भी भवन में अनेक संगीत यंत्र पियानो सजे हैं। वोलनटियर ने हमें बताया कि फेनटन हाउस में अक्सर संगीत समारोह या कनसर्ट्स का आयोजन किया जाता है। बड़े-छोटे पियानो बजाने वाले परफोरमरस को यहां निमंत्रित किए हैं और टिकट के साथ वाइन गलास फ्री दिया जाता है। इस प्रकार से फेनटन हाउस पर्यटकों के साथ-साथ संगीत प्रेमियों के लिए भी आकर्षक स्थल है।

(शेष अगले सप्ताह)

राष्ट्रीय स्तर पर किसानों का कर्ज माफ किया जाए : कैप्टन

पंजाब के किसानों की सुरक्षा के लिए 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' में संशोधन की मांग की

चंडीगढ़/विज: मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' में संशोधन करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संकट से जूझ रहे किसानों की मदद के लिए प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर कृषि कर्ज माफी पर विचार करने की अपील की है। दो अलग-अलग पत्रों में पंजाब के किसानों के हितों की सुरक्षा की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के लिए एक मुश्त कृषि कर्ज माफी ज़रूरी है। उन्होंने 'प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना' में संशोधन करके इसको और प्रभावी तरीके से किसान समर्थकी बनाने की मांग की जिससे ग्रामीण आर्थिकता को बढ़ावा मिल सके। राष्ट्रीय स्तर पर कर्ज़ माफी के लिए लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा अपने सीमित साधनों के साथ दी गई राहत पर्याप्त नहीं और भारत सरकार द्वारा इसमें इजाफा किये जाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस किसान समर्थकी कदम से न सिर्फ़ किसानों की मुश्किलें घटाने में मदद मिलेगी बल्कि कृषि सैक्टर को प्रगति और विकास की राह पर डालने के साथ-साथ मुल्क के किसानों के जीवन स्तर को और संवारने की भी आशा बंधेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को यह कदम उठा लेना चाहिए, क्योंकि मुल्क के इन अन्नदाताओं में से बहुत से कर्ज़े के बोझ तले दबे हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप कुछ किसान खुदकुशी जैसा घातक कदम उठाकर मौत को गले लगा चुके हैं। उन्होंने इस स्थिति से निपटने के लिए धीरे -धीरे और छोटे -छोटे कदमों के साथ सुधार करने की बजाय ठोस कदम उठाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया जिससे दुख-दर्द झेल रहे किसानों की मुश्किलें घटाने के साथ-साथ उनके जीवन में सुधार लाया जा सके। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने मोदी को अवगत करवाया कि राज्य सरकार ने अपने स्तर पर उन सभी सीमांत किसानों को दो -दो लाख रुपए की कर्ज़ राहत मुहैया करवाई है जिन किसानों ने संस्थागत कर्ज़ उठाया था।

एक और पत्र में मुख्यमंत्री ने मोदी से अपील की कि वह 'प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना' में उचित संशोधन करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय को निर्देश दें।

कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने अपने पत्र में कहा कि चाहे इस स्कीम को प्रगतिशील कदम के तौर पर माना गया जो बीती स्कीमों की अपेक्षा बेहतर है परन्तु इसमें कुछ कमियां हैं जिसके परिणामस्वरूप न तो इसको पंजाब के किसानों द्वारा अपनाया गया और न ही इसको राज्य में लागू किया गया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इस बीमा योजना को क्षेत्र पर आधारित करने की बजाय खेत /प्लाट पर आधारित करना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी सुझाव दिया कि क्षतिपूर्ति स्तर 90 प्रतिशत से अधिक (95 प्रतिशत तक) तक की इजाज़त दी जाये और यह सम्बन्धित किसान के पिछले साल के झाड़ पर अधारित होना चाहिए।

आर्थिक गणना करवाने का दिया प्रशिक्षण, 10 जून से होगी शुरू

गुरदासपुर/रोहित गुप्ता: 10 जून से शुरू होने वाली सातवीं आर्थिक गणना के संबंध में जिले के सुपरवाइजरों तथा गणनाकारों को बुधवार को गणना से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला प्रबंधकीय कांपलेक्स के ब्लॉक बी में स्थित जिला रोजगार कार्यालय के हाल में अशोक कुमार डिप्टी एएसए कम जिला खोज अधिकारी गुरदासपुर द्वारा गणना करने वाले कर्मचारियों को आर्थिक गणना करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारत सरकार के मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इमलीमेनटेशन के उपक्रम नेशनल सैंपल सर्वे ऑर्गेनाइजेशन के नोडल विभाग द्वारा भी शिक्षार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रवीण कुमार जिला इंचार्ज कॉमन सर्विस सेंटर भी उपस्थित थे। कॉमन सर्विस सेंटर संस्था ने क्षेत्र में सर्वे का काम करवाने के लिए अपने स्तर पर सुपरवाइजरों, गिनती कारों तथा मास्टर ट्रेनरों आदि का प्रबंध किया है, क्योंकि भारत सरकार की तरफ से आर्थिक गणना के कार्य को इस बार सरकारी विभागों के कर्मचारियों की बजाए ई-गवर्नेंस द्वारा कॉमन सेंटर मिनिस्ट्री ऑफ आईटी के माध्यम से प्राइवेट युवाओं को हायर करके करवाने का फैसला किया गया है।

सिसवा भैरो जती मंदिर में सलाना मेला 9 को

कुराली/अरुण कुमार

श्री भैरो जती मंदिर सिसवा में वार्षिक मेले का आयोजन 9 जून को किया जाएगा। इस मेले के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी बाबा कुलबीर गिरी, गांव सिसवा के पूर्व सरपंच अमरा गिरी व हिमांशु धीमान ने बताया कि बाबा श्री बटुक नाथ जी के दरबार में इस वार्षिक मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने देश विदेश की संगतों से अपील की कि इस मेले में पहुंच बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक व अटूट लंगर का आयोजन भी किया जा रहा है।

पति पर लगाए दूसरी महिला से नाजायज संबंध के आरोप

कुराली/उत्तम हिन्दु न्यूज़: पीसीपीएसएल विभाग की ब्रांच में तैनात आरए हरप्रीत सिंह की पत्नी चन्दन धीमान उर्फ दीक्षा (28) निवासी सिसवां रोड कुराली ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दीक्षा ने पत्रकारों को बताया कि उसके पति के एक महिला जोकि राजपुरा में रहती है उससे नाजायज संबंध हैं। उस महिला ने अपने पति को भी छोड़ दिया है और अब मेरा पति हरप्रीत सिंह का उस महिला से अफेयर होने के कारण वह मुझे पर भी तलाक देने का दबाव बना मुझे अकसर मारता पीटता है। दीक्षा ने बताया कि इस बाबत कुराली पुलिस को 3 महीने पहले शिकायत भी दी गयी थी। पुलिस ने पति को कई बार थाने बुलाकर हमारा समझौता करवाया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह चाहती थी कि ये रिश्ता न बिगड़े, लेकिन हरप्रीत फिर भी नहीं सुधरा। उसने देर रात आकर फिर मेरी बेटी को पीटा। जिस कारण उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। जब इस बाबत एसएमओ भूपिंदर सिंह से बात कि तो उन्होंने कहा कि चन्दन धीमान का इलाज हमारे पास चल रहा है और पुलिस को हमने एमएलआर की कॉपी भेज दी है बाकि कार्रवाई पुलिस ने करनी है। जब इस बात एसएचओ संदीप कौर से बात कि तो उन्होंने कहा कि पत्नी के बयानों पर हरप्रीत सिंह के खिलाफ धारा आईपीसी 1860 तहत 323,498 ए,506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे भी पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

विदेशी ताकतें पंजाब का माहौल खराब करने में लगीं : मिन्हास

गुरदासपुर/संदीप कुमार/रवि: हिंदू सुरक्षा समिति की बैठक पंजाब उपप्रधान हरिदेव अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य मेहमान के तौर पर समिति के पंजाब चेयरमैन सुरिंदर मिन्हास उपस्थित हुए। पंजाब चेयरमैन सुरेंद्र मिन्हास और पंजाब उपप्रधान डॉक्टर हरिदेव ने कहा कि गत दिनों अमृतसर के राजासांसी में दो संदिग्ध युवक जो पुलिस से बचकर भाग निकले मगर उनके हाथ से गिरे बैग में मिले दो हैंड ग्रेड चिंता का विषय है। उनके मोबाइल से भी अनुमान लगाया जा रहा है कि इनकी सहायता विदेशी ताकतें कर रही हैं। भारत की एक शांतप्रिय देश है। पंजाब शांति का प्रतीक राज्य है, मगर इस तरह आतंक का माहौल बनाने वाले शरारती तत्वों से यह सिद्ध हो रहा है कि पंजाब का माहौल खराब करने की फिराक में विदेशी ताकतें लगी हुई हैं जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस बहुत बढ़िया प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि संदिग्ध युवक पकड़े जाते हैं तो उनसे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती थी। उन्होंने कहा कि उनकी समिति देश में शांति स्थापित करने के लिए वचनबद्ध है। इस मौके पर सुरेंदर को गवास्कर, राजीव कुमार, पूर्ण चंद, अशोक कुमार, अश्वनी कुमार, रूपलाल, वैशाखी राम, काला, विजय कुमार और लाडी आदि उपस्थित थे।

उत्तम हिन्दू classified

I No. Jc-582087Y Sub Dharam Pal Presently Residing at Vpo Katora, Sub Tehsil Negreta Surian District Kangra (HP) have changed my daughter name from Meenakshi to Meenakshi Choudhary Vide Affidavit Dated 24/05/2019 Before at Notary Ferozepur.

I Pawana Kumari Spouse of No. Jc-582087Y Sub Dharam Pal Presently Residing at Vpo Katora, Sub Tehsil Negreta Surian District Kangra (HP) have changed my name from Pavna Kumari to Pawana Kumari Vide Affidavit Dated 24/05/2019 Before at Notary Ferozepur.
(3857)

I, Kulvinder Kaur Daughter of No. 3340708H Late Hony Nb Sub Gurmit Singh R/o Vill. Nangal Isher, PO. Hariana, Teh & Distt. Hoshiarpur Punjab Have Changed My Name From Kulvinder Kaur to Kulwinder Kaur. Concerned Note.

I, No 4471026L Ex NK (TS) Gurnam Singh S/o Shri Rulda Ram R/o Vill. Morian, PO. Passi Kandi, Teh Dasuya, Distt. Hoshiarpur, Punjab Declare that Changed My Daughter Name From Manider Kaur to Maninder Kaur. Concerned Note.

I, No 2483415L EX Hav Dilbag Singh S/o Ajit Singh R/o Word No- 2, Baba Deep Singh Nagar, Near Hajipur Chowk , PO & Teh. Dasuya Distt. Hoshiarpur, Punjab Have Changed My son Name from Kuldeep Singh to Kuldip Singh. Concerned Note. (1452)

I Ran Bahadur son of Fateh Singh resident of New Professor Colony behind Panj Mandari, Phagwara, District Kapurthala, Punjab have changed my name from RAN BAHADUR to RAN BAHADUR SINGH. All concerned please note.
(1455)

वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो **दैनिक 'उत्तम हिन्दू'** के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

प्रबंधक विज्ञापन

I Prince S/O Krishan Gopal R/O Hno. 338, Green Avenue Amritsar Has Changed My Name To Prince Kumar.
(2991)

I, No 2490339 M Hav Mandip singh s/o malkit singh r/o vill jhajjan po. sarhala mundian (hoshiarpur) have changed my minor daughter's name arashpreet kaur to arshpreet kaur jha. (1515)

I Anita Dhaka spouse of No. 15203911X, L/NK (GD) Raish Chander Dhaka # Ward No. 26, Indra Colony Behind Power House, Nohar Tehsil Nohar District Hanumangarh (Rajasthan) have changed my name from Anita Dhaka to Anita Kumari. Vide affidavit dated 29-5-2019, before Sub Divisional Magistrate Nohar (Hanumangarh).
(3752)

I, No.1548984Y Prabhu Sahai Ekka R/o 53 Armd Regt C/o 56 APO have changed my wife's name from Mejhren to Mejhren Ekka. (1010)

I, Ram Tirath S/o Chaman Lal R/o 314, Moh.Preet Nagar, Nurmahal Road, Nakodar, Jalandhar Have Changed My Name To Tirath Ram. (Tirath Surname). All Please Note.

I, Lakhwinder Kaur W/o Rajinder Singh Randhawa R/o VPO.Mehta, Teh.Baba Bakala Sahib, Amritsar Have Changed My Name To Lakhwinder Kaur Randhawa. All Please Note.

I, Seetal Devi D/o Sarwar Kumar R/o 2/12, Moh.Masanda Patti, Ps.Banga, SBS Nagar Have Changed My Name To Sital Devi. All Please Note.

I, Pupinderjeet Kaur W/o Balyog Singh R/o Vill.Rajab, Po.Kartarpur, Jalandhar Have Changed My Name To Papinderjeet Kaur. All Please Note.

I, Mehak Kanwar D/o Phool Singh Shekhawat R/o 261, Ashok Vihar, Phase-II, Circular Road, Kapurthala Have Changed My Name To Mehak Shekhawat. All Please Note.

I, Jaskirat Singh S/o Mandeep Singh R/o Vill.Model Town, Po.Talwara, Teh.Bholath, Kapurthala Have Changed My Name To Singh Jaskirat. (Singh Surname) All Please Note.

I, Sarabjit Kaur W/o Mandeep Singh R/o Vill.Model Town, Po.Talwara, Teh.Bholath, Kapurthala Have Changed My Name To Kaur Sarbjit. (Kaur Surname) All Please Note.

I, Jasandeep Singh S/o Balihar Singh R/o B-IX-733/18/2, Moh. New Santokhpura, Jalandhar Have Changed My Name To Singh Jasandeep (Singh Surname) All Please Note.

I, No.14621743K Rank-Hav, Name Shivabasappa Gotti presently serving in Army in 987 AD MSL Regt. Wksp C/o 56 APO I have changed the name of my daughter from Jyoti S Gotti to Jyotishree S Gotti.

I, Vandana W/o Rajiv Kochhar R/o # 66, Guru Ram Dass Nagar Santokhpura, Jalandhar have declared that Vandana and Vandana Kochhar is one and same lady.

I, Balwinder Kumar S/o Kailash Chander R/o VPO Pur Hiran, Mohalla Bhim Nagar, Hoshiarpur Have Changed My Minor Daughter Name From Rishita To Rishita Mehmi. All Please Note.
(1447)

I, Suresh Kumar S/o Mani Ram R/o H.no. 713, Friends Colony, Street-B Pathankot, Punjab have changed my name to Suresh Kumar Sharma.

I, Rohit Sekhri R/o 253 Shiv Nagar Sodal Road, Jalandhar have changed the name of my minor daughter from Gunni Sekhri to Girisha Sekhri.

I, Neena Chadha W/o Anil Kumar Ohri R/o 281-Guru Harkrishan Nagar, Gali no.1-A, Phagwara, Kapurthala changed my name to Neena Ohri.

I, Kanika Sachdeva W/o Deepak Chauhan R/o 389 Greater Kailash, Jalandhar have changed my name to Kanika for all future purposes.
(1015)

I , No 14660133N Rank, Sep, Trade DVR (MT) Name Sunil Kumar Pal S/o Ranvir Singh Unit 115, Armd , WKSP (601 EME BN) C/o 56 APO Have Changed my wife Name Seema Devi To Seema.
(3901)

I, Maninderjit Kaur W/o Pargat Singh R/o Vill: Sehajpur Khurd Teh-Samana (Patiala) Pb, changed my name from Maninder Kaur to Maninderjit Kaur.

I 4580166N L/NK Dongare Jaysing Bhavsing Of 4 Mahar (Borders) Regt C/O 56 Apo Changed My Minor Son Name Om Dongare To Dongare Om Jaysing.
(3668)

I, Sumeet W/o Ajit Kumar, H.No. 2154, Ward No.7, Mohalla Gouns Nakodar Distt. Jalandhar have changed my name from Sumeet to Raj Kumari. All concerned please note.
(1718)

मैं सुखदेव सिंह सपुत्र केवल सिंह निवासी न्यू कृष्णा कलोनी जींद (हरयाणा) ने अपना नाम बदल कर बलदेव सिंह रख लिया है। **(3560)**

मैं, राजिंद्र कौर पत्नी सुखजीत सिंह, निवासी पाडलू, डाकघर रावा, तहसील शाहाबाद मारकंडा (कुरुक्षेत्र) ने अपना नाम राजिंद्र कौर से बदलकर राजविंदर कौर रख लिया है।
(Duggal KKR)

मैं, दविन्द्र सिंह सपुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव कोहले माजरा, तहसील राजपुरा (पटियाला) ने अपना नाम बदलकर दविन्द्र सिंह भंगू रख लिया है।
(3901)

मैं, सुखपाल कौर पत्नी गुरबाज़ सिंह, गांव ढोटीया, तहिसील तरनतारन (जिला तरनतारन) ने अपनी पुत्री का नाम (Jashneet Kaur) से बदलकर (Jasneet Kaur) रख लिया है। संबंधित नोट करें। **(3668)**

गोद लिया

मैं, जे सी-484711 एक्स सूबेदार मोहन सिंह पुत्र प्रेम सिंह वासी गांव गौरसीयां कादर बख्श डाकखाना सिधवा बेट तहसील जगराओं जिला लुधियाना पंजाब सूचित करता हूं कि मैंने और मेरी पत्नी मनजीत कौर ने अमनदीप कौर (जन्म तिथि 15.12.1986) को उसके असली माता-पिता सरूप सिंह पुत्र राज सिंह व श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी सरूप सिंह वासी गांव व डाकखाना नारंगवाल जिला लुधियाना पंजाब से गोद ले चुके हैं। इसका दत्तक विलेख नं. 190 तिथि 11.04.1988 यथानियम सब रजिस्टरार लुधियाना पंजाब के दफतर में पंजीकृत है। (3280)

ਸੂਚਨਾ

ਮੈਂ, ਸੇਵਕ ਰਾਮ ਪੁੱਤਰ ਬਾਬੂ ਲਾਲ ਵਾਸੀ ਵੈਸ਼ਨੋ ਮਾਤਾ ਮੰਦਿਰ ਬੀ-ਬਲਾਕ ਇਸਲਾਮਾਬਾਦ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਬਿਆਨ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰਾ ਸਾਲਾ ਲਕਸ਼ਮਨ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਨਾਲ ਆਪਣੇ ਸਾਰੇ ਸੰਬੰਧ ਤੋੜਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਨਾਲ ਲੈਣ-ਦੇਣ ਕਰਨ ਵਾਲਾ ਖੁੱਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸੰਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ। (1010)

बेदखली नोटिस

मैं, कुशल्या विधवा वेद प्रकाश पुत्तर धरता राम, वासी मुहल्ला वालमीक महितपुर तहिसील नकोदर जिल्ह जलंधर बिआन करदी हां कि मेरा लड़का सुरिंदर कुमार ते उसदी धरती सीमा, पुत्ते रवी कुमार ते अंबे कुमार, धी रवप्रीत कौर ते उसदीआं नुंहां प्रीत धरती रवी कुमार, मनदीप धरती अंबे कुमार इह सारे मेरे कहिणे तों बाहर हन। मैं इन्हां सारिआं नुं आपणी चल-अचल जायदाद तों बेदखल करदी है। इन्हां नाल लैण-देण करन वाला खुद जिंमेवार होवेगा। (1718)

बेदखली नोटिस

मैं, रंजन सिंह पुत्तर बसंता सिंह वासी पिंड ते डाकखाना मुरादपुर तहिसील दसुहा जिल्ह तुसिआरपुर पंजाब सूचित करदा हां कि मेरे दो पुत्तरे मलविंदर सिंह अते सतवीर सिंह मेरे कहिणे तों बाहर हन, नुं आपणी सारी चल-अचल जायदाद तों बेदखल करदा हां। मेरा एन्हां नाल कोई डाअलुक वासता नहीं है। एन्हां नाल लैण-देण करन वाला खुद जिंमेवार होवेगा। मेरी अते मेरे परिवार दी कोई जिंमेवारी नहीं होवेगी। संबंधित नोट करन। (3280)

Lost& Found

I Kuldeep Singh Brar S/o Gurdev Singh Brar R/o V. Dhudi (Faridkot) declare that one registry Vaskika No. 1419 dated 26-6-2006, situated in Park Avenue Faridkot Khasra No. 2970/12-4, 2971/16-0, 2961/16-0, 2962/160, 2964/16-13, 2960/16-13, 2963/16-12, 2967/16-0, 2968/16-0, 2965/16-0, 2966/1/8-0, has been actually lost. which is DDR No. 1988516 dated 04/06/2019. If any body found them contact at my above address. **(3752)**

बेदखली

हम चरण दास पुत्र श्री राम कुमार व कैलाश देवी पत्नी श्री चरण दास निवासी वार्ड-4, नजदीक मस्जिद, कालांवाली, जिला सिरसा हल्फ से बयान करते हैं कि हमने अपने पुत्र विक्रमजीत व उसकी पत्नी पूजा रानी से सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हमने उन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अपने लेनदेन, व्यवहार, कानूनी-न्यायिक कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी या हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **(ST)**

बेदखली

हम लालमती सिन्हा पत्नी नागेश्वर सिंह और नागेश्वर सिंह पुत्र रामानंद सिंह निवासी मकान नं. 338/6 शहीद बाबु लाभ सिंह नगर जालंधर सूचित करते हैं कि हमारा लड़का रणजीत सिंह और उसकी पत्नी पूजा देवी हमारे कहने से बाहर है। हम उनको अपनी चल-अचल जायदाद से बेदखल करते हैं। हम और हमारा परिवार उनके किसी भी अच्छे-बुरे काम के जिम्मेवार नहीं होंगे। संबंधित नोट करें। (1447)

खोया-पाया

मैं, जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री बद्रीनाथ निवासी मकान नं. 1608, सैक्टर - 24, पानीपत ब्यान करता हुं कि मेरा वसीका Bearing No. 675 दिनांक 26-04-2000 जो कि 30.04.2019 को ऊझा रोड पानीपत मे गुम हो गई है। उपरोक्त रजिस्ट्री कहीं आड़ रहन या कोई बैंक लोन न है। अगर रजिस्ट्री मुझे कही मिलती है तो मैं उसका कोई दुरूप्रयोग न करूंगा।

ARBITRATOR NOTICE

Before the Arbitral Tribunal of Sh. Chamanjit Singh Matharu, Advocate (Sole Arbitrator)
Chamber No. 326, District Courts Jalandhar.

Notice for Appearance for disposal of claim Petition

M/S PKF Finance Ltd, **Vs.** Gurchain Singh & Others

To,

1. Gurchain Singh S/o Inderjit Singh R/o Kallo Mahal, Gaggo Mahal, Amritsar-143102
2. Inderjit Singh S/o Kartar Singh R/o Kallo Mahal, Gaggo Mahal, Amritsar-143102
3. Manpreet Kaur W/o Gurchain Singh R/o Mahal, Gaggo Mahal, Amritsar-143102
4. Lakhmir Singh S/o Bhagat Singh R/o Kandiala, Kadgill, TarnTaran-143401.

Borrower/Guarantors/ Respondent

In the dispute between the above said parties notice under registered cover were sent to the Borrower and Guarantors. Notice sent to the respondents were not received back for the first time. The Second notice were again sent to the respondents and same were not received back, which clearly shows that you all the respondents are intentionally avoiding appearance before me. However to afford another oppurtunity to the respondents they are ordered to be served through publication in the newspaper i.e. **"Uttam Hindu"** which is publised in from Jalandhar and copies of the publication be sent to all the respondents through registered AD/ Post. The case is now adjourned for **26.06.2019** for the service of the respondents through publication.

Chamanjit Singh Matharu, Arbitrator

(PKFL/BO/280)

Public Notice

I, Harjot Kaur W/o Davinder Singh R/o Village Lohara, Tehsil Phillaur, Distt. Jalandhar, Punjab India inform that my CBSE certificate of Tenth Class, +2 Certificate and Adhar Card has been lost. All concerned please note.
(1772)

खोया पाया

मैं महीमा पुत्री श्री भूपेन्द्र सिंह सिवाच निवासी गली न.6 मकान 452/6 आदर्श नगर गोहाना तहसील गोहाना जिला सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरी सीबीएसई की दसवीं की मार्कसीट अनुक्रमांक 2157859 वर्ष 2011 व बाहरवीं की मार्कसीट अनुक्रमांक 2658560 वर्ष 2013 तथा सी.टैट अनुक्रमांक 01524187 वर्ष 2015 गुम हो गई हैं। मैं अपने उपरोक्त दस्तावेज दूसरे निकलवाना चाहती हूं।

शपथकर्ता
महीमा

(Sunil Chhikara)

ब्यान हल्फिया

मैं मामों देवी पत्नि स्व:सतपाल निवासी गांव बीबीपुर जाटान तहसील इन्द्री जिला करनाल की रहने वाली हूं जोकि शपथ ग्रहण करके अपने हल्फ से निम्नलिखित ब्यान करती हूं कि मैं उक्त पते की स्थाई निवासी हूं। राजेश मेरा पुत्र है जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। अब मैं अपनी इच्छा से अपने उक्त पुत्र राजेश को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई भी संबध व लेन देन नहीं है। भविष्य में कोई भी अगर राजेश के साथ किसी प्रकार का लेन देन करता है या कोई रिश्ता रखता है तो उसका वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की इसमें कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **(Anaja Indri)**

पंजाब पीएमएस छात्रवृति मुद्दे को हल करने का किया आग्रह

लुधियाना/सचदेवा: पंजाब अनएडिड कॉलेजिस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमण्डल केन्द्रीय समाज कल्याण मंत्री थावर चन्द गहलोत से संघ सरकार में प्रभार लेने के लिए और उनका अभिवादन करने के लिए शास्त्री भवन, नई दिल्ली में मिला। डॉ. अंशु कटारिया, अध्यक्ष, पुक्का; अमित शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुक्का अन्य सदस्यों के साथ प्रतिनिधिमण्डल में शामिल हुए। प्रतिनिधिमण्डल ने मंत्रियों के साथ अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि केन्द्र सरकार इस पीएमएस योजना की समीक्षा करेगी और कोशिश करेगी यदि केन्द्र सरकार इस योजना का प्रमुख हिस्सा वहन करे और इसे 75:25 कर दे। दूसरी तरफ, प्रतिनिधिमण्डल ने केन्द्रीय वित्त और कारपोरेट मामलों के राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने वित्तिय संकट से जुझ रहे उत्तर भारत के पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि के शिक्षाविदों के लिए नई नीतियां बनाकर उनके लिए समर्थन की मांग की। यह उल्लेखनीय है कि पंजाब में अनुसूचित जाति के दाखिले 2017-18 में 3.05 लाख से घटकर 2018-19 में 2.50 लाख रह गए हैं, क्योंकि पीएमएस का लगभग 1000 करोड़ राज्य सरकार के पास लंबित है। एक ओर राज्य सरकार कह रही है कि उन्हे केन्द्र सरकार से धन प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि केन्द्र सरकार कह रही है कि राज्य सरकार ने ऑडिट रिपोर्ट और उपयोग प्रमाण पत्र के प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए जिसके कारण वह पहले धनराशि जारी नहीं कर सके।

Himachal Pradesh
I&PH Department
Online Notice Inviting Tender

1. Online bids on item rate basis are Re- invited on form No. 6 and 8 by the Executive Engineer, **I&PH Division, Dharamshala** on behalf of Governor of Himachal Pradesh through electronic tendering system in two covers for following work from the eligible contractors/ firms enlisted in appropriate class with H.P. IPH Department :-

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Time Limit	Cost of Form	Eligibility Criteria
1	Renovation and Augmentation of 3 Nos water supply scheme WSS Salig Jurther, WSS Khanyara Dari Sidhbari and Kaned Barwala in Tehsil Dharamshala Distt. Kangra (HP). (SH:- C/o Civil works, providing,laying, jointing & testing of Rising main, Gravity main, Distribution work & Miscellaneous work In **WSS Khaniara Dari Sidhbari.**)	22292705/-	255430/-	One Year	2500/-	**Please Refer Tender Documents for Eligibility Criteria on Website**
2	Renovation and Augumentation of 3 Nos water supply scheme WSS Salig Jurther, WSS Khanyara Dari Sidhbari and Kaned Barwala in Tehsil Dharamshala Distt. Kangra (HP). (SH:- C/o Civil works, providing,laying, jointing & testing of Rising main, Gravity main, Distribution work & Miscellaneous work **In WSS Kaned Barwala.**)	13964240/-	172145/-	One Year	2500/-	**Please Refer Tender Documents for Eligibility Criteria on Website**

2:- AVAILABILITY OF BID DOCUMENTS AND MODE OF SUBMISSION:- The bids documents and other instructions are available online free of cost in the online portal http://hptenders.gov.in and the bids should be submitted in online mode on said website. Entire tender process will be carried through above-mentioned website. The bids as submitted online are required duly encrypted and digitally signed, hence the bidders are required to obtain the e-token/Digital Signature Certificate from suitable vendor or any authorized agency well in time. The contractor/firm should register himself on website **http://hptenders.gov.in** and obtain user ID, password before bidding. Before submission of on line bid/bids, the bidder/bidders must ensure that scanned copies of all necessary documents have uploaded with the bid.

3. **KEY DATES:-**

1.	**Date of Online Publication:-**	**03.06.2019 at 5.00 P.M.**
2.	**Documents Download Start and End Date**	**03.06.2019, 5.00 PM to 25.06.2019, 11-00 AM**
3.	**Clarification Start and End Date:**	**03.06.2019, 5.00 PM to 25.06.2019, 11-00 AM**
4.	**Bid Submission Start and End Date:**	**03.06.2019, 5.00 PM to 25.06.2019, 11-00 AM**
5.	**Online Submission of E/Money and cost of tender Documents**	**03.06.2019, 5.00 PM to 25.06.2019, 11-00 AM**
6.	**Date of Technical Bid Opening**	**25.06.2019, at 11.30 A.M.**

4:- TENDER DETAILS:- The tender Documents shall be uploaded **online in two cover**:-
(i) **Cover, 1:-** Shall contain scanned copies of all **"Technical Documents/Eligibility information".**
(ii) **Cover, 2:-** Shall contain **"BOQ/Financial Bid",** where contractor will quote his offer for each item.

5:- SUBMISSION OF DOCUMENTS:- The bidders are required to submit all documents through online as specified Key dates . **All required documents accepted through online mode no physical submission of documents will be accepted.**

6:- DOCUMENTS REQUIRED WITH TECHNICAL BID (COVER-1):- The E-Tender documents shall be uploaded online. **Cost of tender through online mode. E/ Money deposited through online mode /.** Copy of PAN and G.S.T. registration certificate. Latest Income and G.S.T. clearance certificate, E.P.F. Certificate, Registration/ renewal certificate with HP IPH Department. An affidavit that any Government / Semi Government / Board / Corporation / Private Organization etc have not ever blacklisted to the contractor / firm. said documents are required to be submitted as specified key dates at sr. No. 3 through online mode.

7:- BIDS OPENING DETAIL:- The technical bids of the contractors/firms shall be **opened on 25.06.2019 at 11.30 A.M.** by the Executive Engineer or any authorized officer in IPH Division; Dharamshala in the presence of Departmental committee and after finalization of the technical bids, the financial bids shall be opened in their interest. The tenderers are advised to be present with original documents at the time of opening of technical bids as well as financial bids. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified above, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.

8:- The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than **120 days** after the deadline date for bid submission. The Earnest money of L-1, L-2, L-3 shall be retained for a period of 51 days. The contractor/firm or representative of the firm/ contractor shall himself inspect the site and make conversant with the site conditions.

9 :- The officer inviting tenders shall not be held liable for any delay due to system failure beyond its control. Even through the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the tender. Any conditional tender/ tenders will not be accepted. All others terms and conditions are available in the Draft for schedule of Quantity.

Executive Engineer,
I&PH Division,
Dharamshala.

(R.No.0340/2019-2020)

बॉलीवुड के पहले रियल ऐंटी हीरो थे सुनील दत्त

मुंबई / उत्तम हिन्दू न्यूज़

हिन्दी सिनेमा जगत में सुनील दत्त पहले ऐसे अभिनेता थे। जिन्होंने सही मायने में 'एंटी हीरो' की भूमिका निभायी और उसे स्थापित करने का काम किया। सुनील का जन्म 06 जून 1929 को पंजाब के झेलम जिला स्थित खुर्दी नामक गाँव में हुआ था।

जन्मदिन पर विशेष

यह गाँव अब पाकिस्तान में है। बलराज रघुनाथ दत्त उर्फ सुनील दत्त बचपन से ही वह अभिनेता बनने की ख्वाहिश रखते थे। उन्हें अपने करियर के शुरूआती दौर में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अपने जीवन यापन के लिये उन्हें बस डिपो में चेकिंग क्लर्क के रूप में काम किया जहां उन्हें 120 रुपये महीना मिला करता। इस बीच उन्होंने रेडियो सिलोन में भी काम किया जहां वह फिल्मी कलाकारो का साक्षात्कार लिया करते थे। प्रत्येक साक्षात्कार के लिए उन्हें 25 रुपए मिलते थे। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म रेलवे प्लेटफार्म से की। वर्ष 1955 से 1957 तक वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिये संघर्ष करते रहे। 'रेलवे प्लेटफार्म' फिल्म के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली उसे वह स्वीकार करते चले गये। उस दौरान उन्होंने कुंदन, राजधानी, किस्मत का खेल और पायल जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों मे अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुयी।



चीन में भारतीय फिल्मों को लेकर उत्सुक हैं प्रशंसक : यामी

मुंबई / उत्तम हिन्दू न्यूज़

अपनी फिल्म 'काबिल' के प्रीमियर के कुछ दिन बाद अपनी चीन की यात्रा से वापस लौटीं अभिनेत्री यामी गौतम ने कहा कि वह वहां के लोगों में भारतीय सिनेमा के प्रति रुचि के स्तर को देखकर हैरान और अभिभूत हुईं। पिछले कुछ वर्षो में चीन भारतीय फिल्मों के लिए एक बहुत बड़ा विदेशी बाजार बनकर उभरा है। फिल्म की प्रमोशन के लिए यामी और अभिनेता ऋतिक रोशन बीजिंग गए थे। यामी ने कहा, 'मैंने हमारी फिल्मों के लिए चीन के लोगों के सच्चे प्रेम के बारे में केवल पढ़ा और सुना था। वहां रहना व उसे अनुभव करना खुशी और उत्साह बढ़ाने वाला एहसास रहा।' उन्होंने कहा, 'प्रशंसकों को फिल्मों में बेहद दिलचस्पी है। वे हमारे बारे में सब कुछ जानते हैं..अभिनेता, हमारा काम, हमारी फिल्में, हमारे गीत..सब कुछ..और यह कुछ ऐसा था जिसकी मुझे उम्मीद नहीं थी।' उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का प्यार और उनके द्वारा गर्मजोशी से किया गया स्वागत।

दीपिका ने पूरी की 'छपाक' की शूटिंग

मुंबई / उत्तम हिन्दू न्यूज़

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी आगामी फिल्म 'छपाक' की शूटिंग पूरी कर ली है। यह फिल्म एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की जिंदगी पर आधारित है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर लिखा 'मेरे करियर की सबसे बेहतरीन फिल्म की शूटिंग पूरी हुई। 'छपाक'। इस पोस्ट के साथ दीपिका ने एक तस्वीर को भी साझा किया है, जिसमें फिल्म के कास्ट और क्रू मेंबर्स उस यादगार लम्हे को हमेशा के लिए कैद करने के लिए पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। दीपिका के पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने इस फिल्म के प्रति अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए लिखा है 'इस मैजिक के गवाह बनने का अब और इंतजार नहीं कर सकता।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 जनवरी, 2020 को रिलीज होगी। इस फिल्म में दीपिका के साथ विक्रांत मेसी भी हैं। अपने किरदार के बारे में दीपिका ने पहले कहा था 'यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कहानी है और यह सच्ची घटना पर आधारित है, इसलिए उम्मीद करती हूं कि इससे अच्छी चीजें निकल कर आए।' 'छपाक' की शूटिंग मुख्यतः दिल्ली और मुंबई में हुई है।

शादी पर भरोसा नहीं करते हैं सलमान

मुंबई / उत्तम हिन्दू न्यूज़

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को शादी पर भरोसा नहीं है। बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबेल बैचलर सलमान खान से कई बार शादी पर सवाल किये गये लेकिन कभी सलमान ने शादी में दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब सलमान का शादी करने पर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें शादी पर भरोसा नहीं है। उनके लिए शादी एक खत्म हो रही परंपरा है। सलमान खान ने कहा, 'मुझे शादी जैसी संस्था में विश्वास नहीं है। बीते समय के साथ समाज से शादी का कॉन्सेप्ट कम होते जा रहा है।' उनको शादी के बजाय उन्हें फ्रेंडशिप पर भरोसा है। जब सलमान खान से बच्चों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जब ये सब होना होगा ये होगा। चर्चा थी कि सलमान खान सरोगेसी के जरिए पिता बनने की सोच रहे हैं।

कोलेस्ट्राल के लिए चिकन अच्छा नहीं

न्यूयॉर्क / उत्तम हिन्दू न्यूज़

ऐसा माना जाता है कि सफेद मांस की जगह रेड मीट का सेवन कोलेस्ट्राल के लिए ज्यादा खराब है, लेकिन ऐसा नहीं है कि ये दोनों कोलेस्ट्राल के लिए समान रूप से खराब हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी दी है। शोध में कहा गया है कि कोलेस्ट्राल स्तर कम करने के लिए रेड मीट और सफेद मीट का सेवन नहीं करना चाहिए। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि रेड मीट और सफेद मीट का ज्यादा मात्रा में सेवन करने से कोलेस्ट्राल का स्तर बढ़ जाता है। इसके बजाय वनस्पति से मिलने वाले प्रोटीन का सेवन ज्यादा मुफीद है। इस शोध के प्रमुख यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्रोफेसर रोनाल्ड क्रॉस ने कहा, 'जब हमने इस शोध की योजना बनाई तो हमें उम्मीद थी कि सफेद मीट की जगह रेट मीट का ब्लड कोलेस्ट्राल स्तर पर विपरीत प्रभाव मिलेगा। लेकिन हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि ब्लड कोलेस्ट्राल स्तर बढ़ाने में दोनों मीट का प्रभाव समान रहा।' शोध में यह भी पाया गया कि वनस्पति से मिलने वाला प्रोटीन ब्लड कोलेस्ट्राल के लिए ज्यादा स्वास्थ्यकर है। पछले कुछ दशकों में दिल की बीमारियों के बढ़ने के बाद रेट मीट के सेवन में कमी आई है। इसकी जगह सफेद का सेवन बढ़ गया। रोनाल्ड क्रॉस ने कहा कि मांस के विपरीत सब्जी, डेयरी उत्पाद और बीन्स कोलेस्ट्राल के लिए बेहतर पाए गए।

गर्मी के मौसम में वजन कम करने में मददगार है बर्फ

नई दिल्ली / उत्तम हिन्दू न्यूज़

गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति बर्फ का भरपूर प्रयोग करता है। इसकी मदद से कई तरह के व्यंजनों व पेय पदार्थों को ठंडा किया जाता है। वैसे तो आप भी बर्फ का उपयोग करते होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बर्फ वजन कम करने में भी सहायक है। आपने वजन कम करने के लिए कई तरह की एक्सरसाइज और डाइट के बारे में तो सुना होगा, लेकिन आज हम आपको बर्फ की मदद से वजन कम करने का तरीका बता रहे हैं :

यह है आइस थेरेपी

कई अध्ययन बताते हैं कि शरीर के कुछ हिस्सों में बर्फ लगाने से फैट बर्न करने में सहायता मिलती है। इतना ही नहीं, शरीर के जिन हिस्सों में ढीलापन है, वह उन्हें स्लिम व फर्म बनाने में मदद करती है। आइस थेरेपी टिश्यू को टाइटेन करने व बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने में मदद करती है, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है। अगर आप आइस थेरेपी के साथ-साथ खानपान और व्यायाम का ध्यान रखती हैं तो इससे आपको बेहद लाभ प्राप्त होता है। मैक्सिको में तो सालों से आइसथेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है।

ऐसे करें उपयोग

आइसथेरेपी का उपयोग करने के लिए आप आइसबैग्स, जेल पैक्स व अन्य तरीकों से फैट बर्न कर सकते हैं। अगर आप घर पर इस थेरेपी का लाभ उठाना चाहते हैं तो आप एक जिप लॉक बैग में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें और उसे प्रभावित स्थान पर लगाएं। अगर आपके पास जिप लॉक बैग नहीं है तो आप बर्फ के टुकड़ों को कपड़े में लपेटकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप इस थेरेपी को और भी अधिक प्रभावशाली बनाना चाहते हैं तो आप पहले अपनी स्किन को मिट्टी की मदद से साफ करें। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। अब आप बर्फ का प्रयोग कर सकते हैं।

सका रखें ध्यान

वैसे तो आप घर पर ही पानी की मदद से बर्फ जमाकर उसका इस्तेमाल सकते हैं, लेकिन मार्केट में पानी के अतिरिक्त भी कई तरह के ऑयल व हर्ब से मिली बर्फ मिलती है, जिनका इस्तेमाल करने से वेटलॉस काफी तेजी से होता है। आप चाहें तो इसका भी प्रयोग भी करें। घर पर इस थेरेपी का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप कभी भी बर्फ को सीधे स्किन पर नहीं लगाएंगे। इसे हमेशा किसी कपड़े या जिप लॉक बैग में रखकर ही इस्तेमाल करें।

वर्ल्ड कप 2019 का महायुद्ध
uttamhindu.com

विश्व कप : भारतीय गेंदबाजों ने द. अफ्रीका को 227 रनों पर रोका

साउथैम्पटन/उत्तम हिन्दू न्यूज़

भारतीय गेंदबाजी आक्रमण से जिस तरह की उम्मीद की जा रही थी उसने आईसीसी विश्व कप-2019 के अपने पहले मैच में बुधवार को बिल्कुल उसी तरह का प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 227 रनों पर रोक दिया। द रोज बाउल मैदान पर खेले जा रहे इस मैच में युजवेंद्र चहल की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन में अंत में क्रिस मौरिस (42) और कागिसो रबाडा (नाबाद 31) के बीच आठवें विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका किसी तरह भारत के सामने 228 का स्कोर रख पाने में सफल रही। इस मैच में चहल और उनके जोड़ीदार चाइनामैन कुलदीप यादव ने वही किया जो वह करते आ रहे थे। मध्य के ओवरों में इन दोनों ने दक्षिण अफ्रीका को रन के लिए तरसाया और दबाव बना विकेट निकाले। चहल ने चार विकेट अपने नाम किए, कुलदीप को हालांकि एक ही विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज इस मैच में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदल नहीं पाए। तेज गेंदबाजों ने भी भारत को अच्छी शुरुआत दी। भुवनेश्वर ने शुरुआत में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रन नहीं करने दिए तो वहीं बुमराह ने रन रोकने साथ शुरुआत में ही भारत को दो सफलताएं दिला दीं। बुमराह ने अपना पहला शिकार चौथे ओवर में 11 के कुल स्कोर पर हाशिम अमला (6) को बनाया। दूसरे सलामी बल्लेबाज और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी की मुख्य कड़ी क्विंटन डी कॉक (10) को भी बुमराह ने आउट किया। वह 24 के कुल स्कोर पर पवेलियन लौटे। बुमराह के बाद दक्षिण अफ्रीका के विकेट लेने का जिम्मा चहल ने संभाला। पहले मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले रासी वान डर डुसेन 22 रनों के निजी स्कोर पर चहल की गेंद पर बोल्ड हो गए।

उनका विकेट 78 के कुल स्कोर पर गिरा। कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी चहल को पढ़ने में गलती कर बैठे और 80 के कुल स्कोर पर बोल्ड हो गए। डु प्लेसिस ने 38 रन बनाए। विकेटों के गिरते सिलसिले को रोकने की जिम्मेदारी एक बार फिर अनुभवी ज्यां पॉल ड्यूमिनी (3) और डेविड मिलर पर आ गई थी लेकिन यह दोनों हमेशा की तरह विफल रहे। पहले ड्यूमिनी पवेलियन लौटे। वह कुलदीप की गेंद पर 89 के कुल स्कोर पर पगबाधा करार दे दिए गए। डेविड मिलर अच्छा खेल रहे थे। उन्होंने 31 रन बना लिए थे, लेकिन चहल ने उन्हें अपनी ही गेंद पर लपक पवेलियन भेज दिया। आंदिले फेहुलक्वायो (34) को धोनी की फुर्ती ने पवेलियन भेजा। यह विकेट भी चहल के हिस्से गया। दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट 158 के कुल स्कोर पर ही गंवा दिए थे। यहां से मौरिस और रबादा ने स्कोर बोर्ड चलाए भी रखा और विकेट भी बचाए रखे। मौरिस आखिरी ओवर में भुवनेश्वर की गेंद पर विराट कोहली के हाथों लपके गए। उन्होंने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना कर एक चौका और दो छक्के लगाए। भुवनेश्वर ने पार की आखिरी गेंद पर इमरान ताहिर (0) का विकेट लिया। चहल के चार विकेट के अलावा बुमराह और भुवनेश्वर ने दो-दो विकेट लिए। चहल ने इस विश्व कप में अब तक का सबसे अच्छा बॉलिंग फिगर दिया है।

लिस्ट ए में मोईन के रिकॉर्ड पर बराबरी पर पहुंचे धोनी

साउथम्पटन / उत्तम हिन्दू न्यूज़

भारतीय विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी ने लिस्ट ए क्रिकेट में विकेट के पीछे सर्वाधिक स्टंपिंग करने में पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर मोईन खान की बराबरी कर ली है।

वर्ष 1989 से 2005 तक पाकिस्तान की तरफ से खेलने वाले मोईन ने 357 लिस्ट ए मैचों में विकेट के पीछे 139 स्टंपिंग की थी। धोनी ने विश्वकप में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में आंदिले फेहलुकवायो को लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंद पर स्टंप कर मोईन की बराबरी कर ली। धोनी का यह भारत के लिए 415वां मैच है।

37 वर्षीय धोनी ने लिस्ट ए मैचों में अब तक विकेट के पीछे 395 कैच लपकने के अलावा 139 स्टंपिंग की है और विकेट के पीछे अबतक कुल 534 शिकार कर चुके हैं।

लिस्ट ए क्रिकेट में विकेट के पीछे सर्वाधिक शिकार करने के मामले में धोनी पांचवें नंबर पर हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में यह धोनी का 435वां शिकार था और वनडे में विकेट के पीछे सर्वाधिक शिकार करने के मामले में वह तीसरे नंबर पर हैं। धोनी वनडे में 121 स्टंपिंग का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम रखे हैं।

हमें अपनी बल्लेबाजी बेहतर करनी होगी : करुणारत्ने

कार्डिफ (वेल्स)/उत्तम हिन्दू न्यूज़: श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने माना कि इंग्लैंड एंड वेल्स में जारी विश्व कप में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उन्हें अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करना होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ भी मंगलवार को श्रीलंका की पूरी टीम 201 रनों पर ही सिमट गई। हालांकि, गेंदबाजों के दम पर श्रीलंका की टीम 34 रनों से मैच जीतने में कामयाब रही। डकवर्थ-लुइस नियम के आधार पर श्रीलंका को 187 रनों का लक्ष्य मिला था। मैच में एक समय श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 144 रन था और 180 के कुल योग तक पहुंचते-पहुंचते उसके आठ विकेट गिर गए।

मैच के बाद करुणारत्ने ने कहा, 'लंबे समय बाद हमें बेहतरीन शुरुआत मिली, लेकिन अचानक हमने कुछ विकेट खो दिए और बैक फुट पर चले गए। यह बुरी चीज है, लेकिन इसके अलावा गेंदबाजी और फील्डिंग बहुत अच्छी रही।' करुणारत्ने ने कहा, 'हमने बीच के ओवरों में अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने पर काम करना पड़ेगा।

विश्व कप : विंडीज के आक्रामक तेवर लेंगे आस्ट्रेलिया की परीक्षा

नॉटिंघम / उत्तम हिन्दू न्यूज़

अपने आक्रामक अंदाज और बिग हिटर्स के लिए मशहूर वेस्टइंडीज आईसीसी विश्व कप-2019 में गुरुवार को मौजूदा विजेता आस्ट्रेलिया का सामना करेगी। दोनों टीमें ट्रेंट ब्रिज मैदान पर अपना इस टूर्नामेंट का अपना दूसरा मैच खेलेंगी। दोनों टीमों ने अपने पहले मैचों में एकतरफा जीत हासिल की थी। मौजूदा विजेता ने छुपी रुस्तम समझी जा रही अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया था। वहीं विंडीज ने पाकिस्तान को अपने बेहतरीन गेंदबाजी के सामने नतमस्तक कर विजयी शुरुआत की थी। वेस्टइंडीज इस टूर्नामेंट में ऐसी टीम की पहचान लेकर उतरी है जिसके पास वो खिलाड़ी हैं जिनके लिए हर मैदान छोटा है। क्रिस गेल, आंद्रे रसेल, कार्लोस ब्रैथवेट ऐसे खिलाड़ी हैं जो बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ टीम ने जिस तरह की गेंदबाजी की उससे पता चला है कि इस टीम के पास गेंदबाजी में भी गहराई है। युवा ओशाने थॉमस ने दमदार गेंदबाजी की थी। शेल्डन कॉटरेल, कप्तान जेसन होल्डर और रसेल ने भी अपना योगदान दिया था। विंडीज ने गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन तब किया था जब उसके दो मुख्य तेज गेंदबाज केमर रोच और शेनन गैब्रिएल बाहर थे। आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी पाकिस्तान के मुकाबले मजबूत है। उसकी एरॉन फिंच और डेविड वार्नर की सलामी जोड़ी शानदार फॉर्म में हैं। इन दोनों के अलावा उस्मान ख्वाजा और स्टीवन स्मिथ का बल्ला भी जमकर बोल रहा है। अंत में ग्लैन मैक्सवेल, एलेक्स कैरी और मार्कस स्टोइनिस भी तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं।

ऐसे में विंडीज को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होगी क्योंकि आस्ट्रेलिया की तरफ से वार्नर, फिंच या स्मिथ में से कोई एक भी चल गया थो बड़ा स्कोर लगभग तय है। सभी जानते हैं कि विंडीज के लिए बल्लेबाजी में कुछ भी पक्का नहीं है। यह टीम 400 पार भी जा सकती है और 200 के अंदर भी सिमट सकती है। हालांकि टीम में इतनी फायरपावर है कि सस्ते में सिमटना मुश्किल लगता है। यहां मिशेल स्टार्क की अगुआई वाले आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी आक्रमण को परेशानी हो सकती है। स्टार्क विश्व स्तर के गेंदबाज हैं। उनके अलावा पैट कमिंस, नाथन कल्टर नाइल और स्टेइनिस हैं। स्पिन में टीम के पास एडम जाम्पा का विकल्प है।

बल्लेबाजों ने मौका गंवाया : नायब

कार्डिफ / उत्तम हिन्दू न्यूज़

अफगानिस्तान के कप्तान गुलबदीन नायब ने विश्वकप में श्रीलंका के हाथों मिली 34 रन की हार के बाद कहा कि टीम को इस मुकाबले में जीत का मौका हाथ से निकल जाने का गहरा अफसोस है। अफगानिस्तान ने श्रीलंका के विरुद्ध अच्छी गेंदबाजी करते हुए उसे वर्षा प्रभावित मैच में 201 रन के स्कोर पर रोक दिया था और उसे डकवर्थ लुइस नियम के तहत 41 ओवर में 187 रन का संसोधित लक्ष्य मिला था। अफगानिस्तान की टीम 32.4 ओवर में 152 रन पर सिमट गई और उसे टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान नायब इस मुकाबले में अपने बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों के प्रदर्शन से भी निराश नजर आए। उन्होंने कहा, 'हमने शुरुआत में सही जगह गेंदबाजी नहीं की और उन्होंने पहले 10 ओवर में काफी रन बना लिए थे। हमें उन्हें शुरुआत में ज्यादा रन बनाने से रोकना चाहिए था।' नायब ने कहा, 'हालांकि यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था, इसलिए मैंने गेंदबाजों से आक्रामक तरीके से गेंद करने के लिए कहा और टीम ने मध्य ओवरों में वापसी की।